मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 25.2 | 11.3 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 11.2 |
| डालटनगंज | 27.2 | 8.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *




www.lagatar.in | रविवार, 17 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 05, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 239 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र



## सुर्खियां

**» इंटरनेशनल**
- कुवैत के शासक अमीर शेख नवाफ अल अहमद अल सबा का निधन
- विमानवाहक पोत को भूमध्य सागर में तैनात रहने के आदेश
- यूक्रेन और रूस ने एक दूसरे पर ड्रोन हमले के आरोप लगाए
- हूती समूह ने लाइबेरिया के जहाजों पर दागी मिसाइलें

**» नेशनल**
- छग में अपनों से जूझ रही कांग्रेस शुरू हुआ इस्तीफा का दौर
- आज भी बेटियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं : निर्भया के पिता
- समुद्री लुटेरों ने माल्टा का जहाज अगवा किया, भारतीय नौसेना ने रेस्क्यू के लिए युद्धपोत भेजा
- देश की अदालतों में अभी 5 करोड़ केस लंबित

**» स्टेट**
- रांची गैंगरेप मामला : 4 नाबालिग समेत छह आरोपी गिरफ्तार
- दो दिन बरौनी तक जाएगी सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस
- वन विभाग के दैनिक अस्थायी कर्मी होंगे नियमित
- चाईबासा व दुमका पुलिस लाइन में बनेंगे 450 बेड के बैरक

**» स्पोर्ट्स**
- रीयल कश्मीर एफसी ने शिलांग लाजोंग एफसी को 3-1 से हराया
- शमी द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर
- जू. पुरुष हॉकी विश्व कप : भारत कांस्य पदक के प्लेऑफ में हारा
- शुभा सतीश इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से बाहर


## किसने क्या कहा

- राहुल गांधी के बयान पर लोग हंसते हैं
  –केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी
- कभी-कभी जज भी गलतियां करते हैं
  –जस्टिस भरत पी देशपांडे
- संगठन को मजबूत बनाने के लिए सकारात्मक एजेंडे के साथ आगे बढ़ेंगे –मल्लिकार्जुन खरगे

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,900 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

## ब्रीफ खबरें

### अडाणी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस खरीदी

**नयी दिल्ली।** मीडिया इंडस्ट्री में गौतम अडाणी ग्रुप की भागीदारी बढ़ती जा रही है. एनडीटीवी के बाद अब इस ग्रुप ने मशहूर समाचार एजेंसी आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में बहुमत हिस्सेदारी हासिल कर ली है. न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक समूह ने मीडिया क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है. एनडीटीवी के अधिग्रहण के बाद अडाणी ग्रुप की कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड (एएमएनएल) का दूसरा बड़ा सौदा माना जा रहा है. एनडीटीवी की तरह की आईएएनएस का मुख्यालय भी दिल्ली में ही है. अब यह कंपनी भी एएमएनएल की सहायक कंपनी की तरह काम करेगी.

### राहुल के खिलाफ समन जारी कोर्ट में पेश होने का आदेश

**सुल्तानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में शनिवार को राहुल गांधी के खिलाफ एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई.



पिछली पेशी पर कोर्ट ने गांधी के खिलाफ समन जारी किया था, लेकिन ये तामील नहीं हो सका. इस पर कोर्ट ने पुनः समन जारी करते हुए राहुल गांधी को 6 जनवरी को पेश होने का आदेश दिया है. बता दें कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ 4 अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया था.

### व्यापार मंडल की बैठक 16 जनवरी तक टली

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में व्यापार मंडल की बैठक 16 जनवरी तक टल गई है. पहले यह बैठक 17 दिसंबर को होनी थी. गोयल की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि और निजी क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे. बैठक में निर्यात संवर्द्धन परिषदों के प्रतिनिधि निर्यात क्षेत्र पर अपने विचार साझा करेंगे. यह बैठक उद्योग जगत के साथ नियमित चर्चा और परामर्श करने का अवसर देती है. इसमें सरकार को विदेश व्यापार नीति पर सलाह भी दी जाती है.

### आज की कार्य संस्कृति में झपकी लेना जरूरी

**मुंबई।** बड़ी संख्या में कर्मचारियों का मानना है कि कार्यालय में काम करने के दौरान झपकी लेने से थकान मिटाने में मदद मिलती है और इससे कर्मचारियों की कार्य-क्षमता तथा सेहत भी ठीक रहती है. कर्मचारी समाधान और मानव संसाधन सेवाएं मुहैया कराने वाली कंपनी जीनियस कंसल्टेंट की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई. जापान में इनेमुरी की प्रथा लंबे समय से है, जिसमें कार्य अवधि के दौरान झपकी लेना शामिल है. ऐसा करना स्वस्थ कार्य संस्कृति के लिए जरूरी है. सर्वेक्षण में शामिल 94% कर्मियों का मानना है कि झपकी लेना जरूरी है, जबकि केवल 3% इस बात से असहमत थे.

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट इंटरनेशनल उड़ानों के लिए कब से तैयार

# बाधा बने ऊंचे मकान



रांची एयरपोर्ट से पैसेंजर्स और कार्गो बुकिंग में लगातार हो रही है बढोत्तरी, इंटरनेशनल उड़ान के लिए नहीं मिली अनुमति

▪ हर्ल्डस बन रहे हैं ऊंचे मकान

**अमित सिंह। रांची**

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट इंटरनेशनल उड़ानों के लिए तैयार है. दुबई और थाईलैंड के लिए इंटरनेशनल उड़ान शुरू करने की मांग भी उठ चुकी है. अभी पांच विमानन कंपनियां सेवाएं दे रही हैं. इसके अलावा हज के लिए यहां से जेद्दा के लिए विमन सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है. रांची एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम लगाया जा चुका है. जिसकी मदद से कुहासे के बावजूद रात में भी विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ में परेशानी नहीं होगी.

एयरपोर्ट पर सभी सुविधाओं से लैश नया टर्मिनल बिल्डिंग और एटीसी टावर संचालित हो रहा है. एयर ट्रैफिक कंट्रोल अंतरराष्ट्रीय स्तर का है. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के डेवल्पमेंट और संचालन से संतुष्ट है. अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट को ले विचार भी चल रहा है. मगर एयरपोर्ट के आस-पास की 72 ऊंचे भवन एयरपोर्ट प्लानिंग में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं.

**पैसेंजर्स के साथ कार्गो में भी बढोत्तरी :** रांची एयरपोर्ट से सप्ताह में 370 घरेलू उड़ाने संचालित हैं. हर महीने करीब 2 लाख 20 हजार यात्री उड़ान भर रहे. रांची से वर्ष 2020-21 में 260 टन और 2021-22 में 470 टन फल और सब्जियां कार्गो से भेजी गई हैं. कार्गो के लिए राज्य सरकार से अतिरिक्त 202.78 एकड़ जमीन देने का आग्रह किया गया है. नागर विमानन मंत्रालय की संचालित कृषि उड़ान योजना 2.0 के तहत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को शामिल किया है.

### मंत्रालय के निर्देश पर एयरपोर्ट पर हो रहे कई कार्य

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के आसपास 55 ऊंची इमारतों को रेड जोन में रखा गया है. ऊंचे भवन अंतराष्ट्रीय उड़ान में हर्डल्स (बाधा) का काम कर रहे हैं. इन भवनों का निर्माण नक्शा स्वीकृत कराए बिना निर्धारित ऊंचाई से अधिक ऊंचा बनाया गया है. चिन्हित जिन भवनों के पास नक्शा नहीं है, ऐसे भवनों पर अवैध निर्माण का केस दर्ज करते हुए तोड़ने का आदेश दिया जा चुका है. अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट को लेकर प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के आसपास सर्वे कराया था. जिसमें पाया था कि 35 ऊंचे भवनों की वजह से उड़ान भरने और विमान के उतरने के दौरान दुर्घटना का खतरा हो सकत है. प्राधिकरण ने राज्य सरकार से कार्रवाई का आग्रह किया है. प्राधिकरण द्वारा चिन्हित ऊंचे भवनों को तोड़ा नहीं गया, तो बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा मिलने के बाद भी उड़ान शुरू करने में परेशानी होगी. प्राधिकरण ने रांची एयरपोर्ट से अंतराष्ट्रीय उड़ान को लेकर प्रपोजल भेजा था. उस प्रपोजल पर मंत्रालय ने विचार करने के बाद रांची एयरपोर्ट में कई बदलाव करने का निर्देश दिया है. जिसके बाद से पार्किंग, टर्मिनल बिल्डिंग, बोर्डिंग एरिया, इंटरनेशनल टर्मिनल बिल्डिंग आदि में बदलाव किए जा रहे हैं.

#### एयरपोर्ट को मिल चुका है आईएसओ प्रमाण पत्र

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को आईएसओ ईएमएस (एनवायर्नमेंट क्लीयरेंस सिस्टम) का प्रमाण पत्र मिल चुक है. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने पर्यावरण प्रबंधन के लिए प्रमाण पत्र दिया था. इस प्रमाण पत्र के बाद ही रांची एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए प्रयास शुरू हुआ. रांची एयरपोर्ट को सुरक्षित और स्मूथ एयर ट्रैफिक सुविधा वाला बताया गया.

### इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाली सारी सुविधाएं

- एयरपोर्ट पर वायु प्रदूषण से मुक्त करने के लिए विशेष उपकरण लगे हैं. इससे ओजोन लेयर को क्षति पहुंचाने वाली गैसों का उत्सर्जन रुकता है.
- **एयरपोर्ट में फ्यूल लीकेज नियंत्रण नहीं के बराबर है. मेंटेनेंस में होने वाले लीकेज भी बंद किए जा रहे हैं.**
- पर्यावरण अर आईएसओ मापदंड के तहत एलईडी और सोलर लाइट लगाए जा चुके हैं.
- **पैसेंजर्स मूवमेंट एरिया सहित नए टर्मिनल में फाइव स्टार रेटिंग वाले पंखे और एयरकंडीशनर का उपयोग हो रहा है.**
- एयरपोर्ट पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम काम कर रह है. गंदे पानी को रीसाइकिल करने के लिए ट्रीटमेंट प्लांट लग चुका है.
- **चार एयरोब्रिज की सुविधा है. एप्रोन पर भी पैसेंजर्स हैडलिंग सिस्टम डेवलप है.**
- धूप और बारिश के बीच में ही विमान से उतरना पड़ता है, इसे देखते हुए कैनोपी को भी बढ़ाया जा रहा है.
- **30 मीटर ऊंचा एटीसी भवन, खुली आंखों से रनवे पर रखी जाती है नजर**

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

**टेस्ट क्रिकेट**

### भारतीय टीम ने इंग्लैंड को रिकॉर्ड 347 रनों से हराया

**भाषा। मुंबई**



अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने लगातार दूसरे दिन गेंदबाजी में कमाल दिखाया जिससे भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को तीसरे दिन ही रिकॉर्ड 347 रन से करारी शिकस्त देकर इतिहास रचा. भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर 6 विकेट पर 186 रन पर समाप्त घोषित करके इंग्लैंड के सामने 479 रन का असंभव लक्ष्य रखा. ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (32 रन देकर 4 विकेट) और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (23 रन देकर तीन विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके इंग्लैंड को 131 रन पर ढेर कर दिया.

–विस्तृत पेज 14 पर

## जनगणना के ही बाद लागू होगा महिला आरक्षण

**मेंगलुरु (कर्नाटक)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र 2024 की जनगणना के बाद महिला आरक्षण कानून लागू करने के लिए सरकार कदम उठाएगी. दक्षिण कन्नड़ के मूडबिदरी में रानी अब्बक्का के नाम पर स्मारक डाक टिकट जारी करने के बाद सीतारमण ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक हकीकत बन गया है क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर यकीन जताया है. पुर्तगाली शासन के खिलाफ लड़ने वाली उल्लाल की 16वीं सदी की रानी अब्बक्का के साहस और वीरता की सराहना करते हुए सीतारमण ने कहा कि केंद्र ने शाही ताकतों के खिलाफ लड़ने वाले सेनानियों के योगदान को पहचान देने के लिए कदम उठाए हैं. आजादी का अमृत महोत्सव' के तौर पर सरकार ने 14,500 कहानियों का एक डिजिटल जिला कोष बनाया है जिसमें स्वतंत्रता संघर्ष से जुड़े स्थानों का जिक्र है.

▪ वित्त मंत्री सीतारमण ने एक कार्यक्रम में की घोषणा

## संसद की सुरक्षा में चूक के पीछे बेरोजगारी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि संसद सुरक्षा में चूक हुई है और इसके पीछे बेरोजगारी और महंगाई हैं. सुरक्षा चूक के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने यहां पत्रकारों से यह बात कही. उन्होंने कहा, सुरक्षा में चूक हुई है, लेकिन यह क्यों हुई? सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का है, जिसे लेकर पूरे देश में उबाल है. उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी की नीतियों के कारण हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा. उधर, दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा चूक मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि महेश कुमावत गुरुवार रात मामले में एक अन्य आरोपी ललित झा के साथ थाने आया था और दोनों को विशेष शाखा के हवाले कर दिया गया था. पुलिस ने बताया कि शनिवार को कुमावत को अदालत में पेश किया गया. अदालत ने उसे सात दिन के लिए पुलिस रिमांड पर दे दिया.

▪ एक और गिरफ्तार, कोर्ट ने सात दिन की रिमांड पर भेजा

### सब पर सरकार की नजर, हमारी सरकार दिल्ली-रांची से नहीं

## देहातों से चलती है : हेमंत सोरेन

**संवाददाता। चाईबासा**

जिले के मंझारी प्रखंड के मंझारी हाईस्कूल मैदान में शनिवार को आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए. उन्होंने सबिन को जोहार संबोधन शुरू किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि दूर-दराज में गरीबों पर सरकार की नजरें हैं. हर गरीब को लाभान्वित करेंगे. राज्य के सभी पंचायत में शिविर चल रही है. तीसरा चरण चल रहा है. ये सरकार दिल्ली, रांची से नहीं, गांव-देहातों से चलती है. कोरोना काल में बाहर से मजदूरों को लाने का काम किया. राज्य अलग होने के 20 साल पूर्ववर्ती सरकारों ने गांवों का विकास नहीं किया. राज्य में 80 फीसदी लोग गांव में बसते हैं. सभी के लिए अलग-अलग योजनाएं शुरू की गईं हैं.

–शेष पेज 13 पर

### भाजपा की सरकारों ने राज्य को बीमार बना दिया



हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा नेतृत्व में चली सरकार ने बजट को लूट कर खजाना खत्म कर दिया. विपक्ष के लोगों ने राज्य को बीमार राज्य बना दिया. खनिज संपदा को लूट कर ले गये. हम पदाधिकारी व कर्मचारियों को आपकी सेवा के लिए वेतन देते हैं. कार्यालय जाएं, पांच मिनट में पेंशन शुरू हो जाएगी. सभी विधवा को पेंशन मिलेगी. सभी को सावित्री बाई फूले का लाभ मिलेगा. गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड शुरू किया. जब तक हेमंत है, तो पदाधिकारी आपके द्वार पर नजर आएंगे. 15 हजार किमी ग्रामीण सड़क बनाने का निर्णय लिया है.

#### ग्रामीण बस में महिला, बुजुर्ग व छात्रों को नहीं देना है पैसा

सीएम ने कहा कि ग्रामीण बस में महिला, बुजुर्ग और छात्रों को भाड़ा नहीं लगेगा. तांतनगर में भी एक सीएम उत्कृष्ट विद्यालय है. 36 लाख लोगों को पेंशन दिया. भाजपा सरकार ने राज्य में 11 लाख गरीबों का राशन कार्ड डिलीट किया था. हम एक किलो दाल भी फ्री में देंगे. किसान भाइयों के लिए हरित क्रांति योजना का संचालन किया.

### अवैध खनन स्थल की भराई के साथ ही अंदर से बचाव बचाव की आवाज से मची खलबली

## मुराईडीह में जिंदा समाधि लेने से बचे दर्जनों मजदूर

**संवाददाता। कतरास/बरोरा**

बीसीसीएल एरिया एक के मुराईडीह फ़ॉर ए पेच के बंद ओल्ड खदान की भराई कार्य के ठीक बाद अचानक शनिवार को बंद मुहाने के अंदर से बचाव बचाव की आवाज से वहां अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया. अनहोनी की आशंका बीसीसीएल अधिकारीयों व वहां मौजूद लोगों सताने लगी.आनंद फानन में बंद मुहाने से मिट्टी व मलबे को हटाया गया. जिसके बाद मुहाने के अंदर से करीब एक दर्जन मजदूर



बाहर निकले. बंद मुहाने से मजदूरों को निकलता देख वहां मौजूद लोग अवाक रह गए. बताया जाता है कि मुराईडीह फ़ॉर ए पेच में शनिवार को बीसीसीएल अधिकारी सीआइएसएफ जवानों की तैनाती में अवैध खनन स्थल की भराई कार्य करने पहुंचे थे.

–शेष पेज 13 पर

#### बाइक व साइकिल लेकर खदान में गए थे मजदूर

समय रहते मुहाने को नहीं खोला जाता, तो खदान में गैस भर जाती और दर्जनों मजदूर खदान में ही जिंदा दफन हो जाते. उक्त मुहाने पर सभी मजदूर बाइक तथा साइकिल लेकर खदान के अंदर अंदर करीब एक किलोमीटर दूर जाकर कोयले की कटाई कर रहे थे. जब मजदूर उक्त मौत के मुहाने से बाहर निकल रहे थे, तो सभी मजदूर अपनी बाइक और साइकिल साथ लेकर बाहर आ रहे थे.

**नया खेल** मगध आम्रपाली-अशोका परियोजना : सरकार भी मांग रही मुआवजा

## विस्थापितों को अब तक नहीं मिला मुआवजा

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

मगध आम्रपाली और अशोका कोयला परियोजना में जिन रैयतों की जमीन अधिग्रहित की गयी है, उनमें से ज्यादातर लोगों को अब तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया जा सका है. उधर इस मामले में राज्य सरकार भी सीसीएल से मुआवजे की मांग कर रही है. पिछले दिनों हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान सीसीएल की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रैयतों के साथ-साथ राज्य सरकार भी मुआवजा मांग रही है. कोलियरी योजना विस्थापित प्रभावित रैयत समिति की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है. हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है.

प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की. उनकी ओर से अदालत को बताया गया कि सीसीएल मगध आम्रपाली और अशोका कोयला परियोजना में हजारों एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है. इस मामले में गैरमजरुआ भूमि के संबंध में रैयतों को उपायुक्त द्वारा स्वामित्व की रिपोर्ट भी दी गयी है, लेकिन उन्हें मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है. वन पट्टा धारकों के मामले में भी स्थिति ऐसी ही है. उन्हें भी मुआवजा नहीं मिला है.

उधर हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश के तहत मुआवजे के मामले को लेकर ट्रिब्यूनल काम कर रहा है. लेकिन गैरमजरूआ खास भूमि के संबंध में सीसीएल सिर्फ इस कारण रैयतों को मुआवजा नहीं दे रहा है, क्योंकि राज्य सरकार द्वारा भी मुआवजा का दावा किया गया है.

▪ कोलियरी योजना विस्थापित प्रभावित रैयत समिति की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है

▪ हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है



## रतन टाटा को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**एजेंसी। मुंबई**

देश के सबसे पुराने कारोबारी घरानों में से एक टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को फिर जान से मारने की धमकी मिली है. ये धमकी एक फोन कॉल के जरिए दी गई है, जो मुंबई पुलिस के पास आया. जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस ने अरबपति रतन टाटा की सुरक्षा बढ़ा दी. अब धमकी देने वाले इस शख्स का पता लगा लिया गया है, लेकिन पुलिस ने इसे गिरफ्तार नहीं किया है. बता दें कि रतन टाटा को जान से मारने के लिए धमकी भरा कॉल मुंबई पुलिस के पास आया था. धमकी देने वाले ने कहा था कि रतन टाटा की सुरक्षा बढ़ा दी जाए, नहीं तो उनका भी हाल साइरस मिस्त्री जैसा ही होगा. इस कॉल के आने के बाद से मुंबई पुलिस अलर्ट मोड में आ गई और जांच शुरू करते हुए रतन टाटा की सुरक्षा को बढ़ा दिया. आरोपी को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम को काम सौंपा गया. पुलिस ने धमकी देने वाले को ढूंढ़ लिया. उसके रिश्तेदारों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि वह सिजोफ्रेनिया से पीड़ित है.



### खास बातें

- टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन की बढ़ाई गई सुरभा
- फोन कॉल आने के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आई

### ब्रीफ खबरें

**चाईबासा व दुमका पुलिस लाइन में बनेंगे बैरक**

**रांची।** चाईबासा और दुमका पुलिस लाइन में 450 बेड के बैरक का निर्माण होगा. इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राशि स्वीकृत कर दी है. चाईबासा पुलिस लाइन में 5.75 करोड़ से 225 बेड और दुमका पुलिस लाइन में 5.25 करोड़ से महिला बैरक के निर्माण की स्वीकृति मिली है. इसका निर्माण झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा कराया जाएगा. दोनों जिलों के पुलिस लाइन में बैरक निर्माण कार्य में बिल्डिंग के काम समेत अन्य कार्य भी किये जाएंगे.

**मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी**

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिए अवैध कमाई करने और मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को रांची ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई. दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी हो गयी है. अब फैसले का इंतजार है. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस की. उन्होंने अदालत को बताया कि मुकेश मित्तल बीरेंद्र राम की अवैध कमाई को निवेश करने में सबसे बड़ा मददगार है.

**इरफान की टिप्पणी पर भाजपा का पलटवार**

**रांची।** कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने रांची के डेली मार्केट में आग लगने की घटना को लेकर भाजपा पर संदेह जताया है. इरफान अंसारी की इस टिप्पणी पर भाजपा ने पलटवार किया है. प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इरफान अंसारी उस कांग्रेस पार्टी से आते हैं, जिसने सांप्रदायिक आग में देश को 50 वर्षों तक जला कर रखा था और लाखों लोगों की बलि ली थी. प्रतुल ने कहा कि इरफान अंसारी जैसे ही राजनेताओं के कारण सांप्रदायिक तनाव और सांप्रदायिक उन्माद बढ़ता है. तुष्टिकरण की नींव पर खड़ी कांग्रेस पार्टी कभी भी उनके इस घृणित टिप्पणी पर कोई कार्रवाई नहीं करेगी.

**रोड कंस्ट्रक्शन के तीन इंजीनियरों का प्रमोशन**

**रांची।** रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के तीन अस्सिटेंट इंजीनियरों एक्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर प्रमोशन दिया गया है. इनमें समीर कुमार लकड़ा, जगदीश मुंडा और मनोज कुमार मरांडी शामिल हैं. समीर कुमार लकड़ा को अगले आदेश तक मुख्य अभियंता यांत्रिक कार्यालय में पदस्थापित किया है. सहायक अभियंता जगदीश मुंडा को मुख्य अभियंता कार्यालय में पदस्थापित किया गया है. सहायक अभियंता मनोज कुमार मुख्य अभियंता कार्यालय यांत्रिक के पद पर पदस्थापित किया गया है. रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट ने इसका आदेश जारी कर दिया.

### 4 महीने में अधिकारी पता नहीं लगा पाये कि कौन विभाग कराएगा जाति आधारित जनगणना

# एटीआर : मॉनसून सत्र के 3 आश्वासनों में सिर्फ एक पूरा, दो लंबित

**सत्य शरण मिश्रा।रांची**

झारखंड सरकार ने शनिवार को सदन में एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) पेश किया. एटीआर में विधानसभा के मॉनसून सत्र में सरकार के दिये 3 आश्वासनों पर अद्यतन रिपोर्ट दे दी है. इनमें से सिर्फ एक आश्वासन को ही सरकार पूरा कर पायी है, जबकि दो आश्वासन अब भी अधूरे हैं. वित्त विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग में से सिर्फ वित्त विभाग अपना आश्वासन पूरा कर पाया है.




**ग्रामीण विकास विभाग ने मांगा है मार्गदर्शन**

विधायक प्रदीप यादव ने 4 अगस्त 2023 को सदन में जाति आधारित जनगणना कराये जाने के संबंध में सवाल पूछा था. इसपर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम ने आश्वासन दिया था कि राज्य सरकार भी जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में है. इसके बाद ग्रामीण विकास विभाग ने अपनी नियमावली के हवाले देते हुए कहा कि जाति आधारित जनगणना ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित नहीं है. विभाग ने इसे लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग से मार्गदर्शन मांगा है, जो अभी भी प्रक्रियाधीन है.

**बीआईटी मेसरा के विशेषज्ञ देंगे रिपोर्ट**

विधायक डॉ सरफराज अहमद ने 4 अगस्त को रिम्स में 12 मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर खरीद में गड़बड़ी मामले को सदन में उठाया था. उन्होंने सरकार से इसपर कार्रवाई की मांग की थी. कहा था कि एक समय निर्धारित किया जाए कि आखिर कब तक दोषियों पर कार्रवाई होगी. विभागीय मंत्री ने सदन में आश्वासन दिया था कि जल्द से जल्द इसे किया जायेगा. सदन में पेश एटीआर के मुताबिक, इस मामले में पिछली जांच कमेटी ने मामले की जांच बीआईटी मेसरा या उसके समकक्ष किसी संस्थान के इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सिविल इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ से कराने की अनुशंसा की थी. इसी अनुशंसा के आलोक में बीआईटी मेसरा की तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है. इस समिति से 22 दिसंबर 2023 तक रिपोर्ट मांगी गयी है.

**1 महीने के अंदर ही मामले का हो गया निष्पादन**

विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने 31 जुलाई 2023 को सदन में सामान्य भविष्य निधि (पीएफ) को लेकर सवाल उठाया था. उन्होंने सामान्य पीएफ खाते में अंशदाई पेंशन योजना के तहत जमा राशि के संबंध में सवाल पूछा था. इसपर वित्तमंत्री ने 3 महीने में मामले के निष्पादन का आश्वासन दिया था. 1 महीने के अंदर 25 अगस्त को ही इसपर सरकार का आदेश हो गया. वहीं जाति आधारित जनगणना और रिम्स में मॉडयूलर ओटी खरीद में गड़बड़ी मामले का आश्वासन अबतक लंबित है.

### चिंताजनकः झारखंड में उद्योगों के लिए 5190 एकड़ जमीन, 457 एकड़ ही कंपनियों को आवंटित

# 4733.3 एकड़ जमीन अब भी खाली पड़ी है

**रवि भारती. रांची**

झारखंड में उद्योगों के लिए झारखंड इंडस्ट्रीयल एरिया डेवलपमेंट ऑथिरिटी (जियाडा) के पास उद्योगों के लिए 5190.29 एकड़ जमीन उपलब्ध है. इसमें सिर्फ 456.99 एकड़ जमीन ही उद्योगों को दी गई है. शेष 4733.3 एकड़ अब तक खाली पड़ी हुई है. जियाडा ने अब तक सिर्फ चार जिलों में ही जमीन आवंटित की है. रांची रिजन में 86.9 फीसदी उद्योगों के लिये प्लॉट उपलब्ध है. आदित्यपुर में 9.5 फीसदी जमीन उपलब्ध है.

**सिर्फ चार जिलों में ही आवंटित की गई जमीन**



**किस जिले में इंडस्ट्रीयल एरिया की कितनी जमीन, कितना एलॉटमेंट**

| जिला | औद्योगिक क्षेत्र की जमीन(एकड़ में) | आबंटन (एकड़ में) |
|---|---|---|
| रांची | 402.18 | 16,05 |
| देवघर | 778.64 | 401.78 |
| दुमका | 88.98 | 14.16 |
| जामताड़ा | 105 | 25 |

**किस इंडस्ट्रीयल एरिया में कितने प्लॉट हैं खाली**

आदित्यपुर रिजन में आदित्यपुर में 13, आदित्यपुर फेज सात में 33, कीताडीह में 01, लुपांगडीह में एक, चांडिल में एक, मुदादेवता में 01, जामडीह में 02, झरिया में 01, सिंहपुरा में 02, हाथीटांड में 01, रोआम में 01, तेतुलडंगा में 04, आदित्यपुर फेज सात के समीप 50 और चाईबासा ब्लॉक में 02 प्लॉट खाली पड़े हैं।तुपुदाना में 16, खूंटी में 13, पतरातू में 26, लोहरदगा में 74, गुमला में 47, डालटनगंज में पांच, चंपा में 48, टाटीसिल्वे में 02, बरही में 55, बाबनी हजारीबाग में 01, चान्हो में 10, सिल्क पार्क ईरबा में 11, इरबा में 04, पतरातू फेज टू में 22, पतरातू उचरिंगा में 05 और पतरातू कटिया इंडस्ट्रीयल एरिया में 01 प्लॉट खाली है।कोकर इंडस्ट्रीयल एरिया, नामकुम, रामगढ़, झुमरी तिलेया, गेतलसूद, नगड़ी में प्लॉट नहीं है.

**इन जिलों के उद्योगों के लिए जमीन है उपलब्ध, पर आबंटन नहीं**

पलामू में 34,24 एकड़, गढ़वा में 98.87 एकड़, साहेबगंज में 29.34 एकड़, सरायकेला खरसांवा में 910.11 एकड़, धनबाद में 189.56 एकड़, लोहरदगा में 28.36 एकड़,गिरिडीह में 46.59 एकड़,रामगढ़ में 474.01 एकड़, हजारीबाग में 402.19 एकड़, खूंटी में 0.7 एकड़, गुमला में 15.36 एकड़ जमीन उपलब्ध है. लेकिन यहां किसी भी कंपनी को जमीन आवंटित नहीं किया जा सका है.

### आपकी बात



अपना दायित्व समझ कर मेहनत और लगन से छोटे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन का पाठ भी पढ़ाती हैं.

**नाम : पुतुल रानी घोष**
**पद :** संचालिका, साईं उज्ज्वल अकादमी
**जन्मस्थल :** गिरीडीह
**कार्यक्षेत्र :** हजारीबाग

रांची-पटना रोड में को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित अपने निवास स्थान 'निर्मालय' में पुतुल रानी घोष 'साईं उज्ज्वल अकादमी' प्ले एवं नर्सरी स्कूल का वर्ष 1999 से संचालन करती आ रही हैं. श्रीमती घोष का कहना है कि वर्ष 1991 में विवाह के पश्चात उन्हें लगा कि उनके ससुराल क्षेत्र में कोई भी बच्चों का स्कूल नहीं है. इससे स्थानीय अभिभावकों को अपने बच्चों को दूर के स्कूलों में पहुंचाने और लाने में परेशानी होती है. पुतुल रानी घोष ने भी खुद 1996 में अपने ही दो जुड़वा बेटों को जुलु पार्क स्थति 'साईं वंडरलैंड' नामक स्कूल में पंहुचाना एवं लाना पड़ता था. उक्त प्ले स्कूल सिर्फ एक छोटा से गैराज में संचालित था. इसके बाद ही उन्होंने अपने निवास स्थान पर प्ले स्कूल खोलने का फैसला किया. इसमें उनके पति और ससुरालवालों का भी समर्थन मिला. प्ले स्कूल खोलने के पीछे पुतुल रानी घोष का मूल उद्देश्य था कि हजारीबाग के प्रख्यात स्कूलों में दाखिला के लिए बच्चों को तैयार करना. वह बताती है कि इस कदम के लिए स्थानीय कार्मेल स्कूल की शिक्षिकाएं बबीता खन्ना, स्व. एडा दी, वर्षा कालिया एवं उनकी ननद सुलग्ना घोष ने उन्हें काफी प्रेरित किया.

# योगेंद्र तिवारी को ईडी कोर्ट ने बेल देने से किया इनकार

**संवाददाता।रांची**

झारखंड में शराब घोटाला के जरिए मनी लॉउड्रिंग करने के आरोपी शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया है. पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. शनिवार को कोर्ट ने योगेन्द्र तिवारी की जमानत याचिका खारिज कर दी. योगेन्द्र तिवारी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया और रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की. इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. उन पर शराब घोटाले के जरिए अवैध कमाई करने और मनी लॉउंड्रिंग का आरोप है.

इस मामले में ईडी ने 23 अगस्त को 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी. इन ठिकानों में योगेंद्र तिवारी के देवघर स्थित होटल सिद्धार्थ के सामने स्थित गोदाम, बोंपासस टाउन स्थित डॉ. राजीव पांडेय अस्पताल के पास स्थित आवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के डी-2 स्थित मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और जामताड़ा के दो ठिकाने शामिल थे.



**शराब घोटाला मामले में ईडी ने दाखिल की पीसी**

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन (पीसी) दाखिल कर दी है. शनिवार को रांची ईडी की टीम ने पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पीसी दाखिल की. ईडी ने जो पीसी दाखिल की है उसमें योगेंद्र तिवारी के अलावा शराब का टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों की जानकारी दी गई है. इसके साथ ही किस-किस को कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी ,यह भी जानकारी दी गई है.

**वन विभाग के अस्थायी कर्मियों का इंतजार खत्म, होंगे नियमित**

**रांची।** वन विभाग में काम कर रहे दैनिक अस्थायी कर्मियों का इंतजार अब खत्म हो गया है. 25 साल के लंबे अंतराल के बाद अब ये कर्मी स्थायी होंगे. झारखंड हाईकोर्ट ने इन कर्मियों को स्थायी करने का निर्देश दिया है. वन विभाग में .ये कर्मी फॉरेस्ट प्रोड्यूस ओवरसीयर के पद पर काम कर रहे है. कोर्ट ने उनके 25 वर्षों तक अस्थाई कर्मी के रूप में काम करने को देखते हुए यह आदेश पारित किया है.

**लैंड स्कैम : प्रदीप बागची को नहीं मिली जमानत**

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी प्रदीप बागची की जमानत याचिका रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दी. बुधवार को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. ईडा की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने प्रदीप बागची की जमानत याचिका का विरोध किया.

# बिना जीपीएस लगे वाहनों से हो रही खनिजों की अवैध ढुलाई

**पलामू, दुमका, साहिबगंज, गिरिडीह, रांची, हजारीबाग में बड़े पैमाने पर हो रही खनिजों की ढुलाई**

**विशेष संवाददाता।रांची**

झारखंड में सख्ती के बाद भी कोयला, पत्थर, बालू जैसे मिनरल्स की अवैध ढुलाई हो रही है. अवैध ढुलाई में ऐसे वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम), व्हीकिल ट्रैकिंग डिवाइस (वीटीडी) से जुड़े हुए नहीं हैं. ऐसे वाहनों का कोई रिकार्ड सरकारी कार्यालय में नहीं होता है. अवैध खनन के बाद ज्यादातर ऐसे ही वाहनों से खनिजों की ढुलाई की जाती है. बिना जीपीएस वाले वाहनों के परिचालन पर प्रशासन पूरी तरह से अंकुश नहीं लगा पा रहा है. प्रशासन द्वारा ढुलाई के दौरान पकड़े गए वाहनों की जांच के बाद यह बातें सामने आई हैं. सरकार ने गत वर्ष ही खनन एवं परिवहन से जुड़े अधिकृत वाहनों में शत-प्रतिशत जीपीएस लगाने का निर्देश जारी किया था.

**विशेष दल ने पकड़ी थी गड़बड़ी :** खान एवं भूतत्व विभाग ने जिला मुख्यालयों को पत्र लिखा है. खनन कार्य में लगे शतप्रतिशत वाहनों में जीपीएस सिस्टम के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है. विभाग का मानना है कि बिना जीपीएस वाले वाहनों से बड़े पैमाने पर अवैध खनन कर अवैध ढुलाई की जा रही है. सरकार द्वारा बनाई गए विशेष टीम ने अवैध खनन के खिलाफ अपनी कार्रवाई के दौरान पाया है कि खनिजों की अवैध ढुलाई में जिन वाहनों से हो रही है, उनमें ज्यादातर जीपीएस/वीटीडी सिस्टम नहीं है.




**ओवर लोडिंग में बिना सिस्टम वाले वाहनों का इस्तेमाल**

पलामू, दुमका, साहिबगंज, गिरिडीह, रांची, हजारीबाग जैसे जिले में प्रतिदिन पांच हजार से अधिक वाहनों से पत्थर-बालू सहित खनिज की ढुलाई की जाती है. इनमें औसतन 20 प्रतिशत वाहन 10 टन ओवरलोडिंग करते हैं, तो राजस्व नुकसान का आंकड़ा करोड़ों में पहुंच जाता है. अगर जीपीएस सिस्टम लगा दिया जाता, तो फर्जी चालान से खनिज परिवहन मुमकिन नहीं हो पाता. विभागीय अफसरों की मानें तो जीपीएस सिस्टम परिवहन चालान से निर्गत होने के तुरंत बाद एक्टिव हो जाता है. ओवरलोडेड वाहन होने पर सिस्टम इसकी सूचना सेंटर को देता है. इससे पता चल जाता है कि चालान पर निर्धारित वजन से कितने अधिक वजन के खनिज की ढुलाई हो रही है.

**मुख्यालयों से मांगी गई रिपोर्ट अबतक क्या कार्रवाई हुई**

खान एवं भूतत्व विभाग ने जिला मुख्यालयों से यह भी रिपोर्ट तलब की है कि पूर्व में दिए गए निर्देशों पर क्या कार्रवाई हुई. खनन एवं परिवहन से जुड़े कितने अधिकृत वाहनों में जीपीएस लगा है. जीपीएस लगवाने के लिए कई वेंडरों का चयन भी विभाग ने किया था. उनकी सूची वेबसाइट पर डाल दी गई थी. सरकार का यह निर्णय झारखंड मिलरल्स (अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण) निवारण अधिनियम 2017 नियम पांच (दो) के तहत लिया गया है.

**सिस्टम नहीं लगाने वालों पर करें कार्रवाई**

विभाग ने जिला मुख्यालय व खनन कार्यालयों को भेजे पत्र में कहा है कि अधिनियम के तहत खनिजों के उठाव में लगे वाहनों में हर हाल में जीपीएस/वीटीडी लगाया जाए. ऐसा नहीं करने वाले किसी भी वाहन को खनिजों की ढुलाई के कार्य में नहीं लगाया जाएगा. इसका उल्लंघन होता है, तो विभाग द्वारा खनिज परिवहन चालान तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी.

CLASSIFIED
























तापमान
22° अधिकतम | 08° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


पेज 14

www.lagatar.in
रविवार, 17 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 05, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 239
आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### छग के घोटालों के तार झारखंड से जुड़े हैं: ठाकुर

**रांची।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में शराब, कोयला और महादेव ऐप घोटाले के तार झारखंड से जुड़े हैं, जहां के एक कांग्रेस सांसद के पास से 353 करोड़ रुपये नकद बरामद किये गये. ठाकुर ने बिलाससपुर में कहा, कांग्रेस नेताओं के काले धन के साथ पकड़े जाने के कई उदाहरण हैं. यही कारण है कि पार्टी नोटबंदी के खिलाफ थी और वह सीबीआई तथा ईडी की विरोधी है. ठाकुर कांग्रेस के सासंद धीरज साहू के स्वामित्व वाली ओडिशा स्थित बौध डिस्टिलरी प्रालि से करोड़ों रुपये की नकदी की जब्ती का जिक्र कर रहे थे.

### 804 जवानों को बीमारियों के लिए मिले 1.72 करोड़

**रांची।** कैंसर का इलाज कराना हो या फिर हार्ट का ऑपरेशन इसके लिए पुलिस सहाय्य एवं कल्याण कोष से उन पुलिसकर्मियों के लिए राहत राशि मंजूर की गई है. जिन्होंने इलाज के लिए पुलिस मुख्यालय में आवेदन दिया था. डीजीपी की अध्यक्षता में केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक में विचारोपरांत कल्याण कोष से उन पुलिसकर्मियों व उनके निकट परिजनों को चिकित्सा के लिए अलग-अलग राशि स्वीकृत की गई है. यह राशि दस हजार रुपये से लेकर तीन लाख तक निर्धारित की गई है. 804 पुलिसकर्मियों के आवेदनों की मंजूरी के बाद इलाज के लिए 1.72 करोड़ रुपये की रकम आवंटित की गई है. इस संबंध में डीजीपी के आदेश पर डीआईजी (बजट) ने संबंधित जिलों के एसपी के साथ पुलिस के विभिन्न विंगों से राशि मुक्त करने का निर्देश दिया है, जहां वर्तमान लाभुक पुलिसकर्मी तैनात हैं.

### केके भगत की प्रतिमा का आज अनावरण

**रांची।** आजसू पार्टी कार्यालय, लोहरदगा में झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि पर रविवार को उनकी प्रतिमा का अनावरण पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो करेंगे. इस मौके पर पार्टी के कई केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे. आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष रहे कमल किशोर भगत की छवि जुझारू और ईमानदार नेता की थी. उन्होंने झारखंड आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. वर्ष 2009 से 2015 तक उन्होंने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता का बतौर विधायक सेवा की.

### सीपी सिंह का पीए बता प्रज्ञा केंद्र संचालक से मांगा पैसा

**रांची।** विधायक सीपी सिंह का पीए बता कर प्रज्ञा केंद्र संचालक से रुपये मांगने का मामला सामने आया है. इसे लेकर सीपी सिंह ने लालपुर थाने में शनिवार को शिकायत दर्ज कराई है. दर्ज शिकायत में कहा गया है कि सौरव गुप्ता जिनका प्रज्ञा केंद्र है, उनके मोबाइल पर फोन कर मेरे नाम से लगभग 28 हजार रुपये की मांग की गई है और बताया कि मैं सीपी सिंह का पीए बोल रहा हूं, कहिए तो विधायक जी से बात करवा देता हूं. बातचीत का ऑडियो क्लिप भी मुझे उपलब्ध कराया गया है. उसने पैसे जमा कराने के लिए अपना अकाउंट नंबर भी सौरव के मोबाइल पर व्हाटसएप्प किया है.

■ चल रहे अभियान के दौरान रोज 5 से अधिक अतिक्रमणकारियों पर हो रही कार्रवाई ■ यह अभियान एक माह तक जारी रहेगा







## नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की शहर में संयुक्त कार्रवाई

# अतिक्रमण विरोधी अभियान

नॉन-वेंडिंग जोन में मेन रोड, सर्जना चौक से कचहरी चौक और कचहरी चौक से रातू चौक जैसे क्षेत्र शामिल हैं

**तरुण चौबे। रांची**

राजधानी रांची में फ्लाईओवर निर्माण कार्य के चलते यातायात की समस्या बढ़ती जा रही है. इसी को देखते हुए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से, फ्लाईओवर के चल रहे निर्माण के कारण होने वाली यातायात भीड़ की स्थाई समस्या से निपटरा किया जा रहा है.

इस संयुक्त पहल का उद्देश्य यातायात के प्रवाह में सुधार करना और लोगो के आवगमन में लगने वाले समय को कम करना है. अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत, इंफोर्समेंट टीम द्वारा अतिक्रमण किए गए स्थलों की पहचान की जा रही है. इस अभियान का उद्देश्य शहर कि सुदंरता को बढ़ाना, सुरक्षा को बढ़ावा देना और पैदल यात्रियों और वाहनों की सुचारू आवाजाही को सुविधाजनक बनाना है. इस संयुक्त योजना के तहत भीड़-भाड़ वाली जगहों पर बन रहे ट्रैफिक हॉटस्पॉट को कम करना, जगह जगह पर उन्नत यातायात निगरानी तकनीक की तैनाती, जन जागरूकता अभियान बढ़ाने के साथ शहर के ट्रैफिक समस्या में आने वाली चुनौतियों को चिह्नित करना है. यह जानकारी देते हुए निगम के एक अधिकारी ने कहा कि शहर में ट्रैफिक समस्या को देखते हुए हम समय समय पर इस तरह के अभियान चलाते रहते हैं. इस तरह के अभियान का उद्देश्य अधिक कुशल और संगठित यातायात प्रणाली बनाना है. इन अभियानों के आलावा निगम कर्मी शहरवासियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगो को प्रोत्साहित करते रहते हैं. यह अभियान आगे भी जा रहेगा.

### नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर जुर्माना भी लगाया जा रहा

**शुरुआत में, अतिक्रमित स्टालों को चेतावनी दी जाती है, उसके बाद अतिक्रमित क्षेत्र के आधार पर जुर्माना वसूला जाता है, जो उल्लंघन की सीमा के अनुसार अलग-अलग होता है.**

#### वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करेंगे

ट्रैफिक एसपी, कुमार गौरव ने कहा कि इस पहल के तहत, नगर निगम सड़क के बुनियादी ढांचे को अनुकूलित करने, स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने और सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा. इसके साथ ही, ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक नियमों को लागू कराने, चौराहों को सुव्यवस्थित करने के अपने प्रयासों को तेज करेगी, और वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करेगी.

#### किस साल कितना जुर्माना वसूला गया

- 2017 में 7 लोगों से करीब 70 हजार.
- 2018 में 20 लोगों से 2 लाख
- 2019 में 13 लोगों से 1 लाख 30 हजार
- 2020 में 2 लोगों से 20 हजार
- 2021 में 3 लोगों से 30 हजार
- 2022 में 14 लोगों से 1 लाख 40 हजार



# इसी सत्र में फिर आएगा स्थानीयता बिल: झामुमो

### राजभवन से मिली सलाह में छिपा है बड़ा राजनीतिक संदेश

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि राजभवन से मिली सलाह और संदेश में बड़ा राजनीतिक संदेश भी है. वह जिस बात को कह रहा, वह नया शगूफा है. लोगों के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है. सुप्रियो भट्टाचार्य शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे.

उन्होंने कहा कि 2022 में विस ने सर्वसम्मति से परित करके दो बिल राजभवन को भेजा. जिसमें स्थानीयता का मुद्दा और सरना धर्म कोड से जुड़ा हुआ था. बिल पर राजभवन से मिली सलाह से बहुत संदेश मिल रहा है.

**एक साल तक राजभवन कुंडली मार कर बैठा रहा :** किसी भी बिल पर एक साल तक राजभवन कुंडली मार कर बैठे, यह सही नहीं. इसी सत्र में सरकार इस बिल को फिर लाने जा रही है. हम हर हाल में कमिटमेंट पूरा करेंगे. थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी में कोई बाहरी ना आए, यह सरकार सुनिश्चित करेगी. यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं हमारे पहचान से जुड़ा मुद्दा है. सुप्रियो ने कहा कि हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि राज्य सरकार अपने राज्य के लोगों के अधिकार के लिए किसी भी हद तक जायेगी. तय करेगी कि यहां की नौकरियों में कोई गैर झारखंडी ना आ सके. खतियान हमारी पहचान है. भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल बताएं राजा पीटर से उनका क्या रिश्ता है. बाबूलाल के लिए खोया हुआ रत्न मिल गया, वह उनके लिए तुरुप का इक्का साबित होगा.

### तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरियां सिर्फ झारखंडियों के लिए



झामुमो प्रवक्ता ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि राज्य की तृतीय और चतुर्थ वर्ग की सरकारी नौकरियां सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित होंगी. इस संबंध में पूर्व में भेजे गए विधेयक में राज्य सरकार कोई संशोधन नहीं करेगी. विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान ही 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति संबंधी विधेयक को दोबारा पारित कराकर राजभवन को प्रेषित किया जाएगा. झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दोबारा विधेयक भेजने पर उसका अनुमोदन करना राज्यपाल की बाध्यता होगी. उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने विधेयक को अटार्नी जनरल के मंतव्य और सुझाव का उल्लेख करते हुए राज्य सरकार को वापस कर दिया था. उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने जो सलाह अटार्नी जनरल से मंतव्य प्राप्त कर विधानसभा को भेजा है, उसमें राजनीतिक संदेश है. हेमंत सरकार राज्यपाल के संदेश के आलोक में इस विधेयक में संशोधन नहीं करने जा रही है. विधानसभा के शीतकालीन सत्र में ही इस विधेयक को पेश कर राज्य में तृतीय और चतुर्थवर्गीय सरकारी पदों को सिर्फ और सिर्फ खतियानी झारखंडियों के लिए आरक्षित किया जाएगा.

### 50 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का खुलासा

# सीआईडी ने 5 को दबोचा



**संवाददाता। रांची**

50 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है. सीआईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार हुए आरोपियों में कमल कुमार सिंह, जमीर मियां, बिट्टू कुमार, मेहुल कुमार, राहुल कुमार शामिल हैं.

आरोपी खुद को एसबीआई हेड ऑफिस का अधिकारी बताया करते थे और लाभुकों को झांसे में लेकर ठगी किया करते थे. ये लोगों से उनसे सारे दस्तावेज लेते और कई कागज पर उनका हस्ताक्षर ले लेते थे. इसके बाद बैंक में आरोपी उनके नाम से लोन एप्लाई करते. फिर सेटिंग से लोन पास भी करा लेते और राशि अपने खाते में ट्रांसफर कराते थे. पूछताछ में आरोपियों ने अपने गिरोह के अन्य सदस्यों की भी जानकारी दी. रामगढ़, पतरातू और इसके आसपास इलाके के पांच सौ से ज्यादा लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं.

#### खास बातें

- बैंक लोन दिलाने के नाम पर चल रहा था ठगी का धंधा
- लाभुकों के दस्तखत लेकर सेटिंग से खुद ले लेते थे लोन

**आरोपियों ने लाभुकों से की ठगी :** शनिवार को सीआईडी आईजी असीम मिंज ने बताया कि आरोपी लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज ले लिया करते थे. उसके बाद एसबीआई बैंक से सभी के नाम पर लोन लेते और फिर उसे अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया करते थे. इसकी भनक लाभुकों को भी नहीं होती थी. जब बैंक का नोटिस उनके घर पहुंचता तब उन्हें इसकी जानकारी होती थी. आरोपियों के पतरातू स्थित कार्यालय से लोन के दस्तावेज, मोबाइल, लैपटॉप, डेस्कटॉप के अलावा बैंक से संबंधित कई कागजात बरामद किये गये हैं. आरोपियों ने लाभुकों से करीब पचास करोड़ रुपये की ठगी की है.

# चार साल में देश भर में 69045 करोड़ की संपत्ति अटैच हुई

### ईडी की कार्रवाई

**सौरभ सिंह। रांची**

ईडी ने पिछले 4 साल में देश में अवैध कमाई से बनायी गयी 69045 करोड़ की संपत्ति अटैच की है. वहीं झारखंड में डेढ़ साल में ईडी ने 443 करोड़ की संपत्ति अटैच की. ईडी मनरेगा, अवैध खनन, जमीन, टेंडर कमीशन और शराब घोटाला जैसे पांच बड़े मामलों की जांच कर रही है. इन मामलों की जांच के क्रम में ईडी ने झारखंड व बाहर कुल 183 जगहों पर छापेमारी की. साथ ही दो आईएएस, इंजीनियर समेत 29 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा.



**जमीन घोटाले में 236 करोड़ की संपत्ति अटैच**

रांची में जमीन घोटाला मामले में ईडी ने 12 जून को 74.39 करोड़ की संपत्ति अस्थायी रूप से अटैच की. इनमें सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन और हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन शामिल है. इसके अलावा ईडी ने 1 सितंबर को 161.64 करोड़ की संपति अटैच की. जिनमें चेशायर होम रोड, पुगरू और सिरमटोली स्थित भूखंड शामिल है.

### झारखंड में 443 करोड़ की संपत्ति अटैच

- **मनरेगा घोटाला में पूजा सिंघल की 82.77 करोड़ की संपत्ति अटैच :** ईडी ने बीते 11 मई को निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा की 82.77 करोड़ की संपत्ति स्थायी तौर पर अटैच की थी.
- **वीरेंद्र राम की भी संपत्ति जब्त :** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ईडी ने बीते 19 अप्रैल को ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम व उनके परिवार के सदस्यों से जुड़ी 39.28 करोड़ की चल-अचल संपत्तियों को जब्त किया था.
- **ईडी ने 27.73 करोड़ नगद जब्त किये :** मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल और इससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी कर 19.41 करोड़ बरामद किये थे. इसी मामले की जांच के क्रम में ईडी ने हजारीबाग में इजहार अंसारी के ठिकानों से तीन करोड़ से ज्यादा कैश बरामद की थी. अवैध खनन मामले में ईडी ने छापेमारी कर 5.32 करोड़ नकद जब्त किये थे.
- **अवैध खनन मामले में 30 करोड़ की संपत्ति जब्त :** साहिबगंज गंगा नदी में अवैध परिवहन मामले में 24 जुलाई 2022 को 30 करोड़ के मालवाहक को प्रशासनिक अभिरक्षा में लिया गया था, जिसे ईडी ने 27 जुलाई 2022 को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया था.

# त्रिवेणी-सैनिक के अधिकारियों पर धोखाधड़ी का केस नहीं दर्ज कर रही डाड़ी पुलिस

**संवाददाता। रांची**

हजारीबाग जिले में एनटीपीसी के एमडीओ त्रिवेणी-सैनिक माईनिंग प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों-निदेशकों के खिलाफ 85 लाख रु धोखाधड़ी का केस डाड़ी पुलिस दर्ज नहीं कर रही है. रुपयों का भुगतान नहीं करने के बावजूद डाड़ी पुलिस द्वारा केस दर्ज नहीं किए जाने की शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से की गयी है. जुगरा विस्थापन समिति के अध्यक्ष कैलाश साव द्वारा शनिवार को हजारीबाग एसपी, डीआईजी और डीजीपी से की गई है शिकायत. शिकायत में कहा गया है कि डाड़ी पुलिस सुप्रीम कोर्ट और पुलिस मुख्यालय के निर्देश-आदेश का उल्लंघन कर रही है. 29 नवंबर 2023 को भेजे आवेदन पर अब तक कार्रवाई नहीं की गयी है.

### एसपी, डीआईजी और डीजीपी को सौंपा ज्ञापन, पुलिस की करतूत से अवगत कराया


चेक की कॉपी.


स्पीड पोस्ट से थाने को भेजी गयी शिकायत.

#### 85 लाख बकाया रकम में 23 लाख का चेक देकर धोखे से लिया वापस

शिकायत कर्ता कैलाश साव ने डाड़ी ओपी प्रभारी को दिए आवेदन कहा है कि वर्ष 2018 में जुगरा विस्थापन समिति के साथ त्रिवेणी-सैनिक माईनिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड के साथ एक एकरारनामा हुआ. इसमें सड़क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन के लिए प्रदूषण पर रोकथाम के लिए पांच लाख रुपये प्रति महीना भुगतान करने पर सहमति बनी थी. इसके बाद कंपनी ने वर्क ऑर्डर भी दिया था. कुछ महीनों तक राशि का भुगतान हुआ. उसके बाद काम भी लिया गया और भुगतान भी नहीं किया गया. त्रिवेणी सैनिक कंपनी की तरफ से 10 लाख और 13 लाख का चेक भी दिया गया, जो कैश नहीं हुआ. इसकी शिकायत करने पर कंपनी ने दूसरा चेक देने के नाम पर पुराना चेक वापस ले लिया और अब तक भुगतान नहीं किया है.

#### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

डाड़ी थाना प्रभारी से जब शिकायत को लेकर पूछा गया, तो उन्होंने पहले तो अनभिज्ञता जाहिर की. जब कहा गया डाक से आवेदन थाना भेजा गया, तो उस पर कहते हैं शिकायत कर्ता से एकरारनामा की प्रति मांगी गयी है. इसके बाद ही मामले की जांच कर कार्रवाई करेंगे.

**एक विधायक के हस्तक्षेप के बाद भुगतान रुका :** बताया जाता है कि एनटीपीसी का सड़क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन कई गांवों से होकर होता था. इससे प्रदूषण फैलता था . जुगरा के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया. विरोध और कार्य बाधित होने पर त्रिवेणी-सैनिक माईनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने ग्रामीणों के साथ समझौता किया और पांच लाख महीना देने का समझौता किया. बाद में प्रदूषण के नाम एक विधायक के हस्तक्षेप और सड़क से कोयला परिवहन में दखल देने के बाद जुगरा विस्थापित समिति का भुगतान कंपनी ने रोक दिया. बताया जाता है कि विधायक के हस्तक्षेप के कारण दूसरे विधायक का भी हित प्रभावित हुआ है.

#### प्रोजेक्ट हेड सहित इन निदेशकों को बनाया गया है आरोपी

जुगरा विस्थापन समिति के अध्यक्ष कैलाश साव ने थाना में दिए आवेदन में तत्कालीन प्रोजेक्ट हेड सुब्रमण्यम स्वामी, निदेशक कुलदीप सिंह सोलंकी, ब्रितपाल संधू, सिद्धार्थ जैन,बालासुब्रमण्यम प्रभाकरन, बालासुब्रमण्यम कार्तिकेयन,कार्तिकेश्वर,हिम्मत सिंह बेदला आदि को आरोपी बनाने का आवेदन दिया है .

## शहर में आज

1. सीए क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, मेकॉन स्टेडियम में 8 बजे से
2. बालाजी मंदिर में विशेष अनुष्ठान, बालाजी मंदिर में 9 बजे से
3. ललिता अस्पताल का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, शर्मा रोड, धुर्वा में 10 बजे से
4. वेटरन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, उर्स मैदान, नेपाल हाउस में 10.30 बजे से
5. पत्रकारिता पर कार्यशाला, होटल संस्कार, मोरहाबादी में 11 बजे से
6. राष्ट्रीय पेंशनर दिवस का आयोजन, जीपीओ, डोरंडा में 12 बजे से
7. क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन, संत मारिया चर्च, पुरुलिया रोड में 12 बजे से
8. श्रीराम कथा का आयोजन, द्वारिकाधीश धाम, गाड़ीखाना में 2 बजे से
9. पुस्तक अलविदा लाल सलाम का लोकार्पण, प्रेस क्लब में 3 बजे से
10. उम्मीद फाउंडेशन की प्रेस वार्ता, ट्रायका रेस्टूरेंट, मोरहाबादी में 3 बजे से
11. झारखंड आदिवासी विकास समिति का सम्मान समारोह, टैगोर हिल में 3 बजे से
12. पुरश्री की नृत्य नाटिका, गुरुनानक स्कूल में 6 बजे से
13. गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस, मेनरोड गुरुद्वारा में 8 बजे से

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## कौन मंत्री कहां रहे

- सीएम हेमंत सोरेन चाईबासा में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने 422 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया.
- **कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता और समाज कल्याण मंत्री जोबा मांझी ने भी सीएम के साथ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत की.**
- वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने शनिवार सुबह अपने आवास पर लोगों से मुलाकात की. इसके बाद शाम में शादी समारोह में शामिल हुए.
- **स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जमशेदपुर में रहे. वहां कार्यकर्ताओं और आमजनों की समस्याएं सुनीं.**

## ब्रीफ खबरें

### डिलिस्टिंग रैली पर रोक लगाने की मांग

**रांची।** आदिवासी संगठनों का प्रतिनिधिमंडल अजय तिर्की के नेतृत्व में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से मिले और मांग की कि 24 दिसंबर को होने वाले डिलिस्टिंग रैली पर रोक लगाया जाए. कहा कि 24 दिसंबर को क्रिसमस त्योहार का माहौल रहेगा. बाजारों, सड़कों और दुकानों में भीड़-भाड़ रहेगी. वहीं, पड़हा अध्यक्ष अजीत उरांव ने बताया कि जनजातीय सुरक्षा मंच ने 24 दिसंबर को डिलिस्टिंग रैली की घोषणा की है. रैली मोरहाबादी, फिरायालाल होते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचेगी. क्रिसमस में खटास नहीं पहुंचे, इसलिए डिलिस्टिंग रैली पर रोक लगायी जाए. मौके पर प्रफुल्ल लिंडा, अध्यक्ष, आदिवासी अधिकार मंच और पूर्व सदस्य (टीएसी) रतन तिर्की व अजीत उरांव भी मौजूद थे.

### उपायुक्त ने की भू-अर्जन विभाग के कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिया निर्देश

# त्रुटि का निराकरण कर रैयतों को यथाशीघ्र मुआवजा भुगतान कराएं

संवाददाता। रांची

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को भू-अर्जन विभाग के कार्यों की समीक्षा की. बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची राजेश बरवार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची सुनील चंद्र, परियोजना निदेशक एनएचएआई राजीव रंजन, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण, अतिरिक्त जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी ओरमांझी, अंचल अधिकारी अरगोड़ा, अंचल अधिकारी शहर, अंचल अधिकारी नगड़ी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.


भू-अर्जन के कार्यों की समीक्षा करते उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा.

डीसी ने पथ निर्माण विभाग एवं एनएचएआई द्वारा संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं में भू-अर्जन एवं रैयतों को मुआवजा भुगतान की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली.

डीसी ने कहा कि महत्वपूर्ण परियोजनाओं में छोटी-छोटी बिंदुओं के कारण बाधा उत्पन्न न हो, त्रुटि का निराकरण कर रैयतों को यथाशीघ्र मुआवजा भुगतान करायें. इसके साथ अरगोड़ा सड़क चौड़ीकरण कार्य समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण ने बताया कि बिजली के खंभों को हटाये जाने हेतु विभाग द्वारा एस्टीमेंट उपलब्ध कराया जाना बाकी है.

उपायुक्त ने बैठक के दौरान ही बिजली विभाग के संबंधित कार्यपालक अभियंता को फोन कर इस्टीमेंट दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराने को कहा. इसके अलावा जिले में पथ निर्माण विभाग एवं एनएचएआई द्वारा संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं में संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार सत्यापन कर शेष रैयतों को मुआवजा भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए.

# पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता सस्पेंड

प्रमुख संवाददाता। रांची

**गिरी गाज**
- कर रहे थे मनमानी, अब चलेगी विभागीय कार्यवाही
- निलंबन अवधि में पेयजल एवं स्वच्छता अंचल दुमका मुख्यालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अविक अंबाला पर गाज गिर गई है. सरकार ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है. पेयजल विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, दुमका में रहेगा. साथ ही निलंबन अवधि में इन्हें प्रावधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा.

**बिना सूचना के थे गायब :** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अविक अंबाला पर मनमानी करने के आरोप लगा था. विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पिछले दिनों चाईबासा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पाया था कि अविक अंबाला बगैर किसी सूचना के मुख्यालय से गायब थे.

इस संबंध में गठित जांच दल ने अपना प्रतिवेदन विभाग को दिया. अंबाला से स्पष्टीकरण भी मांगा गया था. पूरी जांच के बाद उन्हें निलंबित किये जाने का फैसला लिया गया है. अब अंबाला के खिलाफ विभागीय कार्रवाई संचालित की जायेगी. कार्यवाही के संचालन के लिए रिटायर आइएएस अरविंद कुमार को जांच पदाधिकारी बनाया गया है.

### भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान गढ़खटंगा में अर्जुन मुंडा ने किया दौरा, कहा

# अर्थव्यवस्था में किसानों का योगदान

**बोले मुंडा**
- खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर व निर्यातक राष्ट्र है भारत
- आईसीएआर-आईआईएबी की रिसर्च में महत्वपूर्ण भूमिका

संवाददाता। नामकुम (रांची)

भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, गढ़खटंगा में शनिवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने संस्थान में चल रहें शैक्षिणक एवं रिसर्च एवं गतिविधियों का दौरा करने के लिए पहुंचे. कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, संस्थान के निदेशक सुजय रक्षित, रिसर्च संयुक्त निदेशक अनुसंधान विजय पाला भड़ना, संयुक्त निदेशक शैक्षिणक केके कृष्णानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड व आसपास के क्षेत्रों की वर्षा आधारित स्थिति में खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए कृषि की चुनौतियों से निपटने के लिए आईसीएआर-आईआईएबी के वैज्ञानिकों और सहायक कर्मचारियों को बढ़ती जिम्मेदारियां लेने की जरूरत है. उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि आईसीएआर-आईआईएबी शैक्षिणक व रिसर्च में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

कृषि के सतत विकास और कृषक समुदायों की आजीविका बढ़ाने के मुद्दे पर भी उन्होंने बात की. मुंडा ने कहा कि किसान न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, बल्कि देश की कृषि अर्थव्यवस्था में भी योगदान देते हैं. भारत अब न केवल खाद्य उत्पादन में एक आत्मनिर्भर राष्ट्र है, बल्कि एक निर्यातक भी है.


महिला को कृषि सामग्री देते अर्जुन मुंडा. साथ हैं सांसद संजय सेठ व अन्य.

### कीटनाशक अवशेषमुक्त भोजन उत्पादन पर जोर

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विशेष रूप से क्षेत्र में जैविक और प्राकृतिक खेती की संभावनाओं की खोज कर पोषण संबंधी बेहतर और कीटनाशक अवशेष मुक्त भोजन के उत्पादन पर जोर दिया. उन्होंने छात्रों से संकायों से नई कृषि तकनीकों को सीखने और अपने ज्ञान का प्रसार करने के लिए आस-पास के गांवों को अपनाने का भी आग्रह किया. इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनजातीय उपयोजना के तहत किसानों को विभिन्न कृषि आदानों जैसे उन्नत बीज, वर्मीकम्पोस्ट, माइक्रोबियल इनोकुलेंट्स, मुर्गीपालन, सुअर और मछली के लिए चारा आदि का वितरण किया गया.

### केंद्रीय मंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया

कार्यक्रम से पूर्व अर्जुन मुंडा ने संस्थान इनक्यूबेट्स के साथ हाल की सफलताओं के साथ संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों, उत्पादों पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया. आईसीएआर-आईआईएबी के निदेशक डॉ. सुजय रक्षित ने संस्थान में चल रहे अनुसंधान, शिक्षण और विस्तार गतिविधियों के बारे में एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी. क्षेत्र में फसल सघनता, प्रणाली उत्पादकता और आजीविका बढ़ाने के लिए मंत्री अर्जुन मुंडा ने कुछ योजनाओं पर कार्य के लिए निर्देश दिया. मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, राजेंद्र मुंडा, प्रमोद कुमार सिंह, अशोक मुंडा, अशोक नायक, राजू नायक, शंकर मुंडा, बिरसा पाहन सहित अन्य थे.

## गरीबों को अगले 5 वर्षों तक नियमित मिलेगा मुफ्त अनाज



**बुंडू।** भारत सरकार के हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय सांसद सह केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा शनिवार को बुंडू पहुंचे. प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह, गभड़ेया और राष्ट्रीय मार्ग 33 टोल प्लाजा के समीप एदलहातू पंचायत स्थित क्रिकेट मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान प्रचार वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को सुनाया गया और संकल्प विकसित भारत बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित पदाधिकारी एवं सभी आम लोगों को शपथ दिलायी गई.

अर्जुन मुंडा ने इस कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम उज्जवला योजना पीएम किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, अन्नप्राशन, कन्यादान, आयुष्मान भारत इत्यादि योजना के अंतर्गत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया. इस अवर पर अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गारंटी योजना के तहत गरीब, किसान, मजदूर सभी लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत और गांव-समाज व देश को समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है. गरीबों को अगले 5 वर्षों तक नियमित रूप से गरीब कल्याण योजना के तहत भारत सरकार अनाज देगी. उन्होंने किसानों को नई तकनीक से खेती करने की सलाह दी. उन्नत खेती के लिए किसानों को तकनीक की जानकारी लेने की सलाह दी.

अंत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गांव मजबूत बनेगा, तो देश सशक्त होगा और पीएम मोदी का मिशन पूरा होगा. 2047 में भारत संपूर्ण विकसित राष्ट्र कहलाएगा. इस कार्यक्रम के तहत ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवा का छिड़काव, फसल की तकनीकी ज्ञान दिखलाया गया. मौके पर विकास आयुक्त दिलीप कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू संदीप अनुराग टोपनो, कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु कुमारी समेत भाजपा के कार्यकर्ता और आम लोग मौजूद थे.

## सिटी अपडेट

### पूर्व मंत्री ने लगाया 250 करोड़ के घोटाले का आरोप

**रांची।** पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो ने आरोप लगाया है कि रघुवर सरकार के समय सरकारी हॉस्पिटल में जांच के नाम पर 250 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है. शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि सरकार अब तक जांच के एवज में मेडॉल को 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान कर चुकी है. इसमें 250 करोड़ रुपये का बिल फर्जी तरीके से बनाया गया है. उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिख कर इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है. लालचंद महतो ने कहा कि डॉक्टरों और सिविल सर्जन की मिलीभगत से यह खेल हुआ है. वहीं दूसरी ओर इस बात के भी कई प्रमाण हैं कि जो जांच नहीं किए गये, उसके एवज में भी फर्जी बिल बना कर सरकार से पैसे लिए गये.

### ट्रेनों में साफ-सफाई की अव्यवस्था पर नाराजगी

**रांची।** झारखंड चैंबर के रेलवे उप समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में हुई. सदस्यों ने रांची रेलमंडल में परिचालित ट्रेनों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर नाराजगी जताई. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में कोच व शौचालय की सफाई व्यवस्था व यात्रियों को गंदे बेडरोल मिलने की शिकायतें नियमित रूप से संज्ञान में आ रही हैं. यात्रियों के द्वारा सोशल मीडिया पर इसकी शिकायतें भी की जाती हैं, किंतु रांची रेल प्रशासन द्वारा अब तक कोई गंभीर कार्रवाई नहीं की गई है. रेल प्रशासन को इसकी समीक्षा करनी चाहिए. चैंबर महासचिव परेश गट्टानी और नवजोत अलंग ने संयुक्त रूप से कहा कि राजधानी के अलावा कुछ अन्य प्रमुख ट्रेनों हावड़ा-रांची इंटरसिटी, तपस्विनी एक्सप्रेस और क्रिया योगा एक्सप्रेस में भी साफ-सफाई की अव्यवस्था है. चैंबर ने डीआरएम को पत्राचार कर इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया गया है. बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, सदस्य विकास झाझरिया के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाएंगे ललित कुमार पोद्दार

**रांची।** मारवाड़ी सम्मेलन के द्विवार्षिक चुनाव में सिर्फ ललित कुमार पोद्दार ने नामांकन पत्र दाखिल किया. विरोध में कोई कंडिडेट नहीं होने के कारण अब निर्विरोध ललित का अध्यक्ष बनना तह हो गया है. चुनाव पदाधिकारी विनोज कुमार जैन ने बताया कि जब विरोध में किसी ने नामांकण पत्र भरा ही नहीं, तो चुनाव का कोई औचित्य नहीं रह जाता है. 24 दिसंबर को होने वाले आमसभा में ललित कुमार पोद्दार को सर्वसम्मति से निर्विरोध रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का अध्यक्ष चुन लिया जाएगा. मौके पर सह चुनाव पदाधिकारी पवन पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, अशोक नारसरिया, अजय खेतान, मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ आदि उपस्थित थे.

### विधायक के नाम पर 28 हजार मांगा, केस दर्ज

**रांची।** रांची के एक प्रज्ञा केंद्र संचालक से विधायक सीपी सिंह के नाम पर पैसे मांगे गए हैं. इसे लेकर विधायक ने लालपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है. सीपी सिंह ने कहा है कि सौरभ गुप्ता नाम के प्रज्ञा केंद्र संचालक के मोबाइल नंबर 7004606025 पर 7523842434 से कॉल कर एक व्यक्ति ने 28 हजार रुपए मांगे. उस व्यक्ति ने खुद को सीपी सिंह का पीए बताया. उसने पैसा जमा करने के लिए अपना अकाउंट नंबर भी सौरव के मोबाइल नंबर पर व्हाटस एप के जरिए भेजा है. रांची विधायक सीपी सिंह ने थाना प्रभारी से मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है.

# डॉ लोहिया प्रेरणास्रोत : राज्यपाल

**रखे विचार**
- खरसावां शहीद दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम
- शहीदों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता हमारा कर्तव्य

संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया सिर्फ एक राजनीतिक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे. उन्होंने समाज की मुख्यधारा से वंचित लोगों के अधिकार एवं समानता के लिए आवाज उठायी. वे आज भी हमारे प्रेरणास्रोत हैं.

राज्यपाल शनिवार को खरसावां शहीद दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर ऑड्रे हाउस में आयोजित 'चतुर्थ राष्ट्रीय विचार मंथन' कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया पहले राजनेता थे, जिन्होंने खरसावां घटना के उपरांत वहां जाकर इस घटना की तुलना जलियांवाला बाग की घटना से की थी. उन्होंने अपनी पत्रिका मैनकाइंड में खरसावां में रक्त स्नान शीर्षक से एक लेख भी लिखा था. राज्यपाल ने इस अवसर पर पुस्तकों का भी अनावरण किया. कहा कि अनूठी शोध परियोजनाओं से संबंधित इन पुस्तकों की उपलब्धता सभी विश्वविद्यालयों में होनी चाहिए. युवाओं से आह्वान किया कि वे सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियों का पता लगाएं. समाज को उनके योगदान से अवगत कराएं.



उन्होंने यह भी कहा कि आज हम भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण स्वतंत्र देश में रहते हैं. शहीदों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना हमारा कर्तव्य है. राज्यपाल ने देश के विभिन्न प्रांतों से आए लोगों को सम्मानित किया.

### 30 दिसंबर को सेंगेल अभियान का भारत बंद

**रांची।** आदिवासी संगठनों द्वारा लगातार सरना धर्म कोड की मांग की जा रही है. शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों के सदस्यों ने केंद्रीय धुमकुड़िया भवन में बैठक कर 30 दिसंबर को सेंगेल अभियान द्वारा आहूत भारत बंद के समर्थन का निर्णय लिया. सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कहा कि सरना धर्म कोड को मान्यता देना ही होगा, तभी आदिवासी समाज बचेगा. नहीं तो मजबूरी में ईसाई, हिंदू और मुस्लिम बनना पड़ जाएगा. वहीं, फूलचंद तिर्की ने कहा कि 1951 की जनगणना में आदिवासियों का अलग धर्म कोड था. आदिवासियों को जोरदार तरीके से आंदोलन करना पड़ेगा. तभी अलग सरना धर्म कोड मिलेगा. बैठक में केंद्रीय सरना समिति, सरना धर्म समन्वय समिति खूंटी, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के सदस्य मौजूद थे.

# डेली मार्केट में फिर से लगीं सब्जी दुकानें

**खास बातें**
- भीषण आग से दुकानदारों का काफी नुकसान : नसीम
- पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत कई प्रबुद्धजनों ने लिया जायजा

संवाददाता। रांची

मेन रोड स्थित डेली मार्केट में अगलगी के बाद दुकानें लगनी शुरू हो गई है. वर्तमान में मार्केट में कुछ दुकानें लगी नजर आई. दुकानदारों ने कहा कि पेट का सवाल है. दुकान तो लगानी ही है. इसलिये उधार के पैसे से अपनी दुकान को लगाया है, ताकि घर का गुजारा हो सके.

डेली मार्केट दुकानदार एडहोप कमेटी के अध्यक्ष नसीम डब्लू ने बताया कि भीषण आग से मार्केट के दुकानदारों का बड़ी संख्या में नुकसान हुआ है. रोज कमाने खाने वाले लोग अपनी दुकानों के सहारे ही घर परिवार चला रहे थे. अगलगी से उनका कारोबार बिगड़ गया है. अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, उपाध्यक्ष शमशेर आलम, विधायक इरफान अंसारी, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की एवं जिला प्रशासन की टीम डेली मार्केट के दुकानदारों का जायजा लेने पहुंचे.


नई बनी दुकान में वृद्ध दुकानदार.

सभी ने दुकानदारों को नुकसान का मुआवजा का आश्वासन दिया है. नसीम डब्लू ने बताया कि जिला प्रशासन के कहे अनुसार, सभी दुकानदारों का सूची तैयार की जा रही है. सूची तैयार करने के बाद जिला प्रशासन को डेली मार्केट दुकानदार समिति की ओर से सौंप दिया जाएगा, ताकि पीड़ित दुकानदारों को उनका हक अधिकार मिल सके. मालूम हो डेली मार्केट में अपनी झोपड़ी में रहने वाली मंगनी देवी का एस्बेस्टस नुमा घर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के हुसैन खान की ओर से बनाया जा रहा है, ताकि कड़ाके की ठंड में उन्हें कुछ राहत मिल सके.

**सशक्तीकरण** भाजपा प्रदेश कार्यालय में पीएम विश्वकर्मा योजना पर राज्यस्तरीय कार्यशाला

# विश्वकर्मा योजना आत्मनिर्भर भारत की कुंजी : बाबूलाल

संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सशक्त भारत के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना आत्मनिर्भर भारत की कुंजी बनेगी.

इसमें सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास भी शामिल है. देश में प्राचीन काल से हुनर की कमी नहीं रही, लेकिन आजादी के बाद हुनरमंद कारीगरों को आगे बढ़ाने, आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में पहल नहीं की गई. पीएम मोदी ने उनके सर्वांगीन विकास की चिंता की और विश्वकर्मा योजना शुरू किया.


राज्यस्तरीय कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी व अन्य भाजपा नेता.

### धन और प्रोत्साहन के अभाव में विलुप्त हो रहे थे कारीगर : नागेंद्र

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भारत की प्राचीन कलाएं, हुनरमंद कारीगर, यहां की अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ थे. गांव-गांव के इनकी कलाओं का सम्मान था. सामाजिक रीति-रिवाज में इनके बनाए सामग्रियों को बढ़ावा दिया गया. आज ऐसे ग्रामीण हुनर धन और प्रोत्साहन के अभाव में विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गए. पीएम मोदी ने इसे गंभीरता से लेते हुए भारत की प्रगति में उनके योगदान को सुनिश्चित किया है.

### योजना से गांव की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में पिछड़े, दलित, आदिवासी समाज के लोग ही सर्वाधिक शामिल हैं. इस योजना से गांवों के गरीब और हुनरमंद पारंपरिक कारीगर आगे बढ़ेंगे. यह योजना उनके लिए प्रगति का सुनहरा अवसर लेकर आया है. योजना एक कारीगर को विकसित और मजबूत ही नहीं करेगा बल्कि पूरे गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी. गांव भी आत्मनिर्भर होगा.

# सड़कों पर अलाव जलाया, बैनर लगा कर आर्थिक नाकेबंदी की



संवाददाता। रांची

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आहूत दो दिवसीय आर्थिक नाकेबंदी के पहले दिन शनिवार को आंदोलनकारियों ने जगह-जगह सड़क मार्ग एवं रेल मार्गों पर माल वाहक वाहनों को रोका. बीच सड़क में अलाव जलाकर एवं बैनर लगाकर सड़क जाम किया. गुमला, बिशनपुर, छत्तीसगढ़, रायडीह, माझाटोली, बोड़ाम, फतेहपुर, जामताड़ा, बोकारो, सिसई, पलामू, लातेहार में इसका असर दिखा. 500 से अधक गाड़ियों की आवागमन को पूरी तरह बंद कर दिया. वहीं झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों ने अपने स्वाभिमान, अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा की उलगुलान टू का आगाज कर दिया है. आर्थिक नाकेबंदी में भुवनेश्वर केवट, इजहार राही, जितेंद्र सिंह, रोजलीन तिर्की, सरोजिनी कच्छप, स्टीफन किंडो, सिकंदर उरांव, कार्तिक महथा, बाल किशन उरांव अली हसन अंसारी, नंदलाल मेहता आदि ने नेतृत्व किया.

## जन्मदिन की बधाई




**पारवी** को पहले जन्मदिन पर **दादाजी** : राम बचन सिंह, **दादीजी** : पुष्पा देवी, **मम्मी** : पीयूषी प्रिया, **पापा** : कुमार आकाश एवं समस्त परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई...

## ब्रीफ खबरें

### बालाजी मंदिर में धनुर्मास गोदा महोत्सव आज से

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में रविवार से धनुर्मास गोदा महोत्सव दक्षिण भारतीय पद्धति से मनाया जाएगा. धनुर्मास 14 जनवरी तक रहेगा .सूर्य के मकर में प्रवेश करते ही इसकी पूर्णाहुति होगी. धनुर्मास में मांगलिक कार्य बंद रहेंगे, लेकिन भगवान श्रीराम-जानकी का विवाहोत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाएगा. मनुष्यों की तरह भगवान के लिए कोई नियम-बंधन नहीं होता है. अतः पूरे धनुर्मास में भगवान श्रीमन्नारायण की विशेष पूजा-अर्चना चलेगी.

### नर सेवा नारायण सेवा भाव से बांटा गया भोजन

**रांची।** मारवाड़ी सम्मेलन ने श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा के तहत बड़ी संख्या में लोगों के बीच प्रसाद स्वरूप भोजन बांटा गया. जोखीराम सरावगी परिवार के रांची प्रवास के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नर सेवा नारायण सेवा के भाव से भोजन की सेवा की गयी. इस क्रम में पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा में भी 210 लाभुकों ने भोजन कराया गया.सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा दें.

### इनर व्हील क्लब ने मंदिर में तुलसी के 108 पौधे लगाए

**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा की ओर से जगन्नाथपुर मंदिर परिसर में तुलसी के 108 पौधे लगाए गए. इसके अलावा गेंदा फूल के आठ गमलों के साथ दूसरे पौधे भी लगाए गए. क्लब की ओर से इसे तुलसी उपवन का नाम दिया गया है. साथ ही पेंट किया हुआ एक लोहे का स्टैंड भी स्थापित किया गया है. वहीं क्लब की ओर से दो कूड़ेदान भी दान किए गए. क्लब की अध्यक्ष माला श्रीवास्तव और सचिव सोमा भादुड़ी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ.

### पूजा कर श्रीसुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया

**रांची।** गुजराती स्कूल, लालजी हीरजी रोड में शनिवार को श्रद्धाभाव से श्रीसुंदरकांड पाठ महोत्सव मनाया गया. दिन के तीन बजे प्रभु का भव्य दरबार सजाया गया. पूजा-अर्चना के बाद पाठ प्रारंभ हुआ. सुरेश बजाज संग श्रद्धालुओं ने सस्वर मंगल भवन अमंगल हारी ... पाठ का उच्चार कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. पाठ के दौरान बची-बीच में रानी सिन्हा और ओसीसी महिला मंडल की ओर से भजन भी प्रस्तुत किये गये. रात आठ बजे आरती और प्रसाद वितरण हुआ.

### अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष को लिखा पत्र

**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ ने आयोग के चेयरमैन हिदायतुल्लाह खान को पत्र लिखा है. पत्र के माध्यम से बताया कि झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग 2002 अधिनियम, बिहार राज्य अल्पसंख्यक अधिनियम 1991 की तर्ज पर काम कर रहा है. 2005 में झारखंड की भाजपा की सरकार ने झारखंड राज्य महिला आयोग अधिनियम 2005 बनाकर राज्य महिला आयोग को यालय की शक्ति दी है. अल्पसंख्यक आयोग के साथ उस समय की सरकार ने सौतेला व्यवहार किया.

### सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**रांची।** सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में शनिवार को हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ मैक्स सुपर स्पेशियलिटी नई दिल्ली के डॉ. राजीव राठी ने सेवा दी. डॉ. राजीव राठी ने 100 से अधिक हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच कर चिकित्सीय सलाह दी. सुबह 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया. इस चिकित्सीय शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से लोग चिकित्सीय परामर्श हेतु उपस्थित थे.

### डीपीएस के 10 विद्यार्थी मैथ्स ओलंपियाड में हुए सफल

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने क्षेत्रीय मैथ्स ओलंपियाड में सफलता हासिल की है. इस प्रतियोगिता में झारखंड से कुल 41 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें 10 विद्यार्थी डीपीएस से हैं. इन छात्रों में श्रेयम झा, देवौंकर गिरि,वेद वत्सल,शुभम झा, रुद्राक्ष राय, रैना सिंह,अर्नव सिन्हा,आदित्य प्रताप,प्रणय कुमार सिंह और रुद्रांश रंजन का नाम शामिल है. सभी सफल विद्यार्थी मैथमेटिकल ओलंपियाड के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुने गए.

# आगमन काल में निकाला गया कार्निवाल जुलूस





▪ लोयला मैदान से निकली क्रिसमस उत्सव यात्रा में आकर्षण का केंद्र बने सांता क्लॉज

संवाददाता।रांची

झारखंड क्रिश्चियन युथ एसोसिएशन के बैनर तले शनिवार को क्रिसमस उत्सव यात्रा लोयला मैदान से शाम 3.20 से शुरू हुई. संतमरिया महागिरजाघर चर्च के फादर अंजलुस ने परमेश्वर आराधना से जुलूस को रवाना किया. इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में बालक यीशु का प्रेम के संदेश को लोगों को सुनाया.. सभी एक साथ मिलकर रहें और प्यार, शांति एक-दूसरे को बांटें.

उत्सव यात्रा में जीईएल चर्च, एनडब्ल्यू जीईएल चर्च, संत मरिया महागिरजाघर, सीएनआई चर्च के प्रतिनिधि शामिल हुए. संत मरिया महागिरजाघर चर्च के फादर अंजलुस केरकेट्टा उत्सव यात्रा के साथ 3.20 मिनट पर लोयला मैदान से डंगरा टोली होते हुए फादर कामिल बुल्के पथ होते हुए फिरायालाल चौक पहुंचे. फिरायालाल के पास मुख्य स्टेज बनाया गया था. वहां पर केक काटा गया. इसके साथ ही विभिन्न संगठनों से आये प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया. रांची में शनिवार को निकाले गये क्रिसमस जुलूस के माध्यम से लोगो के बीच प्रेम ,शांति और भाई चारा का संदेश दिया गया. मसीही विश्वासियों ने प्रभु यीशु से जुड़े कैरोल गीत गाये. लोग माथे पर सांता क्लाज की टोपी पहने दिखे. सांता के द्वारा लोगों के बीच टॉफी बांटते दिखाई दिये. सभी चौक चौराहों पर अपने हाथ हिला कर लोगों को एकता और शांति का संदेश दिया. इस अवसर पर रांची धर्माध्यक्ष के सहायक बिशप थियोडोर मास्करेहेनस ने कहा कि यीशु मसीह स्वर्ग छोड़कर धरती में आये है, जो हमारे उधार और मुक्ति के लिए संदेश लेकर आया है. मौके पर जय आदिवासी के अध्यक्ष निरंजना हेरेंज, केंद्रीय सरना समिति के अजय तिर्की, झारखंड क्रिश्चियन युथ एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, आदिवासी सेना के अध्यक्ष अलविन लकडा, संदीप उराव आदि शामिल थे

### क्रिसमस मेला शुरू

**रांची ।** रांची पल्ली के कैथोलिक समुदाय के लोगों ने रांची के पुरुलिया रोड स्थित संत महा मरिया गिरजाघर में शनिवार को दो दिवसीय मेले का आयोजन किया. इस मेले में 27 स्टॉल लगे हैं, जिनमें खाने पीने के सभी तरह के स्टाल लगे हैं. उनमें बिना बेक किए केक, डोनट, चिकन मोमो आदि शामिल हैं. इस मेले में जाने के लिए इंट्री फी 10 रुपये रखी गई हैं. मेले में क्रिसमस के मौके पर गिरजाघर के प्रांगण को क्रिसमस के डेकोरेशन से सजाया गया है. चरनी को नाव पर बनाया गया है.

### स्मार्ट क्लास के बच्चों की क्रिसमस गैदरिंग



**रांची ।** रोमन कैथोलिक चर्च के स्मार्ट क्लास ( जो बच्चे पढ़ाई के अलावा गिटार, पियानो एवं अन्य वाद्ययंत्र बजाते हैं ) के बच्चों ने शनिवार को पुरुलिया रोड स्थित सत्य भारती में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची रोक्टर हाउस के फादर अमृत लकड़ा थे. कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से की गई एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया. गैदरिंग में बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति की गई. कार्यक्रम में सभी बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे. बच्चों द्वारा स्टेज पर क्रिसमस कैरोल गीत गाए गए, जिनमें करे तेरी अर्चना, जीवन कर ज्योति यीशु, बैतलेहम की नगरी में, ग्लोरिया इंग्लिश सौंग भी शामिल थे.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- भारत में सोंगमो झील कहां पर है – **सिक्किम**
- भारत में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है – **उत्तर प्रदेश**
- झंडा सत्याग्रह के लिए कौन शहर प्रसिद्ध है – **नागपुर**
- भारत किस देश के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौता समाप्त करेगा – **मालदीव**
- संयुक्त राष्ट्र में स्थाई सदस्यों की संख्या कितनी है – **5**
- आम का वैज्ञानिक नाम क्या है – **मैग्नीफेरा इंडिका**
- अंतिम पंघाल किस खेल के खिलाड़ी हैं – **कुश्ती**
- लोकसभा में किस आधार पर सीटें बांटी जाती हैं – **जनसंख्या**
- किस बीमारी के इलाज के लिए संकल्प प्रोजेक्ट बनाया गया था – **एचआईवी**
- सोना किस पदार्थ में घुल जाता है – **एक्वा रेजिया**

## फील्ड अपडेट

### सरला बिरला स्कूल में फनाथॉन 2023 का आयोजन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मिनी स्पोर्ट्स डे 'फनाथॉन-2023' का आयोजन किया गया.खेल की शुरुआत कैंडी रेस, बैलून रेस, कोन रेस, फ्रॉग रेस और हर्डल रेस जैसी विभिन्न मनोरंजक दौड़ों से हुई. विभिन्न श्रेणियों की दौड़ के विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. वहीं,अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और केरल राज्य के लोक नृत्यों के मिश्रण से बने सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे माहौल को खुशनुमा बना दिया. विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने खेलों के महत्व पर जोर दिया.

### टेंडर हार्ट स्कूल में 'किलकारी' का आयोजन



**रांची।** टेंडर हार्ट स्कूल में शनिवार को पहली कक्षा का वार्षिकोत्सव किलकारी धूमधाम से मनाया गया. उत्सव विद्यालय के सभागार रंगायन में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन एवं रेडियो खांची के डायरेक्टर डॉ. बी पी सिन्हा एवं टेंडर हार्ट के चैयरमैन सुधीर तिवारी मुख्य अतिथि थे. कार्यक्रम का थीम हैलोवीन त्योहार पर आयोजित किया गया था.कार्यक्रम में पहली कक्षा के बच्चों ने अनेकों प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की तालिया बटोरीं.

### खाटू नरेश का किया गया तिलक शृंगार



**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में शनिवार को खाटू नरेश का तिलक शृंगार किया गया. दोपहर बाद आचार्य रत्नाकर शर्मा और मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा संग अन्य ने शीष के दानी प्रभु का केसर और चंदन से तिलक शृंगार किया. इसके बाद संध्या पांच बजे श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में 91वां श्रीश्याम भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें 2500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान सुरेश डागा, मंजु डागा एवं डागा परिवार ने भंडारा का प्रसाद अर्पित किया.

### डीएसपीएमयू के इतिहास विभाग में कार्यशाला

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा विकसित भारत 2047 पर कार्यशाला सह व्याख्यान का आयोजन किया गया. दो सत्रों में विभाजित इस कार्यशाला के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने पांच प्रणों की घोषणा की है. अगर देश के युवा इन पांच प्रणों को समुचित विकास की धारा के साथ जोड़ दें तो भारत विकसित होगा.

### जेसीयू के ब्वॉयज हॉस्टल मे योगाभ्यास का आयोजन

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (जेसीयू) के बॉयज हॉस्टल मे शनिवार को योगाभ्यास का आयोजन किया गया. योगाभ्यास में हॉस्टल के सभी छात्रों ने हिस्सा लिया. इस आयोजन में योग गुरु श्याम द्वारा छात्रों को योग का अभ्यास कराते हुए इसके लाभ को समझाया. उन्होंने छात्रों को वृक्षासन, ताड़ासन, पद्मासन औक ब्रजासन इत्यादि का अभ्यास कराया. योगाभ्यास में प्राणायाम को विस्तृत रूप से समझाया .

### केरलि स्कूल में रंगारंग वार्षिकोत्सव का आयोजन



**रांची ।** केरलि स्कूल, धुर्वा में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'कलर्स ऑफ लाइफ' का आयोजन किया गया. जिसमें केजी-प्रेप के बच्चों ने कई आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी. केजी के बच्चों ने "स्माइल ऑन फेस" नृत्य के जरिए हंसमुख और प्रसन्न रहने का संदेश दिया. साथ ही बच्चों ने लोगों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया.

### सीसीएल ने खान बचाव प्रतियोगिता में जीते 4 पुरस्कार



**रांची ।** सीसीएल ने तेलंगाना के सिंगरेनी में आयोजित 52वीं अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता (एआईएमआरसी) 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 पुरस्कार जीते. सीसीएल ए टीम को इस प्रतियोगिता में वैधानिक परीक्षण श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ और ओवरऑल दूसरा रनर अप घोषित किया गया. सीसीएल बी टीम के हिमांशु कुमार को इस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ सदस्य चुना गया. सीसीएल टीम बी ने थ्योरी परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया. इस टीम का नेतृत्व बरकासयाल क्षेत्र के आशीष राम और उप कप्तान एनके क्षेत्र के प्रियांशु ने किया.

### गाजे-बाजे के साथ झूम कर निकाली कलश यात्रा



**रांची।** श्रीद्वारिकाधीश धाम, राम मंदिर गाड़ीखाना में रविवार से श्रीराम कथामृत की धारा बहेगी. इसको लेकर शनिवार को मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी. इसमें मुख्य यजमान राजमनी चौधरी संग 101 कलशधारी महिलाएं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. महंथ अमरदास जी के साथ पार्षद सुनील यादव, छोटू सिंह, रौनी सिंह, गजेंद्र सिंह, अजित कुमार, कौशल सिंह आदि यात्रा की अगुवाई करते हुए साथ चल रहे थे. राम जी की निकली सवारी ... जैसे भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते श्रद्धालु हरमू रोड, रातू रोड, महावीर चौक होते हुए गांधी चौक, शहीद चौक के रास्ते लोहा पट्टी अपर बाजार स्थित जानकी मंदिर पहुंचे. यहां पवित्र जल कलश में भरा गया. फिर सभी जय श्रीराम का जयघोष करते हुए कार्ट सराय रोड होते हुए वापस मंदिर आये.

### मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र चयन समिति की बैठक

# मैट्रिक परीक्षा के लिए 100 परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे

शुभम किशोर ।रांची



रांची डीसी सह चयन समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 के लिए परीक्षा केंद्रों और मूल्यांकन सेंटर के चयन के लिए जिला परीक्षा केंद्र चयन समिति की बैठक आयोजित की. जिसमें मैट्रिक परीक्षा के लिए कुल 100 केंद्र और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए कुल 57 केंद्र बनाने कि सहमति प्रदान की गई. मैट्रिक परीक्षा में जिला के 320 विद्यालय के 38041 परीक्षार्थी व इंटरमीडिएट परीक्षा में 120 2 विद्यालय के 43175 परीक्षार्थी शामिल होंगे. डीसी ने सम्बंधित सभी अधिकारियों को वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 को कदाचार मुक्त परीक्षा का संचालन कराने को कहा. इसके साथ परीक्षा केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय कि व्यवस्था कराने को भी कहा. इसके साथ विद्यालय विकास कोष, छात्र कोष से परीक्षा केंद्रों में सीसी टीवी लगाने व मरम्मति का निर्देश भी दिया. डीसी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्र बनाते समय यह ध्यान रखना आवश्यक होगा कि परीक्षा केन्द्र उसी मुख्यालय में बनाया जाय जहां राष्ट्रीयकृत बैंक व थाना मौजूद हो एवं विधि व्यवस्था

### मानसिक तनाव से बचना बहुत जरूरी है : डॉ जगनानी

**रांची।** अगर हमलोग हृदयाघात, पक्षाघात और अन्य कार्डियोवैस्कुलर परेशानियों से बचना चाहते हैं, तो हमें अपने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर व वसा यानि कॉलेस्ट्रॉल के स्तर को नियमित रूप से नियंत्रण में रखना होगा. राजधानी रांची में आयोजित हो रहे एक्यूकॉन -2023 में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉ वीके जगनाणी ने अपने व्याख्यान में ये बातें कहीं. उन्होंने कहा कि अनियंत्रित रक्तचाप, मधुमेह, डिस्लिपीडिमिया व शिथिल जीवनशैली इसके मुख्य कारक हैं. उन्होंने यह भी बताया मद्यपान, धूम्रपान, तंबाकू, तेल-घी का ज्यादा सेवन करने और तनाव से बचना चाहिए. अक्सर हमलोग हृदयाघात को गैस समझ कर उपेक्षित कर देते हैं. छाती में पीड़ा, सांस फूलना, पसीना आना, बेचैनी होना, मतली जबड़े से लेकर नाभि के बीच के किसी भी कष्ट को हृदयाघात मानना चाहिए.

# लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल ने मनाई अपनी 25वीं सालगिरह



संवाददाता।रांची

लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल की 25वीं सालगिरह मनायी गयी. इस कार्यक्रम का नाम कृष्ण भारती रखा गया था. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश आनंदा सेन, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद और असुंता लकड़ा उपस्थित रहे. स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. सबसे पहले स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना पर डांस प्रस्तुत किया. इसके बाद गणेश वंदना पर डांस किया और छोटा सा नाटक प्रस्तुत किया. बच्चों ने एक के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. वहीं स्कूल के छोटे -छोटे बच्चों ने डांस और नाटक का मंचन किया. पर्यावरण को कैसे बचाया जाए, इस पर गांधी जी पर आधारित नाटक का मंचन किया गया. गांधीजी के उपदेशों को बताया गया. कार्यक्रम के दौरान स्कूल में पढ़ाई से लेकर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया.




### शहीदी गुरुपर्व | गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा कृष्णानगर कॉलोनी में सजा विशेष दीवान

# गुरु तेग बहादुर सिमरियै घर नव निधि आवे धाई सब थाई होए सहाई

संवाददाता।रांची

गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी में शनिवार को नौवें गुरु तेग बहादुर का शहीदी गुरुपर्व मनाया गया. इस अवसर पर विशेष दीवान सजा. रात आठ बजे दीवान की शुरुआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल ने शबद गायन से की. इनके बाद हजूरी रागी भाई महिपाल सिंह ने 'गुरु तेग बहादुर सिमरियै घर नव निधि आवे धाई सब थाई होए सहाई'.... शबद गायन कर संगत को निहाल किया. फिर गुरुपर्व में विशेष रूप से शिरकत करने आये प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई जसप्रीत सिंह सोनू वीर ने ''मैं गरीब मैं मसकीन तेरा नाम है आधारा'' जैसे कई शबद गायन कर साथ संगत को गुरुवाणी से जोड़ा. सोनू वीरजी ने कीर्तन के साथ कथावाचन करते हुए नौवें गुरु के जीवन दर्शन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला. सचिव अर्जुन देव मिढा ने कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए श्रीगुरु तेग बहादुर जी ने जो शहादत दी, वैसी दूसरी मिसाल दुनिया में नहीं है. रात साढ़े आठ बजे श्री आनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा और कड़ाह प्रसाद के साथ दीवान की समाप्ति हुई.



#### इन्होंने निभायी भागीदारी

प्रधान द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढ़ा, सुंदर दास मिढा, हरविंदर सिंह बेदी,अशोक गेरा, चरणजीत मुंजाल,जीवन मिढा, मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, सुरेश मिढा, वेद प्रकाश मिढा, नरेश पपनेजा, लक्ष्मण दास मिढा ,लक्ष्मण सरदाना, हरीश मिढा,लेखराज अरोड़ा,राजकुमार सुखीजा,इंदर मिढा,रमेश पपनेजा, प्रेम मिढा, कवलजीत मिढ़ा, बबली दुआ,गीता कटारिया, मंजीत कौर,खुशबू मिढा,दुर्गी देवी मिढा,बिमला मिढ़ा,तीर्थी काठपालिया,नीता मिढा, इंदु पपनेजा,रेशमा गिरधर,ममता सरदाना,मीना गिरधर,श्वेता मुंजाल, उषा झंडई,नीतू किंगर, ममता थरेजा,कंचन सुखीजा, सुषमा गिरधर आदि ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.



# फेसबुक मैसेंजर एप पर होती थी अमन से जेल में बातचीत

संवाददाता। धनबाद

अमन सिंह हत्याकांड में गिरफ्तार गांधी व बजरंगी ने बताया कि वाट्सएप और फेसबुक मैसेंजर एप से उन लोगों के बीच बातचीत होती थी. उसके मोबाइल में कालिया सिंह नाम से फेसबुक प्रोफाइल आईडी था, जबकि आशीष रंजन का फेसबुक प्रोफाइल आईडी अयूब खान नाम से बना हुआ था, इसी आइडी पर अक्सर उसकी बातचीत आशीष रंजन से फेसबुक मैसेंजर ऐप के द्वारा हुआ करती थी, एक दिन उसी से ऑडियो कॉल आया. आशीष ने पूछा कि जेल में कुछ लफड़ा हुआ है क्या? जिसपर गांधी ने अमन सिंह एवं जेलर साहब के बीच हुए झगड़े के बारे में सबकुछ बता दिया. इस घटना के बाद अमन सिंह अक्सर अपने लड़कों के पास बोलता फिरता था कि कुछ दिनों का इंतजार करो, दुमका जेलर पर तो सिर्फ गोली ही चलवाए थे, देखो हम कैसे इस जेलर का गेम बजाते हैं. घटना के लगभग एक सप्ताह पूर्व बातचीत के क्रम में आशीष रंजन द्वारा पूछा गया कि आज या कल सुंदर महतो नाम का कोई लड़का धनबाद जेल गया है. क्या पता करके बताओ. अगर गया है तो उससे बात कराओ. इसके उपरांत में और विकास बजरंगी सुंदर महतो नाम के कैदी को ढूंढने लगे. काफी देर ढूंढने के बाद नया वार्ड नंबर चार में सुंदर महतो नाम के एक कैदी का पता चला जो बाइक चोरी में एक दिन पूर्व ही जेल आया था.

**जेलर या अमन, तो रितेश ने चुना अमन की मौत :** सतीश और विकास बजरंगी ने खोजकर रितेश को बाथरूम में ले जाकर फोन से आशीष रंजन से उसकी बात करवा दिये. फोन पर बातचीत करवाने के बाद उस रितेश ने बताया कि अमन सिंह के कहने पर आशीष ने उसे यहां के अन्य लड़कों के साथ कांड करने के लिए भेजा था. कांड करने के लिए चोरी का बाइक के साथ एक जगह गये थे लेकिन पकड़े गये और जेल चले आये. अब आशीष रंजन बोल रहा है कि अमन सिंह बोला है कि जेलर को मार दो, लेकिन उसने यह काम नहीं करने की ठानी है. तो गांधी व बजरंगी ने भी इसके लिए उसे मना किया. तो सुंदर थोड़ा परेशान रहने लगा. दूसरे दिन पुनः आशीष रंजन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान आशीष बोला कि तुम और विकास बजरंगी मिलकर किसी भी तरह उस लड़के को राजी करो, अमन सिंह घटना करवाने के लिए बहुत दबाव बना रहा है. इसी क्रम में वह बोला कि हथियार जेल पहुंच जाएगा तो थोड़ा मदद कर दो. अमन सामने नहीं आना चाहता है, पूछने पर उसका भी डांट रहा था. घटना के तीन दिन पूर्व आशीष रंजन का ऑडियो फेसबुक मैसेज में आया. उसने बताया कि जेल के गोदाम में जहां सभी लोगों के राशन का सामना रहता है, उसमें से एक झोले में हथियार रखा गया है. गांधी व बजरंगी को लाकर सुंदर को दे देना. पहले तो उसकी बातों पर विश्वास नहीं हुआ परंतु गोदाम जाकर देखने पर राशन के होले में रखा दो पिस्टल हमलोगों को मिला. उसी दिन फिर आशीष रंजन का ऑडियो कॉल फेसबुक एकाउंट पर आया और उसने सुंदर महतो से बात करवाने के लिए बोला. तब गांधी व विकास बजरंगी बाथरूम में ले जाकर सुंदर महतो से बात करा दिये. बातचीत के आशीष द्वारा उसे काफी डॉटा फटका जा रहा था, जेलर पर हमला करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था. मैंने इशारा कर के उसको मना करने को कहा तो उसने भी आशीष को बोला कि चाहे जो हो जाए के प्रशासन के ऊपर गोली नहीं चलाएगा. इसपर आशीष ने बोला कि अगर घटना नहीं करोगे तो अमन सिंह तुम्हारे साथ-साथ तुम्हारे और मेरे परिवार वालों को भी मरवा देगा. सभी लोगों का इसी में भलाई है कि तुम या तो जेलर को मार दो या अमन सिंह को ही मार दो. इसके बाद रितेश ने अमन सिंह को मारने के राजी हो गया.

आओ जानें

## न्याय दिलाने में राज्यों का स्थान

| | | | |
|---|---|---|---|
| तेलंगाना | 1 | हरियाणा | 12 |
| तमिलनाडु | 6 | उत्तराखंड | 5 |
| कर्नाटक | 2 | राजस्थान | 14 |
| गुजरात | 8 | बिहार | 16 |
| आंध्रप्रदेश | 3 | पश्चिम बंगाल | 18 |
| केरला | 17 | उत्तरप्रदेश | 15 |
| झारखंड | 11 | सिक्किम | 01 |
| मध्यप्रदेश | 7 | अरुणाचल प्रदेश | 02 |
| छत्तीसगढ़ | 9 | त्रिपुरा | 07 |
| ओडिसा | 4 | मेघालय | 03 |
| महाराष्ट्र | 10 | मिजोरम | 04 |
| पंजाब | 13 | हिमाचल प्रदेश | 05 |

## ब्रीफ खबरें

### रितेश-गांधी वापस गए जेल, बजरंगी भर्ती

**धनबाद।** अमन सिंह हत्याकांड में जेल से रिमांड पर लिए रितेश यादव, विकास बजरंगी और सतीश उर्फ गांधी की रिमांड अवधि शनिवार को खत्म हो गई. रितेश और गांधी को पुलिस ने न्यायालय के सुपुर्द कर दिया, यहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया, जबकि कांड के नामजद विकास बजरंगी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल में रखा गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है. उसके गॉल ब्लाडर में पत्थर है.

### पुलिस ने चलाया ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान

**रांची।** रांची ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार देर शाम कई जगहों पर ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया. बिरसा चौक, लालपुर चौक, रिलायंस मार्ट कांके, नटराज बार मेन रोड और फिरायालाल के पास चेकिंग अभियान के दौरान पांच लोग नशे में गाड़ी चलाते पकड़े गये. सभी के खिलाफ न्यायालय में अभियोजन समर्पित कर कार्रवाई की जा रही है. वहीं दूसरी बार पकड़े जाने पर 15 हजार जुर्माना या 2 साल जेल या दोनों की सजा है.

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो गंभीर

**मनोहरपुर।** मनीपुर हांथी चेक नाका के समीप शनिवार रात 7:30 बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक पौलुष भुइयां मनोहरपुर थाना अंतर्गत नंदपुर पंचायत के डोंगाकाटा पानी टंकी का रहने वाला है. वहीं 18 वर्षीय युवक मानकी गोप छोटानागरा अंतर्गत ग्राम ममार का रहने वाला है. घटना स्थल पर मौजूद भाजपा के राजकुमार लोहार ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया.

### बीस दिनों से युवक लापता, लगाई गुहार

**तेतुलामारी।** तेतुलमारी थाना अंतर्गत हनुमान गली निवासी सुरेंद्र पासवान का 28 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार पासवान कई दिनों से लापता है. दीपक के परिजन ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर अपने पुत्र को सही सलामत खोज निकालने की गुहार मीडिया के माध्यम से जिला प्रशासन से लगाई है. सुरेंद्र पासवान ने बताया कि दीपक जमशेदपुर से आईटी की पढ़ाई की थी. कुछ समय से मानसिक तनाव में रह रहा था. जिसका आयुर्वेदिक चिकित्सा भी चल रहा था.

### लोन के नाम पर ठगी, दो भेजे गए जेल

**धनबाद ।** बैंकों से लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले दो शातिरों को धनबाद साइबर पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया. बताते चलें कि दोनों शातिर नवादा जिले के रहने वाले हैं और कई राज्यों के लोगों के साथ ठगी कर चुके थे. पुलिस पोर्टल में इनकी शिकायत दर्ज होने के बाद इनकी छानबीन शुरू हुई तो इनका लोकेशन धनबाद में मिला. पकड़े गए गुलशन कुमार और विधवंश यादव दोनों पड़ोसी है.

### पुलिस ने छापेमारी कर 10 टन कोयला जब्त

**कतरास।** अवैध कारोबार के खिलाफ रामकनाली ओपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए केशलपुर कोलियरी व बेलेंजाबाद में शनिवार को छापेमारी कर करीब दस टन से अधिक अवैध कोयला जब्त किया, साथ ही केशलपुर कोलियरी में अवैध मुंहाने की भराई करवाया. उक्त कार्रवाई से धंधेबाजों में खलबली मच गई है. इधर, पुलिस ने जब्त कोयले को बीसीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया है.

साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई जारी

# 13 साइबर अपराधी हुए गिरफ्तार

- 28 मोबाइल फोन, 43 सिमकार्ड, 7 एटीएम कार्ड सहित अन्य सामान हुआ बरामद

संवाददाता। गिरिडीह



साइबर अपराध के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है. एसपी दीपक शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 13 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. जबकि दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है. इनके पास से 28 मोबाइल फोन, 43 सिमकार्ड, 7 एटीएम कार्ड, 1 पासबुक, 1 लाख 35 हजार नगद, एक ब्रिजा कार समेत दो बाइक बरामद किए गए हैं. इस बात की जानकारी परवाटांड़ स्थित पुलिस ऑफिस में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर दी.

**जिले के अलग-अलग इलाके से हुई है गिरफ्तारी :** दीपक कुमार शर्मा के अनुसार, सभी साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी गिरिडीह जिले के गांडेय और अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाके से हुई है. गिरफ्तार साइबर अपराधियों में अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के जमजोरी का सरफुद्दीन, जामताड़ा जिले के लटाई का विकास मंडल, नारायणपुर का विकास मंडल, अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के देवपुर का सुनील रवानी, मुकेश वर्मा, गांडेय के चंपापुर का इरफान अंसारी, मो. दानिश, मो. तनवीर, देवघर के मरगोमुंडा का मो. सोएब अख्तर, गांडेय के चंपापुर का सयैद अंसारी, मो. अहमद अंसारी, अबुल हसन और गांडेय के आसनबोनी का मनोज मंडल शामिल है.

**मातृत्व लाभ दिलाने का झांसा देकर करते थे ठगी**

गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे गर्भवती महिलाओं के मोबाइल नंबर पर कॉल कर उन्हें मातृत्व लाभ दिलाने का झांसा देते थे. साइबर अपराधी उनके फोन पर रिमोर्ट एक्सेस ऐप का लिंक भेजकर उसको इंस्टॉल करवाते थे. इसके बाद ठगी की घटना को अंजाम देते थे. इसके अलावा साइबर अपराधी एयरटेल पेमेंट बैंक के मित्रा एप के माध्यम से लोगों के ई-वायलेट नंबर प्राप्त कर उन्हें कॉल कर उनके साथ ठगी करते थे.

## लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला साइबर ठग गिरफ्तार

**लातेहार।** लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक साइबर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बरवाडीह पुलिस ने उसे बरवाडीह रेलवे क्वार्टर 157/सी से गिरफ्तार किया है. इस आशय की जानकारी बरवाडीह थाना परिसर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में एसडीपीओ दिलु लोहार ने दी. उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गयी. उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ साइबर अपराधी बरवाडीह में रहकर साइबर क्राइम कर रहे हैं. इनके विरुद्ध एनसीसीआरपी पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज की गयी थी. शिकायत में बताया गया था कि तमिलनाडु की एक व्यक्ति से धानी एप से लोन दिलाने के नाम पर ठगी की गयी है. साइबर अपराधियों का लोकेशन बरवाडीह बता रहा था.

**छापेमारी दल का गठन किया गया :** साइबर ठगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अंजन के निर्देश पर बरवाडीह एसडीपीओ दिलु लोहार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया. दल ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर बरवाडीह रेलवे क्वार्टर नंबर 157/ सी में रेल कर्मचारी विवेक कुमार के घर छापेमारी की. रेलकर्मी विवेक कुमार ने बताया कि उसके बेटे का जन्म दिन मनाने के लिए उसका भाई ऋषिकेश कुमार पंकज (31) पिता स्व सुखदेव राम, ग्राम लठोत, छटियारा थाना करडे, शेखपुरा (बिहार) से यहां आया है. इसके बाद पुलिस ऋषिकेश कुमार पंकज से पूछताछ शुरू किया. पुलिस के पूछताछ में पंकज ने स्वीकार किया कि यह साइबर क्राइम उसने किया है. इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया.



**साइबर ठग गिरोह से जुड़ा है पंकज :** पंकज ने बताया कि वह साइबर ठग गिरोह से जुड़ा है. ग्रुप के द्वारा फेसबुक पर धानी एप के माध्यम से लोन देने के लिए विज्ञापन दिया जाता है. जो लोग विज्ञापन के लिंक पर क्लिक करता है, ठग उसे अपना शिकार बनाते थे. प्रोसेसिंग फीस, इंश्योरेंस चार्ज व लेट फाइन आदि का हवाला दे कर खाते में पैसा डलवाते हैं. एसडीपीओ ने बताया कि अब तक चार लाख से अधिक रुपए की ठगी पंकज के द्वारा की गयी है. वह बीते छह माह से इस ग्रुप से जुड़ कर लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रहा था. छापेमारी में उसके पास से चार मोबाइल, दो पासबुक, दो चेक बुक, दो एटीएम कार्ड एवं फर्जी लोन का अप्रूवल लेटर बरामद हुआ है. इस अभियान में एसडीपीओ दिलु लोहार के अलावा छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअनि रवि कुमार रवि व कुमार सुमित बरवाडीह पुलिस के जवान शामिल थे.

## रेलवे स्टेशन में 23 बोतल अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

संवाददाता ।बोकारो

बोकारो रेलवे स्टेशन के एएसआई आरपी सिंह अपने 3 कर्मचारियों के साथ पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में 23 बोतल अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया. जानकारी के अनुसार उक्त आरपीएफ पुलिस एस्कॉर्ट टीम जब उक्त ट्रेन एस्कॉर्ट ड्यूटी कर रहे थे, तो इसी बीच ड्यूटी के दौरान जब ट्रेन पुरुलिया से बोकारो के बीच चल रही थी, तो उनकी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी. वह कोच संख्या-एस-6 के शौचालय के पास एक बैग के साथ संदिग्ध तरीके से खड़ा था.

बैग दिखाने को कहने पर वह घबरा गया और बोला कि वह पुरी से गया जा रहा है. उसने यह भी बताया कि वह अपने रिश्तेदार की शादी के लिए शराब ले जा रहा था. इसके बाद उसे ट्रेन एस्कॉर्टिंग पार्टी द्वारा हिरासत में लिया गया. और पीसी, आरपीएफ, बोकारो को सूचित किया गया. आरपीएफ पीसी के निर्देशानुसार एसआई अरुणा ओरांव, एएसआई एस शेखर और अन्य स्टेशन ड्यूटी अधिकारी और कर्मचारियों के साथ ट्रेन में उपस्थित हुए और उस व्यक्ति को बोकारो में रोक लिया.

उसके ग्रे रंग के बैग की जांच करने पर कुल 23 शराब की बोतलें व्हिस्की जब्त की गयी. गिरफ्तार युवक ने अपनी पहचान रौशन कुमार (उम्र 26 वर्ष) पुत्र-बबलू साव, निवासी-वार्ड नंबर 12, राजेंद्र पथ, तेलबीघा, पोस्ट- नया गोदाम अड्डा, थाना-कोतवाली, जिला-गया के रूप में बताई. सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद उक्त व्यक्ति और बैग के साथ सभी शराब की बोतलों को आरपीएफ पोस्ट बोकारो लाया गया. जब्त शराब की बोतलें और गिरफ्तार व्यक्ति को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग बोकारो को सौंप दिया गया.

## गोविंदपुर में हाइवा के धक्के से जैप जवान की हो गई मौत

संवाददाता। गोविंदपुर

धनबाद जिले के गोविंदपुर स्थित झारखंड सैन्य पुलिस वाहिनी- 3 के जवान जमाल अख्तर की शनिवार को हाइवा की चपेट में आकर मौत हो गई.



जमाल अख्तर बाइक से जा रहे थे, तभी बलियापुर रोड में कर्माटांड़ के समीप हाइवा ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में जवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हजारीबाग के लाखे कोर्रा निवासी 38 वर्षीय जमाल अख्तर वर्ष 2006 में वाहिनी में बहाल हुए थे. जानकारी के अनुसार, दोपहर में उनकी मां हजारीबाग से गोविंदपुर आ रही थीं. जमाल उन्हें रिसिव करने गोविंदपुर बाजार पहुंचे थे. वहां मां टेंपो पर बैठाकर खुद बाइक से कर्माटांड़ की ओर अपने किराए के आवास पर जा रहे थे. तभी हादसे का शिकार हो गए. इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव को एसएनएमएमसीएच, धनबाद भिजवाया. खबर पाकर बड़ी संख्या में जैप जवान भी एसएनएमएमसीएच पहुंचे. पोस्टमार्टम के बाद शाम में शव गोविंदपुर वाहिनी परिसर लाया गया, जहां इंस्पेक्टर के नेतृत्व में जवानों ने उन्हें सलामी दी.

### नाबालिग से दुष्कर्म में शिक्षक दोषी करार

**धनबाद।** छात्रा के साथ दुष्कर्म कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देने के मामले में शनिवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया. धनबाद पोक्सो के विशेष नयायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी पुराना स्टेशन निवासी शाहरूख ऊर्फ शाहरूख अली को दोषी करार दिया है.

अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर धनसार थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता शाहरुख के पास पढ़ने जाती थी. इसी दौरान शाहरूख ने उसके साथ दुष्कर्म किया था और उसका वीडियो बना लिया था और उसके वीडियो को इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी के द्वारा वायरल कर दिया था. इससे तंग होकर पीड़िता ने आत्महत्या का मन बना लिया था.

## अवैध लकड़ियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल



संवाददाता। लातेहार

पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के जंगलों में वन विभाग की टीम ने दो लोगों को अवैध लकड़ियों के साथ गिरफ्तार किया है. उनकी गिरफ्तारी अमवाटीकर बीट के ओपाग वन क्षेत्र से की गयी है. दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है.

गिरफ्तार आरोपियों में सुखलाल परहिया व करमदेव परहिया का नाम शामिल है. दोनों ओपाग गग्राम के ही रहने वाले हैं. प्रभारी वनपाल नवीन कुमार प्रसाद ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों को सूचना मिली थी कि कुछ लकड़ी तस्कर जंगल से लकड़ी काटकर जंगल से बाहर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं. इसके बाद रेंजर शंकर पासवान के निर्देश पर एक छापेमारी टीम गठित की गयी. प्रभारी वनपाल नवीन कुमार प्रसाद के नेतृत्व में इन दोनों आरोपियों को अवैध लकड़ियों के साथ गिरफ्तार किया गया.

### पोक्सो एक्ट के आरोपी को भेजा गया जेल

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद पंचायत से एक सप्ताह पूर्व गायब हुई 9वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा को पुलिस ने उसके प्रेमी के साथ बरामद कर लिया है. पुलिस द्वारा दोनों युवक-युवती को अहलियापुर थाना क्षेत्र से शुक्रवार को बरामद किया गया है. थाना लाने के बाद नाबालिग को मेडिकल जांच एवं 164 के बयान के लिए न्यायालय भेज दिया गया. वहीं, युवक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. इस संबंध में थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि बीते 8 दिसंबर को नाबालिग अपने घर से लापता हो गई थी. 12 दिसंबर को नाबालिग की मां ने अहलियापुर थाना क्षेत्र के नावाडीह के रहने वाले विकास तुरी के खिलाफ नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया था. नाबालिग की मां के आवेदन के आधार पर बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 283/23 के तहत केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू की गई.

## असामाजिक तत्वों ने खलिहान में लगाई आग, लाखों का नुकसान

संवाददता। लोहरदगा

कुड़ू प्रखंड अंतर्गत सुंदरू पंचायत के ओपा गांव स्थित खलिहान में शनिवार की शाम असामाजिक तत्वों ने खलिहान में आग लगा दी. जिससे किसान लाल निरोज नाथ शाहदेव और विजय ठाकुर के धान जलकर राख हो गए. मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब 3:30 बजे कुछ लोगों ने जल रहे खलिहान से आग की लपटें उठती देख शोर मचाया. हल्ला सुन गांव के लोगों खलिहान की ओर दौड़े और मोटर पंप चालू कर कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफल हुए लेकिन तब तक दोनों का खलिहान में रखा गया धान का बोझा जल चुका था. पीड़ित किसान निरोज शाहदेव ने बताया कि सिर्फ उनका करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है. उन्होंने बताया कि आग किसने और किस



वजह से लगाई है हमें इसकी जानकारी नहीं है. हमलोगों ने इसकी सूचना कुडू अंचलाधिकारी को दी है. इस साल अच्छी बारिश नहीं होने के कारण कुछ किसानों ने धान की खेती की थी. इस घटना से दोनों किसान के परिवार के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है. पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है.वहीं सीओ प्रवीण कुमार सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि खलिहान में आग लगने से धान जलने की सूचना मिली है. राजस्व कर्मचारी को रिपोर्ट के लिए ओपा गांव जाने का निर्देश दिया गया है. रिपोर्ट मिलते ही मुआवजे के लिए जिला स्तरीय अधिकारी के पास अनुशंसा की जाएगी.

### हत्या करने जा रहे सागर लोहार समेत 4 गिरफ्तार

**आदित्यपुर।** सरायकेला पुलिस ने एक जमीन कारोबारी की हत्या करने जा रहे कुख्यात अपराधी सागर लोहार समेत 4 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है. यह सभी जमीन कारोबारी की हत्या के फिराक में थे. इसकी जानकारी एसपी डॉ विमल कुमार ने जिला पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता में बताई. पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अपराधियों में सागर लोहार, बबलू दास उर्फ भट्टा लोहार और भोलू उर्फ तारिणी शामिल है. सभी अपराधियों पर पूर्व से दर्जन भर आपराधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस ने उनके पास से 3 पिस्टल, एक कट्टा, 10 जिंदा कारतूस भी बरामद किया है. ये अपराधी आरआईटी थाना क्षेत्र और जमशेदपुर से गिरफ्तार किए गए हैं. मुख्य अपराधी सागर लोहार पर हत्या, गोली चालन, रंगदारी जैसे संगीन अपराधिक कांड दर्ज हैं. पुलिस गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ शुरू कर दी है.

**रांची गैंगरेप मामला** दोस्त से मिलने खूंटी से रांची आयी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

# चार नाबालिग समेत छह आरोपी को किया गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

दोस्त से मिलने खूंटी से रांची आयी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था. सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल चार नाबालिग समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

घटना तुपुदाना ओपी क्षेत्र में हुई थी. जहां आरोपियों ने एक लड़की का पहले अपहरण किया, फिर उसे अपने साथ ले गए और रातभर दुष्कर्म किया. घटना के संबंध में तुपुदाना ओपी पुलिस को दस दिसंबर को जानकारी मिली. नाबालिग का पुलिस ने मेडिकल कराया और उसके बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी. इस मामले में आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है.



**क्या है मामला :** घटना के संबंध में नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से खूंटी की रहने वाली है. अपने प्रेमी से मिलने के लिए खूंटी से रांची आयी थी. लेकिन नौ दिसंबर की रात प्रेमी के साथ उसकी किसी बात पर अनबन हो गई और वह उसके घर से बाहर निकल कर सड़क पर आ गई. नाबालिग को अकेले देख पहले बाइक सवार तीन युवकों ने उसे अगवा कर लिया. तुपुदानाके हुलहुन्दू के पास चर्च गेट से उसे रात करीब 9 बजे अगवा किया गया.

फिर आरोपी उसे लेकर खरसीदाग स्थित एक सुनसान स्थान पर पहुंचे. जहां पहले से भी पांच युवक शराब पी रहे थे. उसके बाद सभी ने एक-एक कर नाबालिग से दुष्कर्म किया. जब लड़की की स्थिति खराब होने लगी तो उसे बाइक से लेकर रात 12 बजे दसमाइल चौक के पास छोड़ दिया. लड़की किसी तरह एक ऑटो वाले की सहायता से रात डेढ़ बजे तुपुदाना थाना पहुंची. फिर उसने पूरी कहानी पुलिस को बतायी.

## कलेक्शन एजेंट से चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत गुदड़ी मार्केट के पास कदमा निवासी हितेंद्र कुमार अग्रवाल के पास से चार लाख की चोरी करने के मामले में पुलिस ने बर्माामाइंस कैरेज कॉलोनी निवासी रवि पांडेय को गिरफ्तार किया है. रवि के पास से पुलिस ने चोरी किए गए 3.50 लाख रुपये भी बरामद किए. शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए एएसपी लॉ एंड ऑर्डर सुमित अग्रवाल ने बताया कि हितेंद्र कलेक्शन एजेंट का काम करते हैं. वे रुपये कलेक्ट कर बैग को अपने बाइक पर ही छोड़कर चले गए थे. इसी बीच मौके का फायदा उठाते हुए रवि ने बैग की चोरी कर ली और फरार हो गया. मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच शुरु की और



सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया. एएसपी ने बताया कि रवि का पूर्व में कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा है.पूछताछ में रवि ने पुलिस को बताया कि वह हितेंद्र के पास ही खड़ा था. उसने देखा की हितेंद्र बैग में रुपये रखकर दुकान में चला गया है. इसी का फायदा उठाते हुए उसने बैग चुरा लिया. वह रुपये लेकर अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए गया था पर दोस्तों ने कुछ रुपये छीन लिए.



## राशिफल
**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** समय बहुत ही अच्छा है. अचानक और अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. पुराना रोग उभर सकता है. विवाद से क्लेश संभव है. समय का लाभ लें.

**वृषभ** सामाजिक कार्य और धर्म में मन लगेगा. दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी. कार्य में पूर्णता होगी. पारिवारिक चिंता दूर रहेगी. कीमती वस्तुओं का लाभ होगा. जुबान पर नियंत्रण आवश्यक है. किसी परिचित से कोई बड़ा लाभ होगा.

**मिथुन** किसी से बहस नहीं हो, इसका प्रयास करें. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. भाग्य का साथ रहेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. निवेश शुभ रहेगा. आपके कार्य और प्रभाव से आय होगी.

**कर्क** आय के लिए दिन बहुत अच्छा है. नई योजना बनेगी. कारोबार में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. नए व्यापारिक अनुबंध होंगे. धनार्जन होगा. लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी.

**सिंह** मौसमी बीमारियों से बचना चाहिए. परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. मंदिर में सेवा करें.

**कन्या** क्रोध पर काबू जरूरी है. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आय में निश्चितता होगी. ऐश्वर्य पर व्यय होगा.

**तुला** माता के स्वास्थ्य पर खर्च हो सकता है. कोई पुराना रोग उभर सकता है. भागदौड़ रहेगी. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. अन्न का दान करें.

**वृश्चिक** समय बहुत ही अच्छा है. कोई अच्छा समाचार मिल सकता है. पर किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. व्यर्थ भागदौड़ होगी. कार्य में विलंब होगा. चिंता तथा तनाव रहेंगे. गणेश का मंत्र जप करें.

**धनु** धन का आगमन होगा. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में चैन रहेगा. आय में वृद्धि होगी. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा. माता की सेवा करें. किसी मंदिर में झाड़ू दान करें.

**मकर** समय अच्छा है. मानसिक और आर्थिक लाभ होगा. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें. चोट व रोग से बचें. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी.

**कुंभ** खर्च पारिवारिक या सामाजिक कार्य में होगा. किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. चोट व रोग से बचें.

**मीन** आय और नया कार्य के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. कारोबार में वृद्धि होगी. निवेशादि शुभ रहेंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. स्त्री पक्ष से लाभ होगा. अनजान और अज्ञात भय रहेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. तेल का दान करें.

### सर्वधर्म सदभावना समिति : सम्मान समारोह में समाजसेवी व पत्रकार सम्मानित
# सदभावना इतनी बढ़े कि विवाद उत्पन्न ही न हो : डीसी

**संवाददाता। रांची**

सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में शनिवार को बिहार क्लब सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में सदभावना समिति के पदधारी, स्थानीय थाना प्रभारी, पत्रकारबंधु, सामाजिक कार्यकर्ताओं को समाज में बेहतर कार्य के लिये मोमेंटो व शाल के साथ सम्मानित किया गया. उपस्थित लोगों को मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि एडीएम विधि व्यवस्था राजेश्वरनाथ आलोक ने सम्मानित किया.

उपायुक्त ने कहा कि सदभावना समिति का उद्देश्य ऐसा होना चाहिए कि पूरे समाज में सदभावना इतना बढ़े कि विवाद उत्पन्न ही न हो. अगर हो भी जाये तो आपस में ही सुलझ जाए और प्रशासन को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता ही न हो. आपस में संवाद जरूर करें, ताकि प्रेम और भाईचारा बना रहे और समाज में एक मिसाल कायम हो.उन्होंने कहा कि आज नए-नए युवाओं को देख कर काफ़ी खुशी हो रही है, समिति के ये युवा नये जोश के साथ काम करेंगे. इनका ऐसे जुड़ते रहना आवश्यक है. ये युवा नई सोच नई राह से सदभावना समिति को आगे ले जाएंगे. मौके पर महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, दुर्गा पूजा बिहार क्लब समिति के अध्यक्ष डॉ अजित सहाय, महावीर मंडल के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, समिति के सदस्य मो इस्लाम, राजन वर्मा, प्रदीप राय बाबू, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के प्रमुख प्रतिनिधिगण, मो फिरोज, मो असरफ, मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी, परमजीत सिंह टिंकू, मो इश्तेयाक, मोइज अख्तर भोला, आदिल रशीद, सैयद फिरोज, मो रिजवी, रेहान अहमद, मो नसीम, बुलंद अख्तर, जनक नायक, तनवीर आलम, आफताब आलम समेत अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद थे.



सम्मान समारोह में प्रतीक चिह्न प्रदान करते रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा.

## आओ जानें
# झारखंड की भाषाएं



- झारखंड का भाषाई परिदृश्य झारखंड की संस्कृति और इसके जातीय परिदृश्य जितना ही विविध है, इसके सम्पूर्ण क्षेत्रफल में असंख्य भाषाएं बोली जाती हैं. हिंदी, अपनी विभिन्न बोलियों में, सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और राज्य की सामान्य भाषा के रूप में कार्य करती है.
- आदिवासी समुदाय ऑस्ट्रोएशियाटिक और द्रविड़ भाषा परिवारों से संबंधित भाषाएं बोलते हैं. इनमें से संथाली, मुंडारी, हो, खरिया और कुरुख कुछ प्रमुख आदिवासी भाषाएं हैं जो झारखंड के सांस्कृतिक परिवेश में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं. -इनमें से प्रत्येक भाषा की अपनी अनूठी ध्वन्यात्मकता, लिपि और व्याकरण है, जो संबंधित जनजातियों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक विकास को प्रतिबिंबित करती है. उदाहरण के लिए संथाली ओल चिकी लिपि का उपयोग करती है और उन कुछ आदिवासी भाषाओं में से एक है, जिनकी लिखित परंपराएं हैं. यह सिर्फ संचार का माध्यम नहीं है, बल्कि संथाल जनजाति की लोककथाओं, मौखिक परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार का भंडार भी है.
- गैर-आदिवासी समुदाय मुख्य रूप से हिंदी, बंगाली, मैथिली और उर्दू बोलते हैं, जो राज्य की भाषाई विविधता में योगदान करते हैं. झारखंड में बोली जाने वाली भाषाओं की समृद्धि और विविधता इसके जीवंत सांस्कृतिक चरित्र और विरासत का प्रमाण हैं. वे राज्य की पहचान का अभिन्न अंग हैं, विविधता के बीच एकता की भावना को बढ़ावा देते हैं और झारखंड की सांस्कृतिक गतिशीलता में योगदान करते हैं.

### राज्यपाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
# योजनाओं के प्रति लोगों के बीच जागरूकता जरूरी : राधाकृष्णन

**संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं लाभार्थियों के मध्य परिसंपत्ति का वितरण किया. पुराने विधान सभा भवन के समीप आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि योजनाओं के प्रति लोगों के बीच जागरूकता आवश्यक है. इस कार्य में जन-प्रतिनिधियों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है. लोगों से कहा कि इस दिशा में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित करें. देश की आजादी के 100वें वर्ष अर्थात 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है. यह सबों के सामूहिक प्रयास से ही हासिल किया जा सकता है.




**सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति संकल्प**

राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा'' एक विकसित एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता व संकल्प है. पीएम मोदी द्वारा पांच राज्यों- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में "विकसित भारत संकल्प यात्रा" का शुभारंभ किया जा रहा है. प्रधानमंत्री केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है. विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा ''जनजातीय गौरव दिवस'' के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती से ही किया गया था.

### योजनाओं की जानकारी देने का अभिनव तरीका है संकल्प यात्रा

राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा'' से लोगों को कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराने एवं जागरूक करने का अभिनव तरीका है. इस यात्रा का उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है ताकि विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे. कोई भी व्यक्ति इससे वंचित न रहे. प्रधानमंत्री ने पारंपरिक खाना पकाने के तरीकों से होने वाले हानिकारक प्रभावों से मुक्त करने के लिए ''प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना'' शुरू की थी. बेघरों के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज 'आयुष्मान भारत' योजना प्रारम्भ की गयी है. कृषि के क्षेत्र में पीएम किसान सम्मान निधि योजना', स्वच्छ पेयजल की दिशा में 'जल जीवन मिशन' योजना, खाद्य सुरक्षा योजना समेत कई कल्याणकारी योजनाएं हैं.

# निबंधन कार्यालय में जुटी रही भीड़

**धनबाद।** खरमास को लेकर जिला निबंधन कार्यालय में शनिवार को प्रोपटी का निबंधन कराने वालों की दिनभर भीड़ लगी रही. डीड राइटरो के अनुसार शाम चार बजे तक 30 लोग अपनी ज़मीन का निबंधन करा चुके थे. दो दिन काम बाधित होने के कारण शनिवार को भीड़ ज्यादा थी. खरमास से पूर्व निबंधन का काम पूरा कराने के लिए लोग कार्यालय पहुंचे. अवर निबंधक उज्ज्वल मिंज ने बताया कि इस साल शहरी क्षेत्र का सर्किल रेट बढ़ने के बाद भी जमीन का निबंधन ठीक ठाक हुआ है. ग्रामीण क्षेत्र में अधिक जमीन की खरीद बिक्री हुई है. जनवरी से लेकर नवम्बर तक 7711 लोग अपनी प्रोपटी का निबंधन करा चुके है. खरमास के कारण कल और आज जमीन के निबंधन का बढ़ा है. जो लोग खरमास को नहीं मानते वे ही सोमवार से निबंधन के लिए आयेंगे. करीब 30 दिन तक निबंधन का काम काफी कम हो जाता है. इस दौरान 10, 12 लोग ही निबंधन के लिए पहुंचते है. जबकि सामान्य दिनों में 30 से 35 जमीन के निबंधन हर रोज होता है.

## ब्रह्म मंदिर के जीर्णोद्धार का शिलान्यास



**रांची।** रांची के टैगोर हिल स्थित ब्रह्ममंदिर का जीर्णोद्धार 60 लाख रुपये से किया जाएगा. शनिवार को सांसद संजय सेठ ने जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया. उनके साथ विधायक समरी लाल भी मौजूद थे. संजय सेठ ने कहा कि टैगोर हिल रांची नहीं, पूरे देश की अमूल्य धरोहर है. यहां रवींद्र नाथ टैगोर के बड़े भाई जीतेंद्रनाथ टैगोर ने कई रचनाएं की थी. यह उनके लिए एक तपोस्थली है. करीब 100 वर्ष पहले यहां पर बैठकर की गई रचनाएं आज देश दुनिया में लोकप्रियता हासिल कर रही हैं, लेकिन जिस स्थान पर रचना हुई, उस प्रेरणास्थल को ही लावारिस स्थिति में छोड़ दिया गया. यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने दिनों तक इसके रखरखाव पर किसी ने ध्यान ही नहीं दिया.

## जिला स्तरीय रिफ्लेक्शन कार्यक्रम



**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और यूनिसेफ इंडिया ने संयुक्त रूप से रांची के कांके स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जिला स्तरीय रिफ्लेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया. किशोरों में आत्मविश्वास एवं अपने शरीर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बढ़ाने के लिए 'जीवन कौशल' विषय पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें कांके कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कांके प्लस टू हाई स्कूल के शिक्षकों एवं छात्रों के अलावा ओरमांझी, मांडर, नामकुम एवं बुंडू की शिक्षिकाओं ने भी हिस्सा लिया.

# सीसीएल मुख्यालय में क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित



सीसीएल मुख्यालय में आयोजित क्षमता निर्माण कार्यशाला में विचार व्यक्त करते मुख्य अतिथि.

**संवाददाता। रांची**

सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड में योजना एवं परियोजना विभाग ने शनिवार को मुख्यालय के प्रकाश सभागार में सीएमपीडीआईएल से संबंधित कार्यों पर सीसीएल के अधिकारियों की ज्ञान वृद्धि को लेकर एक क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया. इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. अवसर विशेष पर निदेशक (तकनीकी/संचालन) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र एवं निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) बी. साईराम सहित मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षगण भी उपस्थित थे. कार्यशाला के लिए चुने गए विभिन्न विषयों के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में सीएमपीडीआई रांची के कंचन सिन्हा, लक्ष्मी दीप, धीरज कुमार चौधरी, उमा शंकर सिंह, एस के दीक्षित और के. नवीन प्रख्यात वक्ता थे. कार्यशाला में कोयला उत्पादन में सीएमपीडीआई की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गयी.

**खास बातें**
- कोयला उत्पादन में सीएमपीडीआई की भूमिका पर हुई विस्तार से चर्चा
- 84 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य की ओर अग्रसर है टीम सीसीएल

कार्यशाला में सीसीएल के सभी क्षेत्रों के अधिकारियों ने भाग लिया. सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गदर्शन में समय-समय पर कर्मियों के ज्ञानवर्धन हेतु विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं, जिससे कर्मी अद्यतन तकनीकों तथा संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग कर देश की ऊर्जा की पूर्ति में अपना योगदान दे सकें. टीम सीसीएल 84 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य की ओर सफलतापूर्वक अग्रसर है. हाल ही में सीसीएल ने पिछले वर्ष की तुलना में 25 दिन पूर्व ही 50 मिलियन टन कोयला का उत्पादन किया है.

# झारखंडी विरासत से परिचित हुए कश्मीरी युवा

**संवाददाता। रांची**

वाईबीएन यूनिवर्सिटी में भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत आए कश्मीरी युवा का शनिवार का तीसरा दिन था. कार्यक्रम के तीसरे शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव और आई.एच.एम. ब्राम्बे के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार आईएचएम ब्राम्बे द्वारा किया गया.

शैक्षणिक सत्र में दिनेश कुमार यादव ने सभी प्रतिभागियों को जिले की जानकारी एवं उनकी अपेक्षाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें अधिक से अधिक भ्रमण कराने की बात कही एवं झारखण्ड की संस्कृति, नदी एवं जंगलो से परिचित कराते हुए कश्मीर के युवाओ को प्रोत्साहित किया. डॉ. भूपेश कुमार ने अपने प्रेजेंटेशन में झारखण्ड की सांस्कृतिक विरासत के साथ वाद्य यंत्रो, पेंटिंग एवं कठपुतली आदि की परम्पराओ का उल्लेख करते हुए कश्मीरी खान-पान पर चर्चा की. साथ ही कश्मीरी एवं झारखण्ड के युवाओ को अपने अपने राज्य के प्रमुख व्यंजनों की चर्चा करते हुए फ़ूड फेस्टिवल हेतु आईएचएम ब्राम्बे में आमंत्रित किया. कार्यक्रम में सीआरपीएफ से आए संदीप द्विवेदी ने अलगाववादी ताकतों की समस्या के साथ कश्मीरी युवाओं को कश्मीर के विकास एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी पहचान के साथ विकसित राष्ट्र 2047 की भूमिका पर चर्चा की. इसके साथ उन्होंने अपने व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ नागरिक कर्तव्यों पर भी चर्चा भी की.

अगले सत्र में कश्मीरी युवाओं तथा झारखण्ड के युवाओ के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें कश्मीरी टीम के टीम लीडर सैयद जुबैर एवं उनके साथियों द्वारा कश्मीर के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जाएगी.



वाईबीएन यूनिवर्सिटी में आयोजित शैक्षणिक सत्र में कश्मीरी युवाओं का दल.

### प्रदेश के विभिन्न इलाकों का भ्रमण करेंगे कश्मीरी

14 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलने वाले कार्यक्रम में युवाओं को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में ले जाया जायेगा. राजभवन का भ्रमण भी कराया जायेगा. कश्मीर से आने वाले युवाओं को यहां रोजगार की संभावनाओं के बारे में भी बताया जाएगा. कश्मीर के युवाओं को झारखंड के हस्तशिल्प और यहां की आदिवासी कला के बारे में भी जानकारी दी जायेगी. वहीं इस कार्यक्रम के तहत झारखंड के युवाओं को कश्मीर की कला के बारे में जानकारी दी जा रही है. कश्मीरी युवाओं ने बताया कि झारखंड में उन्हें प्रकृति के बारे में कई जानकारियां मिलीं. कश्मीर से आए 122 युवाओं में अनंतनाग से 22, पुलवामा से 22, श्रीनगर से 22, कुलगाम से 19, कुपवाड़ा से 19, बारामूला से 18 बच्चे झारखंड आए हैं.

# राजभवन के समक्ष 19 को धरना प्रदर्शन करेंगे सहायक अध्यापक

**संवाददाता। झुमरी तिलैया**

प्रदेश भर के सहायक अध्यापक अपनी मांगों के समर्थन में 19 दिसंबर को राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसमें कोडरमा जिले के सहायक अध्यापक भी भाग लेंगे. यह निर्णय सदर प्रखंड मुख्यालय मैदान में आयोजित सहायक अध्यापकों की बैठक में सर्व सम्मति के साथ किया गया. बैठक की अध्यक्षता राम शरण यादव एवं संचालन द्वारिका यादव और विजय यादव ने संयुक्त रूप से किया. बैठक के बाद पांच सदस्यीय एक प्रतिनिधि मंडल बनाकर चार सूत्री मांगों का ज्ञापन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया. उनकी मांगों में वित्तीय वर्ष 2023-24 का ग्रामीण क्षेत्रों में छूटे हुए 4% प्रतिशत मानदेय इंक्रीमेंट को अविलंब शत प्रतिशत पूरा करना, जिन सहायक अध्यापकों का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन हो गया है, उनके मानदेय का अविलंब भुगतान, जिन सहायक अध्यापकों का साक्ष्य युक्त स्पष्टीकरण जिला कार्यालय को समर्पित किया जा चुका है उन सभी अध्यापकों का कटा हुआ मानदेय अगले माह भुगतान और शहरी निकाय के सहायक अध्यापकों का मानदेय में 4% प्रतिशत वृद्धि करना शामिल हैं. बैठक में नुनमन यादव, भोला यादव, बीरेंद्र यादव, राजेंद्र प्रसाद, महेश बैठा, निशा कुमारी, चंद्रदेव यादव, बिनोद कुमार, सुमित्रा कुमारी, अरुण कुमार, अजीत कुमार, देवनारायण यादव, बिगन राम, रामू यादव एवं दर्जनों की संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थे.

### प्रांतीय कला संगम | पुरस्कार वितरण के साथ आज होगा धनबाद में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन
# मूर्ति कला प्रतियोगिता में धनबाद के शिवम और हजारीबाग के अक्षत बने विजेता

**संवाददाता। धनबाद**

राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में चल रहे तीन दिवसीय प्रांतीय कला संगम 2023 के दूसरे दिन मूर्ति कला प्रतियोगिता में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के शिवम और अक्षत और हजारीबाग कुम्हार टोली के आशीष कुमार ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया. वही बोरियों साहिबगंज के सूरज कुमार तुरी को दूसरा और बाघमारा धनबाद की अनु कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ. प्रांतीय संयोजक नीरज कुमार लाल ने बताया कि विलुप्त होती मूर्ति कला को बचाने का अद्भुत प्रयास है. क्योंकि सांचा आ जाने के बाद यह हस्तकला समाप्त होने की कगार पर है.



**दूसरे दिन दर्जनों प्रतियोगिताएं**

प्रांतीय कला संगम के दूसरे दिन वाद्य वादन, एकल व सामूहिक गीत व नृत्य, सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ सभी प्रतियोगिताएं शिशु बल और किशोर तीन वर्गों में आयोजित की गई. विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, सचिव संजीव अग्रवाल और सचिव दीपक रुइया ने बधाई दी.

### परिणाम घोषित : ये रहे विजेता

- वाद्य वादन के शिशु वर्ग में राजकमल के आलोक कुमार प्रथम, सिनीडीह के सौभिक मुखर्जी द्वितीय और बाघमारा के आदित्य सिंह एवं झुमरीतिलैया के प्रतीक सिंह तृतीय स्थान पर रहे.
- **बाल वर्ग में राजकमल के आर्या कुमार प्रथम, बाघमारा के रौनक कुमार द्वितीय, और मधुपुर के अनमोल पाठक तृतीय स्थान पर रहे.**
- किशोर वर्ग में सिंदरी के विभूषित सिंह प्रथम, राजकमल के कुमार अनुभव द्वितीय और बरगंडा गिरिडीह के अनिरुद्ध सहाय तृतीय स्थान पर रहे.
- **व्यक्तिगत गीत श्रेणी के शिशु वर्ग में गढ़वा की प्रांजल शुभ्रा प्रथम, राजकमल की प्रकृति साव द्वितीय और 3सी बोकारो की प्रियाल कुमारी तृतीय स्थान पर रही.**
- बाल वर्ग में राजकमल की सुवर्णा कुमारी प्रथम, 3सी बोकारो की प्रज्ञा झा द्वितीय और मधुपुर की प्रिया कुमारी तृतीय स्थान पर रही.
- **किशोर वर्ग में राजकमल के आदर्श दास प्रथम, सिंदरी की रिद्धिमा सिंह द्वितीय और इंदुमती की साक्षी प्रिया दुबे तृतीय स्थान पर रही.**
- एकल नृत्य के शिशु वर्ग में प्रथम शताक्षी श्रेया राजकमल, द्वितीय दिलप्रीत कौर सिंदरी, तृतीय सिद्वानी कुमारी 3सी बोकारो रही.
- **बाल वर्ग में प्रथम साक्षी कुमारी राजकमल, द्वितीय रिद्धि हलधर सिंदरी, तृतीय आरुषी कुमारी भूली नगर रही.**
- किशोर वर्ग में प्रथम सौम्या खत्री राजकमल, द्वितीय श्रुति सिंह रघुवंशी सिंदरी, रिया रानी चतरा, तृतीय निवेदिता राय मधुपुर रही.
- **सामूहिक गीत के किशोर वर्ग में प्रथम राजकमल, द्वितीय मधुपुर और सिंदरी और तृतीय कुम्हार टोली रहा.**

# राजभवन के समीप धरने पर पूर्व सैनिक पोदना बलमुचू

**संवाददाता। रांची**

1971 के भारत पाक युद्ध में अपना योगदान दे चुके पोदना बलमुचू पिछले दो सप्ताह से राजभवन के समीप धरने पर बैठे हैं. इससे पहले वे 150 किलोमीटर की पदयात्रा कर रांची पहुंचे. शनिवार को नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, अमित मंडल और भानू प्रताप शाही ने राजभवन के समीप धरना स्थल पर पोदना बलमुचू से मुलाकात की. मीडिया से नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विजय दिवस के दिन भारत पाक युद्ध में शामिल देश के जांबाज सिपाहियों से इस हाल में मिलना चिंताजनक है.

बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से किए वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं. ना ही सरकार का कोई प्रतिनिधिमंडल पोदना से मुलाकात करने पहुंचा है. ठंड में उनकी 70 वर्षीय पत्नी की तबीयत तक खराब हो गयी है. हर वर्ग सरकार के रवैये से परेशान है. विवश होकर लोग आंदोलनरत हैं. वहीं नेता प्रतिपक्ष एवं विधायकों ने पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक, झारखंड के दिव्यांग जन, भूतपूर्व सैनिक, जेटेट सफल सहायक अध्यापक एवं अन्य वर्गों के बीच जाकर भी उनकी मांगों को विस्तार से समझा. कहा कि शीतकालीन सत्र में राजभवन के समक्ष चल रहे विभिन्न संगठनों के धरना कार्यक्रमों को सदन में रखा जाएगा.





जैसा कि कार्यक्रम के नाम से ही विदित है कि आपकी सरकार, आपकी योजना, आपके द्वारा, लोकतंत्र में इससे अच्छा और क्या हो सकता है. आपकी मनचाही योजना के लिए सरकार आपके घर आती है और उसका निपटारा कर जाती है. आपको अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए उस व्यक्ति को ढंढ़ने की जरुरत नहीं है जो आपकी समस्या का हल करेगा. साथ ही भारत जैसे विशाल देश में जहां आमलोगों का शैक्षणिक स्तर इतना कम है कि उसे पता ही नहीं होता कि उसकी समस्याओं का हल कैसे होगा. इसके लिए किसके पास जाना होगा और किससे बात कहनी होगी. इस लिहाज से राज्य सरकार की यह योजना काफी लाभप्रद तो है ही जन सुलभ भी है. यही वजह है कि इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है. बीत 24 नवंबर से शुरु हुआ इस कार्यक्रम का तीसरा चरण चल रहा है. जिसमें काफी लोगों की समस्याएं हल हो चुकी है और बहुतों की होने वाली है. इसके लिए आवेदन लिए जा रहे हैं. संदेह नहीं कि मौजूदा दौर में एक आम आदमी विभिन्न समस्याओं से घिरा है. इसलिए समस्याग्रस्त लोगों की संख्या काफी है. राज्य के विभिन्न पंचायतों में अभी तक आयोजित आपकी सरकार, आपकी योजना, आपके द्वारा कार्यक्रम में जितनी भी जनसमस्याएं आईं हैं उनमें एक अनुमान से 20 से 22 प्रतिशत समस्याओं का निराकरण हो पाया है. बाकी कतार में हैं. कई कार्यक्रमों में गड़बड़ियां भी उजागर हुई हैं और शिकायतें भी मिली है. लेकिन देखा जाए तो राज्य सरकार का यह कार्यक्रम अपने उद्देश्य में काफी हद तक सफल रहा है. यही वजह है कि तीसरे चरण में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. अगर अधिकारी, कर्मचारी और कार्यक्रम से जुड़े लोग पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वाह करे तो आम लोगों का बहुत भला होगा. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में आयोजित इस कार्यक्रम की पड़ताल की है. पेश है रिपोर्ट.




- पंचायतों में चल रहा है योजना का तीसरा चरण
- स्टॉल लगाकर लिए जा रहे हैं समस्या और योजना से जुड़े आवेदन
- शिविरों में अबुआ आवास के लिए सबसे अधिक आवेदन रहे हैं ग्रामीण
- कई समस्याओं का ऑन द स्पाट हो रहा निराकरण

राज्य भर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ रही है ग्रामीणों की भीड़

# सरकार मेरे घर आई समस्या निपटा कर चली गई



## पाकुड़

## शिविर में जुटे ग्रामीण, किया गया परिसंपत्तियों का वितरण

- कार्यक्रम सेजुड़े 19 शिविर लगाए गए
- कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी
- जनता की समस्याएं सुनी गई, कई का निष्पादन
- लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन का आश्वासन



राज्य सरकार के निर्देश पर आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को पाकुड़ जिलांतर्गत कुल 5 पंचायतों एवं नगर परिषद के वार्ड नंबर 19 में कार्यक्रम आयोजित किए गए. इसके तहत पाकुड़ प्रखंड के नवादा पंचायत, पाकुड़िया प्रखंड के बनियापसार पंचायत, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के फुलपहाड़ी पंचायत, महेशपुर प्रखंड के बड़कियारी पंचायत एवं नगर परिषद के वार्ड नंबर 19 में शिविर लगाकर सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. साथ ही संबंधित पंचायतवासियों से उनकी समस्या एवं मांग का आवेदन प्राप्त किए गए. इसी प्रकार सभी पंचायतों में लोगों से विभिन्न योजनाओं के लाभ में आने वाली परेशानियों से जुड़े आवेदन जमा किए गए. साथ ही आम जनता की समस्याओं को सुना गया तथा उसका त्वरित निष्पादन किया गया. जिन आवेदनों का तत्काल प्रभाव से निष्पादन नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग के पदाधिकारी के द्वारा जल्द से जल्द निष्पादित करने का आश्वासन दिया गया.

## बेरमो

## योजनाओं के 28618 आवेदन प्राप्त हुए, 9863 का निष्पादन

- विभिन्न योजनाओं के 18755 मामले लंबित हैं
- सर्वजन पेंशन के 560 मामलों का निष्पादन
- जाति प्रमाण पत्र में 2555, आय प्रमाण पत्र में 173 मामले
- मनरेगा में नये कार्य के लिए 969 आवेदन आए हैं



श्रम विभाग अन्तर्गत समाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिक का पंजीकरण के 271 में 137 का काम हुआ है. 2761 धोती-साड़ी लुंगी वितरण किया गया. अन्य योजनाओं के 439 आवेदन में 356 निष्पादित किया गया. मौके पर 4496 कंबल वितरण, आय प्रमाण पत्र में संशोधन जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन के आवेदन मिले हैं.

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में 24 नवम्बर से 16 दिसंबर तक गोमिया प्रखंड में कुल 28618 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें 14386 आवेदन अबुआ आवास के हैं. इसमें 9863 आवेदन का निष्पादन किया गया है. 18755 मामले लंबित हैं. इसी प्रकार बिरसा सिंचाई कूप योजना में 9, गुरु जी क्रेडिट कार्ड में 538, जाति प्रमाण पत्र में 2555, आय प्रमाण पत्र में 173, जन्म प्रमाण पत्र में 2, मृत्यु प्रमाण पत्र में शून्य, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में 30, केन्द्रित योजना सम्पति/ भूमि म्युटेशन में 9, लगान रसीद में 1, ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले 45, आयुष्मान कार्ड में 88, सामुदायिक वन पट्टा मामले में शून्य, व्यक्तिगत वन पट्टा में शून्य तथा 15वें वित्त आयोग में 119 आवेदन जमा किए गए हैं. मनरेगा में नये कार्य के लिए आवेदन 969 मिले हैं. जिसमें 910 का निष्पादन किया गया है. सर्वजन पेंशन 588 में 560 का निष्पादन, सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना में 298 में 189 का निष्पादन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के 27 में 5 का काम हुआ है. लाभार्थी उन्मुखी योजना, आधार कार्ड के 172 आवेदन में सभी आवेदनों को निष्पादित किया गया है. मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 594 में 167 का निष्पादन हुआ है.

## रांची

## 3,547 आवेदनों पर हो रही है कार्रवाई

- 1,157 आवेदनों का ऑन स्पाट हुआ निपटारा
- 800 से अधिक आवेदन रिजेक्ट किए गए
- 3,848 कंबलों का वित्तरण किया गया
- जन्म प्रमाण पत्र के लिए सबसे ज्यादा आवेदन



आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रांची में नगर निगम के द्वारा लगाए जा रहे शिविर में अबतक कुल 4,699 आवेदन आए हैं. जिसमें 1,157 आवेदन का निपटारा ऑन स्पाट किया गया है. लोगों द्वारा दिए आवेदन में से 3,547 आवेदन पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है. इसके साथ 800 से अधिक आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया है. नगर निगम द्वारा 38 वार्ड मिलाकर 3,848 कंबलों का वित्तरण किया गया है. जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए सबसे ज्यादा लोगों ने आवेदन दिए हैं. कार्यक्रम शुरू होने से अबतक कचरा निष्पादन के लिए सिर्फ एक आवेदन प्राप्त हुआ है.

## बोकारो

## सुनी जा रहीं समस्याएं, कई का ऑन स्पॉट निराकरण

- दस पंचायतों से कुल 14944 आवेदन मिले
- 11066 आवेदनों पर कार्रवाई लंबित है
- परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया
- 187 आवेदन अलग अलग कारणों से रिजेक्ट किए गए,
- शिविर में सुनी जा रही है जनता की समस्याएं



कसमार प्रखंड में अब तक हुए 10 पंचायतों के शिविर में कुल 14944 आवेदन जमा हुए हैं. इनमें से 2125 मामलों का निष्पादन किया गया गया है. 1566 आवेदन प्रगति में है एवं 11066 आवेदन पेंडिंग में है. जबकि 187 आवेदन अलग अलग कारणों से रिजेक्ट किए गए हैं. इसके अलावा सबसे अधिक परिसम्पत्तियों का वितरण जेएसएलपीएस एवं इससे जुड़े महिला समूहों को बतौर ऋण के रूप में मिला है.

बोकारो जिले के सभी 9 प्रखंडों एवं चास नगरपालिका एवं फुसरो नगर परिषद में 24 नवंबर से आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है. 2021 से इस शिविर की शुरुआत हुई, जो लगातार इस साल तीसरे चरण में जनता की समस्या सुनी जा रही है एवं जनता की समस्याओं का ऑन स्पॉट निदान भी किया जा रहा है. शिविर में अलग अलग विभागों के स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन लिए जा रहे हैं, जिनकी प्राप्ति रसीद भी आवेदनकर्ता को तुरंत दी जा रही है. कसमार प्रखंड में अब तक मुरहुलसुदी, हिसिम, सिंहपुर, खैराचातर, टाँगटोना, बगदा, दुर्गापुर, मधुकरपुर, बरईकला एवं मंजुरा में शिविर सम्पन्न हो चुका है. इन शिविरों में सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों ने दिए है, जबकि सबसे कम आवेदन मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए मिले हैं.

## गिरिडीह

## शिविर से मिल रहा है लाभ : नोडल अधिकारी

- 26 योजनाओं से सम्बंधित आवेदन लिए जा रहे हैं
- पेंशन संबंधी आवेदन पर हो रही है त्वरित कार्रवाई
- शिविर में परिसंपत्तियों का हो रहा है वितरण
- योजनाओं के 1500 के करीब मिले हैं आवेदन



शिविर में लगभग 1000 आवेदन अबुआ आवास से सम्बंधित प्राप्त हुए हैं. जबकि सभी योजनाओं से सम्बंधित लगभग 1500 से अधिक आवेदन मिला है. शिविर में प्रखंड प्रमुख मीना देवी, मुखिया राजेश कुमार समेत अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बेंगाबाद प्रखंड के मानजोरी पंचायत में आयोजित शिविर में नोडल पदाधिकारी सह सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक कौशिक अप्पू ने कहा कि शिविर से लोगों को लाभ मिल रहा है. शिविर में कुल 26 योजनाओं से सम्बंधित आवेदन लिए जा रहे हैं. जिनमें अबुआ आवास, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, सर्वजन पेंशन योजना महत्वपूर्ण योजनाएं हैं. उन्होंने बताया कि पेंशन सम्बंधित आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि सभी आवेदनों की एंट्री प्रत्येक दिन कर दिया जा रहा है. पांच से छह दिनों में पेंशन संबंधी आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर दी जाती है और अगले माह से आवेदक को पेंशन का लाभ मिलना शुरू हो जाता है. शिविर में स्कूली बच्चों के बीच साइकिल खरीदने के चेक वितरण किया गया. वहीं महिला ग्रुप की दीदियों के बीच आईडी कार्ड, मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड एवं कई गरीब लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया.

## गिरिडीह/गावां

## उमड़ रही भीड़, ग्रामीणों को मिल रहा योजना का लाभ

- विभिन्नन योजनाओं के 218516 आवेदन पत्र प्राप्त हुए
- 18965 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन
- तिसरी में 10647 आवेदन, एक काभी निष्पादन नहीं
- नगर निगम क्षेत्र से 4680 आवेदन प्राप्त हुए हैं



श्रम विभाग अन्तर्गत समाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिक का पंजीकरण के 271 में 137 का काम हुआ है. 2761 धोती-साड़ी लुंगी वितरण किया गया. अन्य योजनाओं के 439 आवेदन में 356 निष्पादित किया गया. मौके पर 4496 कंबल वितरण, आय प्रमाण पत्र में संशोधन जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन के आवेदन मिले हैं.

जिले में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 218516 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसमें से केवल 18965 आवेदन पत्रों का ही ऑन द स्पॉट निष्पादन किया जा सका है. जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में 4680 आवेदन पत्र जमा हुआ है, जिसमें 2670 का निष्पादन किया गया है. नगर पंचायत सरिया में 1055 में से 519 आवेदन पत्र का निष्पादन किया गया है. इसी प्रकार गावां प्रखंड में 13094 में से 2550, बगोदर प्रखंड में 12559 में से 2399, धनवार नगर पंचायत में 887 में से 159, बिरनी प्रखंड में 15716 में से 2338, बेंगाबाद प्रखंड में 22971 में से 2097, जमुआ प्रखंड में 27567 में से 2055, गांडेय प्रखंड में 22925 में से 1463, गिरिडीह सदर प्रखंड में 22079 में से 1223, धनवार प्रखंड में 11900 में से 469, डुमरी प्रखंड में 19920 में से 664, सरिया प्रखंड में 8584 में से 126, पीरटांड़ प्रखंड में 11049 में से 143, देवरी प्रखंड में 12983 में से 91 और तिसरी प्रखंड में 10647 आवेदन में से एक भी आवेदन पत्र का निष्पादन नही किया जा सका है. कुल मिलाकर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आम जनता को बहुत ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा है.

## धनबाद

## 15 दिसंबर तक 36 प्रतिशत आवेदनों का हुआ निष्पादन

- आवेदन के निष्पादन की गति धीमी
- अलग अलग शिविर से 2 लाख 44 हजार 493 आवेदन आए
- 88 हजार 361 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निस्पादन
- अबुआ आवास योजना के लिए 79 हजार 973आवेदन




अभी तक अबुआ आवास योजना के लिए 79 हजार 973आवेदन 15 दिसंबर तक आया है, जिसकी संख्या सभी योजनाओं से सर्वाधिक है. वनपट्टा योजना के लिए सबसे कम यानी 100 से कम आवेदन आया है.70 हजार से अधिक लाभुकों के बीच परिसंपतियों का वितरण किया गया है.

राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए 24 नवंबर से जिले में चल रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में हर दिन औसतन 10 से 15 हजार आवेदन जमा हो रहे हैं. लेकिन आवेदन के निष्पादन की गति धीमी है. जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 15 दिसंबर तक अलग अलग शिविर से 2 लाख 44 हजार 493 आवेदन आए हैं, जिनमें से 88 हजार 361 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निस्पादन समाधान हुआ है. यानी शिविर में कुल 36 प्रतिशत आवेदनों का ही निष्पादन हुआ है. शेष बचे 1 लाख 56 हजार 132 आवेदनों के समाधान की प्रक्रिया चल रही है. पंचायत स्तर पर 7 दिन, प्रखंड स्तर पर 15 दिन तथा जिला स्तर पर 21 दिन में पेंडिंग आवेदन का समाधान किया जा रहा है. हालाकि इसका आंकड़ा जिला प्रशासन की ओर से अभी जारी नहीं किया गया है.



## निरसा के कार्यक्रम में लगे थे विभिन्न योजनाओं के 22 स्टाल

निरसा प्रखंड अंतर्गत पंडरा पूरब पंचायत में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गई. कार्यक्रम शिविर में कई विभागों का स्टॉल लगा कर लाभुकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ दिया गया. शिविर का शुभारंभ मुख्य तिथियों ने दीप प्रवजलित कर किया. कार्यक्रम के सम्बंध में बताया गया कि राज्य सरकार की उन सभी योजना को जो धरातल पर है जिसे क्षेत्र के हर व्यक्ति को सीधे लाभ मिल सके. बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसे का स्टॉल लगाया गया. पंचायत के मुखिया उज्ज्वल तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा दी जा रही जनकल्याणकारी योजना जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड जैसी योजनाओं के 22 स्टॉल लगे हुए थे. इस दौरान इन स्टालों में आवेदन जमा किए गये.

## आदित्यपुर

## आयोजन सफल रहा है, लोगों को लाभ हुआ है

- अब तक कुल 134675 आवेदन आए हैं
- जिले में तीन नगर निकाय और 9 प्रखंड शामिल
- शिविर में सुनी जा रही है लोगों की समस्याएं
- लाभुकों के बीच किया जा रहा है परिसंपत्तियों का वितरण
- कार्य निष्पादन का औसत आंकड़ा 44 फीसदी





जिले में 3 नगर निकाय और 9 प्रखंड क्षेत्र शामिल हैं. जहां रेग्युलर शिविर लगाए जा रहे हैं. नगर निकायों और पंचायतों में शिविर के आयोजन में लोगों की समस्याओं को अधिकारी सुन रहे हैं और उनके आवेदनों को लिया जा रहा है. साथ ही कई आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है. लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के परिसंपत्तियों का वितरण भी हो रहा है.

सरायकेला जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम औसतन सफल कहा जा सकता है. अब तक आए कुल आवेदनों में से 17 फीसदी आवेदनों को निष्पादित किया गया है. आदित्यपुर नगर निकाय में 43 फीसदी आवेदनों का निष्पादन हुआ है. झारखंड में 24 नवंबर से आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सरायकेला में भी हुआ. जिसमें काफी लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया. इसके तहत अब तक कुल 134675 आवेदन आये. जिनमें से 23098 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है. वहीं 111399 लंबित हैं. जबकि 24 आवेदनों को अधूरे कागजात की वजह से रद्द किया गया है. वहीं 158 आवेदन को निष्पादित करने की प्रक्रिया चल रही है. इस प्रकार सरायकेला जिले में प्राप्त आवेदनों को निष्पादित करने का प्रतिशत 17 फीसदी से अधिक है. इनमें आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में 3028 आवेदन आये. जिनमें से 1315 का निष्पादन किया गया है जबकि 1713 अभी लंबित हैं. यहां एक भी आवेदन रद्द नहीं हुआ है. यहां आवेदन निष्पादित करने की प्रतिशतता करीब 44 फीसदी रही है.

## लातेहार

## 18 पंचायतों में किया गया 12 शिविरों का आयोजन



- 2155 आवेदनों का कर दिया गया है निष्पादन
- अबुआ आवास के लिए 11941आवेदन प्राप्त हुए
- 36 आवेदनों को रिजेक्ट किया गया है



लातेहार प्रखंड की वरीय पदाधिकारी सह जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने बताया कि शेष आवेदनों की जांच करने के बाद निष्पादित किया जायेगा. उन्होने बताया कि शिविरों में सर्वाधिक अबु आवास योजना के लिए आवेदन आ रहे हैं. अबुआ आवास योजना के लाभुको के दस्तावेजों की जांच करने के बाद उन्हें योजना का लाभ दिया जायेगा.

जिले में गत 24 नवंबर से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. लातेहार प्रखंड के कुल 18 पंचायतों में 15 दिसंबर तक कुल 12 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है. इन शिविरों में अब तक कुल 17920 आवेदन प्राप्त हुए हैं. इनमें से 2155 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है. कुल 14894 आवेदन लंबित हैं और 36 आवेदनों को रिजेक्ट किया गया है. इन शिविरों में सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास के लिए प्राप्त हुए हैं. अबुआ आवास के लिए कुल 11941आवेदन प्राप्त हुए हैं. सभी मामले लंबित हैं. आवेदनों की जांच कर आवास योजना का लाभ लाभुकों को दिया जायेगा. इसके बाद सर्वाधिक गुरूजी क्रेटिड कार्ड योजना के लिए कुल 1092 आवेदन प्राप्त हुए हैं. सबसे कम जनजातीय कल्याण व ऑनलाइन भू-अभिलेखों में सुधार के लिए एक-एक आवेदन प्राप्त हुए हैं. इन शिविरों में आधार पंजीकरण के लिए प्राप्त 106 आवेदनों में से 102 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है. जबकि मनरेगा के तहत नये कार्य के लिए 450 में से 102, आयुष्मान कार्ड के 80 में से 74,, बिरसा सिंचाइ कूप सम्वर्द्धन योजना के 344 में से 175, जन्म प्रमाण पत्र के 69 में से 62, कंबल वितरण के 761 में से 760, जाति प्रमाण पत्र के 115 में से 110, आधार कार्ड में संशोधन के 151 में से 149, राशन कार्ड में संशोधन के 23 में से 23, आय प्रमाण पत्र के 44 में से 40,सर्वजन पेशन योजना के 575 में से 10 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है.

## घाटशिला

## शिविर में प्राप्त हुए हैं 12 हजार से अधिक आवेदन

- आबुआ आवास के लिए लगभग 8500 आवेदन
- महिला समूह के बीच करोड़ों की परिसंपत्ति का वितरण
- गरीबों के बीच साड़ी धोती का भी वितरण
- स्वास्थ्य विभाग की ओर से मधुमेह व ब्लड प्रेशर की जांच



### सरकारी पदाधिकारी पर सिर्फ प्रचार-प्रसार करने का आरोप

घाटशिला प्रखंड के चेंगजोड़ा निवासी रामकिशोर मुर्मू ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में एक भी काम नहीं हो रहा है. पिछले दिनों सीधा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया था. शिविर में कई लोगों ने जमीन नामांतरण के लिए आवेदन किया. उसे जमा ले लिया गया. सिर्फ सरकार अपना प्रचार प्रचार करने में सरकारी पदाधिकारी को लगा दिया है. समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों का काम इस शिविर में शायद ही किसी का हुआ है.

घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर में विधायक से लेकर अनुमंडल पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं. अब तक लगभग 12000 से अधिक आवेदन विभिन्न विभागों से प्राप्त हुआ हैं. इसमें सबसे ज्यादा आबुआ आवास के लिए लगभग 8500 आवेदन जमा किया गया है. शिविर में सिर्फ सर्वजन पेंशन योजना की तत्काल स्वीकृति कुछ लोगों को मिल रही है. इसके अलावा सिर्फ छात्र-छात्राओं के लिए खरीदी गई साइकिल का वितरण एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया जा रहा है. परिसंपत्तियों में अब तक महिला समूह को करोड़ों रुपए कार्य उपलब्ध कराया गया है. स्वास्थ्य विभाग की ओर से मधुमेह में तथा ब्लड प्रेशर की जांच की जा रही है. अंचल कार्यालय से नामांतरण का कार्य नहीं के बराबर हुआ है. गरीबों के बीच साड़ी धोती का वितरण किया गया है.

## जामताड़ा

## आवेदन निष्पादन में जामताड़ा दूसरे स्थान पर

- नगर परिषद मिहिजाम में लगे करीब 87 शिविर
- एक लाख 48 हजार 878 आवेदन जमा हुए
- 73 हजार 242 आवेदनों का हुआ निष्पादन
- अबुआ आवास के लिए 61 हजार 197 आवेदन आए



आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत फरियादियों के समस्याओं के समाधान में जामताड़ा जिला राज्यभर में दूसरे स्थान पर है. 24 नवंबर से अब तक जिले के छह प्रखंडों, नगर पंचायत जामताड़ा एवं नगर परिषद मिहिजाम में लगे करीब 87 शिविर के माध्यम से 01 लाख 48 हजार 878 फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किया. जिसमें 73 हजार 242 आवेदनों का निष्पादन हुआ है. वहीं सबसे अधिक अबुआ आवास के लिए 61 हजार 197 लोगों ने अपना आवेदन जमा किया है. इसके अलावे मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 5435, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 1448, सर्वजन पेंशन के तहत 4502, मनरेगा के तहत कार्य की मांग के लिए 8768, बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत 1436, जन्म प्रमाण पत्र के 2100, जाति प्रमाण पत्र के लिए 1892, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 5030, लगान रसीद के लिए 1335 एवं राशन कार्ड में सुधार के लिए 505 आवेदन जमा किया है.

“ तुम उनसे प्रेम करते हो जो तुमसे प्रेम करते हैं, तुम्हें इसका क्या श्रेय मिलेगा? क्योंकि पापी भी उससे प्रेम करता है जो तुमसे प्रेम करते हैं और तुम उन्हीं का भला करते हो जो तुम्हारा भला करते हैं, तो इसका तुम्हें क्या श्रेय मिलेगा? क्योंक पापी भी यही करते हैं. –ईसा मसीह ”



# भुला देंगे गिले शिकवे करेंगे प्यार की बातें



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**भुला** देंगे गिले शिकवे करेंगे प्यार की बातें. यह मैं नहीं कहता, जमाना कहता है. बल्कि यूं कहा जाए कि जमाने के दिल की बात को मशहूर शायरा शमा फिरोज कहती हैं. दरअसल प्यार मानव समाज को दिया ईश्वर का वरदान है और यही प्यार है, जो मनुष्य को अन्य चौपाये और दोपाये जानवरों से अलग करता है. इस प्यार के अनेक नाम हैं. जैसे स्नेह, प्यार, मुहब्बत इश्क. यह तो प्यार ही है, जो एक मानव को दूसरे मानव से जोड़ता है, समाज से जोड़ता है और जोड़े रहता है. प्रेम को भगवान का ही एक स्वरूप बताया गया है, वेदों, पुराणों, श्रुतियों और शास्त्रों के साथ ही संसार के सभी धर्मग्रंथों में प्रेम की महिमा खूब गायी गयी है. कवियों, शायरों, गीतकारों, कहानीकारों, उपन्यासकारों ने भी प्रेम का ही गुणगान किया है. कवि बिंदु जी महाराज ने तो यहां तक कह दिया-है प्रेम जगत का सार और कुछ सार नहीं. प्रेम ही इस संसार का सार है. प्रेम के बिना सबकुछ निस्सार है. यह प्रेम नहीं होता तो कुछ भी नहीं होता. घर नहीं होता, परिवार नहीं होता. मानव-मानव को एकसूत्र में बांधनेवाला संसार नहीं होता. विडंबना यह है कि प्रेम या प्यार को लेकर समाज में बहुत सारी भ्रांतियां फैली हुई हैं. ऐसा समझा जाता है कि प्रेम कहानी में एक लड़का होता है, एक लड़की होती है, कभी दोनों हंसते हैं, कभी दोनों रोते हैं. यह प्यार की सतही परिभाषा है. प्यार तो किसी को किसी से भी हो सकता है. प्यार किसी रूप में हो सकता है. जैसे, मां-बेटे का प्यार, बाप-बेटी का प्यार, भाई-बहन का प्यार, दादी-पोते का प्यार, पति-पत्नी का प्यार, प्रेमी-प्रेमिका का प्यार आदि. जहां प्यार होता है, वहां कभी-कभी गलतफहमियों और तकरार को स्थान मिल जाता है, लेकिन सच्चा प्यार इसे मंजूर नहीं करता. इसीलिए **शायरा शमा फिरोज** कहती हैं-



भुला देंगे गिले शिकवे करेंगे प्यार की बातें
नहीं अब दरमियां होंगी कभी तकरार की बातें
करो मुझसे हमेशा ही सनम तुम प्यार की बातें
सुनो अच्छी नहीं होती हैं जाना खार की बातें
हमारे दरमियां तो प्यार का ही जिक्र होना था
कहां से आ गयीं ये बीच में इंकार की बातें
सुहाना हो गया मौसम समां भी खूबसूरत है
चलो आओ करें हम भी गुल-ओ-गुलजार की बातें
जलेगी “शम'अ” महफिल में तभी होगी वहां रौनक
करुंगी आज मैं तुमसे सनम शृंगार की बातें.




शृंगार की बातें करनेवाली शायरा शमा फिरोज पेशे से अध्यापिका हैं और कोटा राजस्थान की रहनेवाली हैं. गजलें लिखने में इन्हें महारत हासिल है. विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में इनकी गजलों का प्रकाशन होता रहा है. इसके साथ ही अंकुर प्रकाशन के दो सांझा संग्रह 'नारी शक्ति स्वरूपा' और 'लहरें प्रेम की' में गजलें प्रकाशित हो चुकी हैं. इसके अतिरिक्त आकाशवाणी, दूरदर्शन, कविगोष्ठियों एवं कवि सम्मेलन के मंच पर सक्रिय रहती हैं. शमा जी श्री कर्मयोगी साहित्य गौरव सम्मान, काव्यश्रेष्ठ महिला सम्मान, अकबर इलाहाबादी सम्मान, फिराक गोरखपुरी सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं. यह प्रमाण है कि प्रेम या प्यार की समझ रखनेवाले को जीवन में कैसे सफलता मिलती है. इसी प्रकार का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं रांची निवासी, लेकिन शायरी की दुनिया में हस्ती के रूप में जानेमाने शायर **नसीर अफसर**. इन्होंने भी लेखन के साथ ही जीवन के हर क्षेत्र में बहुत कुछ हासिल किया है. इनके दिल में बैठी मुहब्बत जब अंगड़ाई लेती है, तब शरीके ए हयात की नज्र में इस नज्म की रचना होती है-मिरी जिन्दगी.



ऐ मिरी हमसफर , ऐ मिरी ज़िंदगी
सामने आ ज़रा , धड़कनों में समा
जिस्म ओ जां हो मिरी, ऐ मिरी ज़िंदगी
तुम मिरी रूह हो, तुम मिरी जान हो
साज़ ओ आवाज़ हो, ऐ मिरी ज़िंदगी
सुब्ह ए नव की किरण, ऐ मिरी हमनशीं
सुरमयी शाम हो , ऐ मिरी ज़िंदगी
तुम मुझे ओढ़ लो, मैं तुझे ओढ़ लूं
शबनमी रात हो , ऐ मिरी ज़िंदगी.

मुहब्बत के मचलने पर कुछ ऐसा ही कमाल हो जाया करता है, लेकिन इस कमाल के समय भी संयम बहुत ही जरूरी है. कई बार संयम के अभाव में अनर्थ हो जाया करता है. आम तौर पर मुहब्बत को वासना का पर्याय समझा जाता है. लेकिन वास्तव में मुहब्बत वासना से बिल्कुल अलग होती है. मुहब्बत तो बिल्कुल पाक-साफ हुआ करती है. वह हमेशा नियंत्रण में रहती है. जब वह बेलगाम हो जाती है तो वासना का रूप धर लेती है. जब मुहब्बत अपने असली रूप में होती है तो उसे पाने की हसरत होती है. रांची की कवयित्री **सुषमा झा** के मन में वैसी ही थोड़ी सी हसरत है. आइए, देखते हैं-



पितृ-गोद की गरमाहट,
मातृ-आंचल की शीतलता में,
सुकून के सांस की-
हसरत रखती हूं.
मैं भी जीने की-
हसरत रखती हूं.
निशा की नीरवता में,
न हो कोई भय,
न हो कोई विकलता,
किसी पाबंदी की नहीं,
सुरक्षा के अहसास की-
हसरत रखती हूं.
तज बाबुल की गली,
पिया का आंगन
सजाने चली;
दहेज-तराजू की नहीं,
स्नेह-छाया की-
हसरत रखती हूं.
मैं भी जीने की-
हसरत रखती हूं.

कवयित्री सुषमा झा की हसरत कहने को तो थोड़ी-सी है, लेकिन इनकी थोड़ी-सी में बहुत सारी हसरतें छिपी हुई हैं, जो असंभव नहीं हैं. अधिकतर लोगों के पास हसरतें इतनी अधिक होती हैं कि उनके साथ ही पूरी जिंदगी आशा और निराशा के बीच झूलती हुई निकल जाती है. अधिक की चाह में लोग मरीचिका में फंसे मृग की भांति दौड़ते रह जाते हैं. रांची की कवयित्री **सुनीता अग्रवाल** अधिक की चाह में भटक रहे लोगों को ध्यान में रखकर इस प्रकार अभिव्यक्ति दे रही हैं-



और और की लालच में
क्यूंकर ही जीना है.
पता है क्या तुझे
कितना तुझे जीना है.
जी लो जो है पास तेरे
अपनी ही मौज मस्ती में,
किराया का घर है
छोड़ कर चल देना है॥
अधिक पाने की
लालसा क्यूं है तुझको.
जो तेरे पास है
उसका तो क्या भान है तुझको.
रोटी के निवाले को
तरसते है अच्छे अच्छे किस्मत वाले,
ठंडी छांव में बैठे
क्या धूप की तपन तपाती तुझको?

बिल्कुल नहीं. ठंडी छांव में धूप कैसे आयेगी? अगर आ जाये तो फिर छांव ठंडी कैसे रह पायेगी? यह महत्वपूर्ण प्रश्न है. इसलिए धर्म शास्त्रों में कहा गया है-संतोषं परमं सुखम्. अगर संतोष है तो सुख ही सुख है. अगर संतोष नहीं है तो दुःख ही दुःख है. इसलिए आवश्यक है कि संतोष और संयम के साथ जो परिश्रम के बल पर जो सुलभ है, उसका आनंद लीजिए. अपनों से ही नहीं, परायों से भी मुहब्बत कीजिए और सुख का अमृत पीजिए. इन्हीं शब्दों के मुझे अगले सप्ताह तक के लिए आज्ञा दीजिए. जय हिंद! जय झारखंड!!

# मानसिक स्वास्थ्य के प्रति कितने जागरूक हैं हम



**मानसिक** समस्या या मानसिक विकार आज लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया है. हम सभी किसी न किसी वजह से स्ट्रेस तनाव चिंता से ग्रसित रहते हैं और यही तनाव बढ़कर हमारे जीवन में मनोविकार का रूप ले लेता है. कुछ लोग आज के समय में भी ऐसी समस्याओं को बताने में या परामर्श लेने में हिचकते हैं. जब यह समस्या गंभीर हो जाती है तब वह सामने आते हैं व्यक्ति में अनुवांशिक, मनोवैज्ञानिक भावनात्मक, सामाजिक कारकों के प्रभाव चलते मनोविकार का जन्म होता है. मानसिक स्वास्थ्य समस्या विभिन्न तरह की हो सकती हैं जैसे कि डिप्रेशन, चिंता, तनाव, याददाश्त की कमी, एकाग्रता की कमी, संदेह करना, अत्यधिक नशा करना, नींद की बीमारी, यौन समस्या, बार-बार हाथ धोना, शिजोफ्रेनिया या बच्चों में होने वाली समस्याएं जैसे लर्निंग डिसेबिलिटी, ऑटिज्म, मेंटल रेटरडेशन, कंडक्ट डिसऑर्डर इत्यादि.

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और सामाजिक होने की नाते आप स्वयं जागरूक हो और दूसरों को भी मानसिक स्वास्थ्य प्रति जागरूक करिए. आजकल व्यक्ति स्वयं से अधिक दूसरों के बारे में सोचता है. दूसरों को लेकर टीका टिप्पणी करना व्यक्ति का स्वाभाविक स्वभाव है, इसके तहत व्यक्ति में नकारात्मक विचार उत्पन्न होते हैं, जो कि उसके मन मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव छोड़ते हैं



पहल

रेनू गहलोत रॉय
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, रांची

व्यक्ति दूसरों की बुराई कर आनंद तो प्राप्त करता है लेकिन कहीं ना कहीं उसके मन में नकारात्मक विचार घर कर जाते हैं जिसको वह अपनी प्रकृति बना लेता है और इसमें परिवर्तन नहीं करना चाहता. मनुष्य अपने अनुभव से एक विश्वास बना लेता है और सोचता है यही सही है, जबकि ऐसा नहीं होता है. देखा जाता है जिस व्यक्ति के पास धन संपत्ति सब कुछ है फिर भी उसके परिवार में शांति नहीं है. वैवाहिक जीवन में सामंजस्य नहीं है इसके विपरीत गरीब व्यक्ति मेहनत करके अपने परिवार को खुश रखता है. स्वयं भी खुश रहता है. इसका तात्पर्य यही है कि हम अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें. मेहनत करना सीखें. खुश रहना सीखें. दूसरों को खुशियां देना सीखें, क्योंकि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं. अपनी कार्य कौशल की क्षमता बढ़ाए. नकारात्मक विचारों से दूर रहें. जिस प्रकार हम अपने घरों को साफ- सुथरा रखना पसंद करते हैं ठीक उसी प्रकार अपने मन को भी साफ सुथरा रखना पसंद कीजिए. आपका मन अगर साफ रहेगा, उसमें नकारात्मक विचार नहीं आएंगे. आप हमेशा सकारात्मक सोच रखेंगे और आप सकारात्मक ऊर्जा से भर जाएंगे जो आपके विश्वास को बढ़ाएगा. इससे आप अपने आपको ऊर्जावान महसूस करेंगे और हर कार्य में सफल होंगे. आपका दिल हर समय धड़कता रहता है, कभी नहीं रुकता है उस दिल को स्वस्थ रखने के लिए कम से कम आप भी सुबह की सैर अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करें. सुबह जल्दी उठिए और जल्दी सोने का प्रयास कीजिए. कम से कम 6 -7 घंटे की नींद अवश्य ले. अपनी पोषण का ध्यान रखें. जितना हो सके जंक फूड से दूर रहे यह मन में तनाव उत्पन्न करते हैं. योग अभ्यास करें .अपने पूरे दिन की दिनचर्या को सेट करके कर कार्य आरंभ करें. समय पर काम को करना सीखें. टाइम मैनेजमेंट की आदत डालें. और हमेशा सकारात्मक नजरिया रखें. किसी भी तरह की मानसिक समस्या आप अपने आसपास या अपने आप में देख रहे हैं तो सजग होकर सलाह लेने से न हिचकें.

# महात्मा गांधी का पवित्र सेवा आश्रम सेवाग्राम

**महात्मा** गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा से रामायण उत्सव का आमंत्रण मेरे लिए परम आह्लाद कारी रहा. यह उत्सव अयोध्या शोध संस्थान लखनऊ के सौजन्य से 28-29 नवंबर 2023 को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के तुलसी भवन के मिर्जा गालिब सभागार में आयोजित हुआ. इसके संयोजक संकल्पक प्रो डा अवधेश कुमार और अयोध्या शोध संस्थान के निर्देशक डा लव कुश द्विवेदी थे. इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में महासेतु का काम बंधुवर डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने किया. केंद्रीय विषय था 'राम काव्य परंपरा और उसका प्रदेय.



यायावर की डायरी

जंग बहादुर पाण्डेय

रांची से मैं अपने प्रिय शिष्य और सहयोगी डॉ. प्रशांत गौरव (संप्रति सहायक प्रोफेसर हिन्दी विभाग, गोस्सनर कालेज, रांची) के साथ वर्धा गया था. डा प्रशांत गौरव भी इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में विधिवत विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित थे. उनके कारण मेरी वर्धा की यह शैक्षणिक यात्रा सुखद एवं आनंददायक हो गई. वर्धा में भारत के दो महात्माओं के पवित्र आश्रम हैं - एक महात्मा गांधी का पवित्र आश्रम सेवाग्राम और दूसरा संत विनोबा भावे का पवनार आश्रम . आज मैं अपने पाठकों को सेवाग्राम की स्थापना का उद्देश्य और प्रयोजन को बताना चाहता हूं.1934 में जाने माने व्यावसायी जमना लाल बजाज द्वारा गांधी जी को वर्धा आने का प्रस्ताव मिला और गांधी जी वर्धा आए भी. गांधी जी के चार पुत्र थे-हरिलाल गांधी, मणिलाल गांधी, रामदास गांधी और देवदास गांधी. जमनालाल बजाज को गांधी जी अपना पांचवां पुत्र मानते थे और पुत्रवत स्नेह करते थे. वर्धा आने के बाद गांधी जी बकौल डेढ़ साल तक वर्धा के मगनवाड़ी में रहे और उसके बाद



1936 में सेवा ग्राम आश्रम की स्थापना की. यह वर्धा स्टेशन से 8 किलोमीटर दूर है. सेवाग्राम का पूर्व नाम 'शैगांव' था, लेकिन गांधी जी ने इसका नया नाम सेवाग्राम रखा, क्योंकि गांधी जी के जीवन में सेवा से बढ़ कर और कोई दूसरा धर्म नहीं था.सेवा ग्रामीणों की,सेवा समाज की और सेवा देश और राष्ट्र की. डॉ. एसपी गौतम (पूर्व कुलपति,रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर) और डॉ. प्रशांत गौरव के साथ सेवाग्राम का भ्रमण किया. सेवाग्राम में कई कुटीर बने हैं. पहला गांधी-बा कुटीर है. यह मिट्टी और खपरैल से बना कुटीर है. गांधी जी बा के साथ इसी कुटिया में रहते थे. सुबह शाम प्रार्थना होती थी. प्रातः रघुपति राघव राजा राम और शाम में वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई जाने रे. आश्रम की पवित्रता आज भी ज्यों की त्यों है. आज गांधी जी और बा नहीं हैं, लेकिन सुबह शाम की प्रार्थनाएं आज भी वैसी ही होती हैं, जैसी गांधी जी की उपस्थिति में होती थीं. दूसरा है परचुरे कुटीर. गांधी जी के मित्र और संस्कृत के आचार्य थे परचुरे. कुष्ट रोग से ग्रसित हो गये थे. परचुरे की सेवा स्वयं गांधी जी बा के साथ किया करते थे, क्योंकि सेवा के संकल्प के साथ ही सेवाग्राम की स्थापना हुई थी. तुलसी ने ठीक ही लिखा है कि सबसे सेवक धर्म कठोरा. तीसरा है महादेव कुटीर. यह गांधी जी के निजी सचिव का आवास है. चौथा है किशोर निवास. इंटों और सीमेंट से बनाया जाने वाला एक मात्र घर यह किशोर लाल मशरूवाला का निवास है, जो गांधी जी के करीबी सहयोगी और हरिजन साप्ताहिक के अंशकालिक संपादक थे. पांचवां कुटीर है रूस्तम भवन. यह चार कमरों का गेस्ट हाउस है. सरकार ने 1991 में गांधी जी पर फ़ोटो प्रदर्शनी की स्थापना की और आगंतुकों के लाभ और प्रशिक्षण शिविर और सम्मेलन आयोजित करने के लिए 1982 में यात्री निवास का निर्माण किया. यहां एक नयी तालीम परिसर भी है,जो बुनियादी शिक्षा परिसर से सटा है. गांधी जी ने यहीं से देश के स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा दी थी. इसने सेवाग्राम को राष्ट्र के इतिहास में अमर कर दिया. राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का पवित्र आश्रम सेवाग्राम और संत विनोबा भावे का पवित्र आश्रम पवनार वर्धा में ही स्थित हैं. अतः वर्धा की यात्रा एक बार सबको करनी चाहिए.

# मध्य भाग का सूबेदार





नश्तर

सुधीर राघव

**जंगल** में चुनाव हो चुके थे. गधा फिर भारी बहुमत से जीता था और दोबारा राजा बन गया था. मगर जंगल में अलग-अलग सूबेदारों की नियुक्तियां लटकी थीं. जो जानवर दिन रात गधे की चापलूसी में लगे थे, उन्हें लग रहा था कि वे ही सूबेदार बनेंगे. जंगल के मध्य भाग में तो पुराने सूबेदार को उम्मीद थी कि इतनी बड़ी जीत के बाद गधा उसे ही सूबेदार बनाएगा. उसने गधे की सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ी थी. गधा भी यही चाहता था, मगर सूबेदार तय नहीं कर सकता था. तय करना था सुनामी सेठ को. हालांकि जंगल का कानून राजा को ही सूबेदार नियुक्त करने का अधिकार देता था, मगर गधे को नये सूबेदारों की नियुक्तियों के लिए अपने असली मालिक सेठ दुलीचंद सुनामी की पर्ची का इंतजार था. इस बार सेठ सुनामी पर्ची भेजने में बहुत देर कर रहे थे, इसलिए जंगल में जानवरों के बीच गधे की खूब फजीहत हो रही थी. जंगल के पश्चिमी हिस्से में तो एक शेरनी सूबेदार बनने पर अड़ी गई थी. ऊपर से फटे में टांग यह थी कि सेठ सुनामी की कंपनी केलोबेलो के सभी न्यूज चैनल यही खबर चला रहे थे कि राजा गधे ने सूबेदारों के नाम पहले से ही तय कर लिए हैं और वह एक एक कर नामों का खुलासा करेंगे. ऐसे समाचार सुनकर गधा खुद डर जाता था, वह एक ही बात सोचता कि ये केलोबेलो के न्यूज चैनल इतना झूठ कैसे बोल लेते हैं. इन खबर देने वालों को भी पता है कि मैं बस नाम का राजा हूं. मेरा मालिक वही सेठ सुनामी है, जो इनका है. राजा से लेकर मंत्री, संतरी और सूबेदार तक सारे नाम वहीं तय करता है, तब मेरे नाम की झूठी खबर चलाकर मुझे जानवरों का दुश्मन क्यों बना रहे हैं?

राजा गधा यह सब सोच ही रहा थी कि उसे सेठ सुनामी की कंपनी केलोबेलो के सीईओ झेंगा झकोई ने अपनी कैबिन में बुलाकर पर्ची थमा दी. इस पर्ची में मध्य भाग के सूबेदार का नाम था. सेठ सुनामी ने सियार को नया सूबेदार चुना था. राजा गधे ने चौंकते हुए कहा, ₹यह कौन है? इसे तो कोई जानता भी नहीं है!₹ इस पर झकोई ने गधे को फटकार लगाते हुए कहा, ₹चुपचाप जाकर इसके सूबेदार बनने की घोषणा कर दो यह सेठ की पसंद का आदमी है।' गधा चुपचाप बाहर आ गयाश, मगर उसने देखा कि उसके घोषणा करने से पहले ही सभी न्यूज चैनलों में यह खबर चला रही थी कि राजा गधे ने सियार को मध्य भाग का सूबेदार बना दिया है. चैनल बता रहे थे कि सियार पुराना कार्यकर्ता है. वह गधे के संघर्ष के दिनों का साथी है. सभी चैनल एक तस्वीर भी बार बार दिखा रहे थे, जिसमें गधे की पीठ पर खड़ा सियार पेड़ों से फल तोड़कर हिरणों को खिला रहा था.

# प्रीति के कैनवास पर आदिवासी जीवन का यथार्थ



कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार

**झारखंड** की आदिम कला एवं संस्कृति बहुत समृद्धशाली रही है. यहां आदि-अनादि काल से परम्पराओं का संचरण होता आया है. भारत के गुफा कालीन चित्र से प्राप्त अद्भुत सांस्कृतिक वैभव के साक्ष्य हैं. किसी भी सभ्यता की पहचान उसकी विशिष्ट संस्कृति होती है. ऐसी ही संस्कृति भारतीय आदिवासी संस्कृति के संदर्भ में देखने को मिलती हैं. आदिवासी कला परंपरा के स्रोत इनके सांस्कृतिक उत्सव में आज भी वैसे ही देखने को मिलते हैं. उत्सव पर यह कलात्मक दृश्य एवं प्रदर्शनकारी कला रूपों जैसे भित्ति अलंकरण, वस्तुसज्जा, नृत्य एवं संगीत का अद्भुत वैभव देखने को मिलता है. झाखंड में आदिवासियों का बसाव बहुलता के साथ है. इनकी क्षेत्रीय विविधता के साथ अलग-अलग संस्कृति के बिम्ब हैं.

वास्तुकला के क्षेत्र में भी आदिवासी आवास की झोपड़ी को आधुनिक रूप देकर देशी एवं विदेशी मिश्रित रूप बहुत देखने को मिल रहे हैं. कई बड़े प्रतिष्ठानों में आदिवासी भ्रम रूपी झोपड़ी बनाई जाने लगी हैं. इसमें आदिवासी वास्तुकला का आवरण देने की कोशिश की जाती है, लेकिन ऊपरी सज्जा एवं कई आंतरिक सज्जा के उपयोग की वस्तु को प्लास्टिक रूप देकर सजाया जाता है. यह आदिवासी झोपड़ी का प्रतिरूप मात्र है, जो सिर्फ अल्पाहार ग्रहण करें, इतने समय के लिए ही ठीक है. इसमें वास्तविक आदिवासी स्थापत्य की आत्मा नही हैं. प्रीति तिग्गा अपनी पेंटिंग के माध्यम से इसे ही टटोलने का प्रयास कर रही हैं.

आदिवासियों के आख्यान, उनके मिथक, उनकी परम्पराएं आज इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हैं कि वे बीते युगों की कहानी कहती हैं, बल्कि उनकी अपनी संस्थाओं और संस्कृति के ऐतिहासिक तर्क और बौद्धिक प्रासंगिकता के लिहाज से भी महत्त्वपूर्ण हैं. उनकी कलात्मक अभिव्यक्तियां, सौन्दर्यात्मक चेष्टाएं और अनुष्ठानिक क्रियाएं हमारी-आपकी कला-संस्कृति की तरह आराम के क्षणों को भरने वाली चीजें नहीं हैं. उनकी पूरी जिन्दगी से उनका एक क्रियाशील, प्रयोजनशील और पारस्परिक रिश्ता है. इसीलिए उनकी संस्कृति एक ऐसी अन्विति के रूप में आकार ग्रहण करती है, जिनमें उनके जीवन और यथार्थ की पुनरार्चना होती हैं. तभी तो प्रीति तिग्गा इसे अपने कैनवास पर उकेर रही है.

विभिन्न रंगों का सुंदर समन्वय लाइट शेड का आवश्यकता के अनुरूप इस्तेमाल प्रीति तिग्गा की खूबी है. वाटर कलर और ऑयल कलर से बने इनके चित्र कला प्रेमियों को सुकून देती है. प्रीति के चित्रों में संवेदनशीलता की आंतरिक दृष्टि स्पष्ट झलकती है. इनकी रचनात्मक कलाकृति चीजों को देखने के लिए एक नये नजरिये की मांग करती है, जहां आंखें दिल और दिमाग तालमेल के साथ किसी विषय वस्तु और इसके रूप में इसकी सबसे अच्छी अभिव्यक्ति को खोजती है. तभी तो प्रीति की कलाकृति ज्यादातर सामान्य जन-जीवन से जुड़े विषयों पर ही फोकस किया है. इनका कहना है कि किसी भी कलाकार के लिए चाहे वह किसी भी माध्यम से जुड़ा हो, अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़ा रहना जरूरी है. अपनी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ाव और निरंतर अपने आपको बदलने की ताकत मुझे जिन्दगी से मिली है. इनके चारकोल, पेंसिल आदि में अपनी एक अलग शैली की झलक मिलती है.











# आखर

## हामरा जे मां टुसू थापी अघन सांकराइते गो



डॉ. हाराधन कोईरी

ललित निबंध

झारखंड का प्रसिद्ध लोकपर्व टुसू आरंभ होने वाला है. अगहन संक्रांति के दिन टुसू थापा जाता है. इस वर्ष सत्रह दिसम्बर को अगहन संक्रांति पड़ रहा है. उसी दिन विधि-विधान के साथ टुसू थापा (स्थापना) जायेगा. टुसू पर्व कृषि संस्कृति से जुड़ा हुआ पर्व है. धान कटनी का काम पूरा होते ही टुसू पर्व आरंभ हो जाता है. किसान प्रत्येक साल धान की खेती करता है, परन्तु जिस वर्ष धान उपज अच्छी होती है, उस वर्ष टुसू पर्व धूमधाम से मनाया जाता है. झारखंड की अधिकांश जनता खेती-किसानी पर आश्रित हैं. उनके आय का मुख्य स्रोत भी धान ही है. पांच-परगना क्षेत्र में ऐसी लोक- परम्परा है कि साल भर में एक बार परिवार के सभी सदस्यों के लिए नया वस्त्र खरीदने की. किन्तु, आय का कोई दूसरा आधार न होने के कारण साल भर के लिए खाने के लिए रखा गया धान को ही बेच देते हैं, तथापि अपनी लोक परम्परा का निर्वाह करते हैं. यद्यपि आज की स्थिति थोड़ी भिन्न है.

टुसू पर्व के प्रत्येक नेगाचार में नये अन्न का प्रयोग किया जाता है. पंच-परगना में प्रसिद्ध लोकगीत है जिसमें टुसू से जुड़ी सभी लोकादर्श वर्णित हैं. साथ ही नये अन्न और टुसू थापने का उल्लेख भी मिलता है. उस गीत की एक कड़ी देखिए-

"हामरा जे मां टुसू थापी  
अघन सांकराइते गो.  
अबला बाछुरेर गबर  
नबान्न चाउलेर गुंड़ी गो."

टुसू पर्व में कृषि संस्कृति और ऋषि संस्कृति का अद्भुत सामंजस्य देखने को मिलता है. किसान अगहन महीने में दिन- रात मेहनत करके थक जाता है और कुछ दिन सुस्ताना चाहता है. इसलिए हमारे पुरखों ने पूर्व में ही सुस्ताने के बहाने टुसू पर्व का विधान कर रखा है. दूसरी ओर टुसू पर्व के अवसर पर लगने वाला मेला प्रायः नदी के तट पर लगता है. इसके पीछे का कारण है कि माघ मास में बहता पानी में स्नान करना और दान करना पुण्य माना गया है. अतः इसे ऋषि संस्कृति कहना भी गलत नहीं होगा. झारखंड में लगने वाला टुसू मेला प्रायः नदी किनारे लगता है जो टांड़ राज्य में या झारखंड राज्य में माघ मेला की याद दिलाता है.

टुसू थापने का नेगाचार (नियम) है अगहन संक्रांति के दिन कुंवारी कन्या अपने सखियों के साथ खेत से कटा हुआ धान का जड़ उखाड़ कर घर लाती हैं फिर नहा धोकर संध्या के समय खाली घर में एक उपयुक्त जगह पर बछड़े का गोबर से लिपकर नया उगाया हुआ धान का आरवा चावल से चौक (रंगोली) बनाती हैं. फिर उसके ऊपर एक छोटी चौकी रखी जाती है. चौकी के ऊपर धान के जड़ को जो खेत से लाया गया है उसे मिट्टी समेत रखा जाता है. उसके बाद दूध और पानी का ढार दिया जाता है.




चौकी के नीचे धूपधानी और गोबर रखा जाता है ताकि प्रत्येक दिन आरती के समय धुना और अगरबत्ती जलायी जा सके. तत्पश्चात सभी कुंवारी कन्या और महिलाएं मिल कर सस्वर टुसू गीत गाने लगती हैं. संध्या वंदन के समय गाए जाने वाला गीत --

"तेल दिलाम सलिता दिलाम  
दिलाम सरगे बाती गो.  
सकल देबता सइनझा लेव मां  
लखी सरसती गो."

इस तरह प्रतिदिन टुसू गीत गाया जाता है. संध्याकालीन आरती की जाती है. यह नेगाचार अगहन संक्रांति से मकर संक्रांति तक चलती है. मकर संक्रांति के दिन ढोल नगाड़े के साथ टुसू को पूरा गांव घुमाया जाता है. टुसू घुमाने का गीत -

"आमार टुसू बुइलते जाय मां  
जड़ा बाजना बाजाइएं.  
अदेर टुसू बुइलते जाय मां  
जड़ा कुकुर ठेंगाएं."

फिर सतीघाट मेला के दिन पूरा गांव के साथ दल बल में ढोल- नगाड़े के साथ टुसू गीत गाते हुए सतीघाट चले जाते हैं. टुसू को मेला में घुमा-फिराकर स्वर्णरेखा नदी में विसर्जन किया जाता है, जिसे लोकभाषा में टुसू भासान कहते हैं. टुसू भासान गीत का एक नमूना-

"तके टुसू जले दिब ना  
आमरा संगी छाड़ा हब ना  
तके टुसू जले दिब ना."

टुसू लोकजीवन में सर्वत्र व्याप्त हैं. इनके नाम पर टुसू गीत, टुसू मेला, टुसू पर्व और अपनी कन्या का नाम भी टुसू रखते हैं. टुसू सतीत्व का, नारी अस्मिता का और लोक- संस्कृति का धरोहर है. टुसू झारखंड की पहचान है. टुसू की इन सभी विशेषताओं वर्णन करते हुए एक गीत देखिए-

"टुसू मनी मां गो  
सुखे- दुखे साथ गो  
नारी जातिक अभिमान गो..  
तोहरे हामरेक सान गो  
गोटा झारखंड केर मान गो  
टुसू मनी मां गो"...

## सनातन के सार का लिपिबद्ध रूप है जंबूद्वीपे-भरतखंडे



डॉ हरे राम पाठक

समीक्षा

सनातन धर्म को समूल नष्ट करने का षड्यंत्र वर्षों पुराना है. खूबी यह है कि सनातन का जितना पुरजोर विरोध हुआ है उतना ही वह मजबूत भी हुआ है. अतः विरोधी पक्ष बार- बार अपना विरोध प्रदर्शन कर हमें अपने धर्म एवं संस्कृति के प्रति सजग करते हैं, साथ ही अपनी दुष्टता का भी परिचय देते रहे हैं. इस प्रकार दुष्ट भी एक प्रकार से हितैषी ही हुए. यही कारण है कि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में दुष्टों की भी वंदना की है -

' वचन बज्र जेहि सदा पियारा।  
सहस नयन पर दोष निहारा।।'

अर्थात् कठोर वचन रूपी वज्र इन दुष्टों को सदा प्यारा लगता है और ये हजार आंखों से दूसरों के दोषों को देखते हैं. लेकिन गोस्वामी जी ही यह भी बताते हैं कि दुष्ट यदि रावण के समान आतंक फैला दे तो ' निसिचर हीन करऊं मही ' का भी व्रत लेना पड़ता है. आज वही व्रत लेने का समय आ गया. देश के जो कालनेमी सनातन की अनर्गल व्याख्या करते हुए अपनी मूर्खता का परिचय दे रहे हैं, ऐसे लोगों के लिए मयंक मुरारी जी ने 'जंबूद्वीपे भरतखंडे ' पुस्तक की रचना की है.

यह पुस्तक उन लोगों के लिए भी है जो वेद, उपनिषद् आदि का अध्ययन नहीं कर सकते क्योंकि संस्कृत का ज्ञान सब को नहीं है. इस पुस्तक की भाषा अत्यंत सरल है. अत्यंत सरल शब्दों में सनातन संस्कृति के सार को प्रमाण सहित लिपिबद्ध कर देना लेखक के गहन अध्ययन एवं सचेत शोध वृति का परिणाम है.

लेखक वेदों से प्रमाण लेकर इस बात की पुष्टि करता है कि पूरे विश्व में हमने ही सर्वप्रथम सूर्य की गति की खोज की थी. सनातन धर्म के पहले कोई भी धर्म नहीं था जिसने यह बताया हो कि चंद्रमा सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होता है - ' सुषुम्ना : सूर्य रश्मि : चंद्रमा गरणधर्व, अस्यैको रश्मिः चंद्रमसं प्रति दीप्यते ' ( यजुर्वेद, मंत्र 18.40 ). आज का विज्ञान कहता है कि सूर्य के चारों ओर विशाल गैस का भंडार है. डॉ मयंक मुरारी इस तथ्य को ऋग्वेद से प्रमाणित करते हैं - "शकमर्य धूमम आराद अपश्यम विषुवता पर इनावरेण." ( ऋग्वेद,1.164..43 ).

इस पुस्तक में 12 अध्याय हैं. छठा अध्याय है - जम्बूद्वीपे भारतवर्षे. सनातन धर्म का समान्य पण्डित अथवा ब्राह्मण किसी भी धार्मिक अनुष्ठान




पुस्तक : जम्बूद्वीपे भरतखंडे  
लेखक : डॉ मयंक मुरारी  
प्रकाशक : प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली  
प्रथम संस्करण 2023  
मूल्य (पेपर बैक) - 350  
पृष्ठ - 224

में संकल्प करवाता है कि तुम कौन हो, कहां के निवासी हो, और यह अनुष्ठान क्यों करा रहे हो? पर आश्चर्य कि बात है कि इन संकल्प मंत्रों के बार - बार रटने के बावजूद लोग भारत, जम्बूद्वीप, आर्यावर्त, अजनाभ आदि की सीमा और अर्थ भी नहीं समझ पा रहे हैं.

सनातन धर्म केवल कर्मकांड नहीं है, यह विज्ञान है, संस्कृति है, दर्शन हैं, समाज शास्त्र है, आचरण एवं व्याकरण का शास्त्र है, खगोल विद्या की शुरुवात सनातन से होती है. हजारों साल पहले सनातनी खगोल शास्त्रियों ने जो मान्यताएं स्थापित कर दीं उसे आज का विज्ञान भी मान रहा है.

इस पुस्तक का सातवां अध्याय यज्ञ कर्म पर प्रकाश डालता है. यज्ञ कर्म देवत्व की प्रतिष्ठा है. उपनिषद् बताता है कि बीज से पौधे का बनना, पहाड़ से पानी का झरना, नदियों का बहना, स्वाभाविक जीवन जीना, यही यज्ञ. जिससे जीवमात्र लाभान्वित होता है, वही यज्ञ है. धार्मिक अनुष्ठान में हवन आदि यज्ञ है क्योंकि इसके द्वारा पूरे विश्व में शांति की कामना की जाती है. यजुर्वेद में विस्तार से इसका वर्णन है. इस पुस्तक में भी मयंक मुरारी जी ने इसी को विस्तार से समझाया है.

आठवें अध्याय में लेखक ने मानव सभ्यता का पहला राष्ट्र भारत वर्ष को बताया है. भरतखण्ड क्या है, यह दसवें अध्याय का विषय है. आर्यावर्त और दक्षिणावर्त का अंतर और अवदान ग्यारहवें अध्याय में बताया गया है. और 12वें अध्याय में विभिन्न उत्सवों में शाश्वत तत्व की खोज के रहस्य को बताया गया है. मयंक मुरारी जी लिखते हैं - " व्रत एक संस्कार है जिसमें व्यक्ति अपने रूपांतरण के लिए तप और उपवास करता है. यह मानव और समाज के कल्याण को ध्यान में रखकर किया जाता है." (पृष्ठ संख्या,219)

प्रश्न है कि जो धर्म इतना व्यापक है, जो वसुधैव कुटुंबकम् की भावना से अभिप्रेरित है, उसे पाखंड क्यों कह दिया जाता है? अज्ञानता और इस धर्म के प्रति वैश्विक द्रोह-घृणा पैदा करना ही इसका जवाब है. ऐसे में हमारा दायित्व है कि ऐसी पुस्तकों का अधिक से अधिक प्रचार हो, लोग इसके बारे में जानें, सनातन के मर्म को समझें. रियायत मूल्य पर प्रभात प्रकाशन इसे सर्व सुलभ कराए. ऐसा करना एक बहुत बड़े यज्ञ के समान होगा.

## कंबल या कफ़न



रूपा कुमारी 'अनंत'

लघुकथा

आज दिन भर की मेहनत के बाद भी वह पूरे सौ रुपए तक कमा नहीं पाया था. एक ढंग का कंबल खरीदना उसके बस की बात नहीं थी. फिर भी उसने कुछ पैसे जोड़ रखे थे बस कंबल खरीदने के लिए सौ रुपए कम पड़ रहे थे. उसकी तबीयत भी ठीक नहीं थी और उम्र भी साथ नहीं दे रहा था.

फटे पुराने कंबल से आज की रात निकालना उसके लिए बेहद मुश्किल था. बगल में लेटा हुआ एक व्यक्ति बोला, ₹चलो चाचा अब सो जाओ. तुम्हारी तबीयत भी तो ठीक नहीं. ई हिसाब किताब कल कर लेना.₹ परंतु ठंड के मारे उस बूढ़े को नींद नहीं आ रही थी. पूस की रात की ठंड होती ही ऐसी है कि हड्डी तक कांप जाए.

वह बेचारा बूढ़ा उसकी बात अनसुनी कर अपने जमा किए पैसे गिनने लगा. "एक सौ, एक सौ पच्चीस, ये मिलाकर दो सौ..." पैसे गिनता गिनता वहीं न जाने कब वह गहरी नींद में चला गया. सुबह फुटपाथ पर उसके बगल में सोने वाले लोगों ने उसे उठाने की कोशिश की पर उसका शरीर पूरी तरह ठंडा पड़ चुका था. उसकी खुली हथेली में कुछ रुपये पैसे थे जो उसने कंबल खरीदने के लिए बचाया था. उसी पैसे से फुटपाथ वाले साथियों ने उसके लिए एक कफ़न खरीदा और उसका अंतिम संस्कार कर दिया. सभी बातें कर रहे थे, "भला फुटपाथ वालों को कफ़न भी कहां नसीब होता है! पर इसने तो मरने से पहले ही अपने कफ़न का इंतज़ाम खुद ही कर लिया था."



व्यंग्य >> बर्बरीक

## मैं हूं डंकाधिपति

मैं हूं डंकाधिपति. चहुंओर मेरा डंका बजता है या बजाना पड़ता है. जो नहीं बजाता है उसे मेरी ताकत का स्वाद चखना पड़ता है. मेरी अनुचर संस्थाएं उन्हें बताती हैं कि जब तक वे मेरी शरण में रहेंगे सुरक्षित रहेंगे. काली पीली जैसी भी संपत्ति हो उनके पास दुग्ध धवल साबित कर दिया जाएगा. केवल एक बड़ा अंश हमारे दल को समर्पित करना पड़ेगा. इतिहास कितना भी कलुषित हो, वर्तमान बिलकुल नारंगी होगा, रंगीन चमकदार.

हमारे आलोचक कहते हैं कि हमारे पास ऐसी कौन सी वाशिंग मशीन है जिसमें धुलकर पापी भी पुण्यात्मा बन जाते हैं. मैं डंके की चोट पर कहता हूं कि है ऐसी मशीन हमारे पास. जिसके पास भी सत्ता की शक्ति है उसी के पास रहती है ऐसी मशीन -- गीता में कृष्ण



ने नहीं कहा था कि मामेकं शरणं व्रज. मेरी शरण में आ जाओ, तुम्हारा सब भला बुरा मैं देख लूंगा. आलोचना का मेरे जीवन में कोई स्थान नहीं है सिर्फ आरती का है. यही कारण है कि हम किसी बुद्धिजीवी से बात नहीं करते. यही वो लोग हैं जो फालतू के सवाल पूछते रहते हैं. संशय करते रहते हैं. आप तो जानते हैं कि संशयात्मा विनश्यति. संशय करने वाले का विनाश निश्चित है, खुद बखुद न हो तो करना पड़ता है.

इतिहास भी यही बताता है. कभी किसी समय किसी ने मेरी आलोचना की या मेरा स्थानापन्न बनने की कोशिश की या एकाध प्रतिशत ऐसी संभावना भी दिखाई दी तो उसे भूलता नहीं, उखाड़ फेंकने में कोई देर नही करता. कांटे भला किस को अच्छे लगते हैं. निष्कंटक राज्य में मेरा भी विश्वास है. आप तानाशाही वगैरह कह सकते हैं पर ध्यान रखें कि यह मेरी आलोचना होगी और अपनी हालत के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे.

कवि कह गया है आप जानते ही होंगे-मत कहो आकाश में कुहरा घना है/यह किसी की व्यक्तिगत आलोचना है. आकाश बिलकुल साफ है. हम चंद्रमा, मंगल सब पर यान भेजे जा रहे हैं और आप आकाश में कुहरा देखे जा रहे हैं. तो यह आलोचना ही तो है. बल्कि जब हम विश्व गुरु बनने की राह पर हैं तो यह आलोचना राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आती है. कभी भी हमारी संस्थाएं आपका दरवाजा खटखटा सकती हैं. विरोध वैसे तो लोकतंत्र की आत्मा है लेकिन विरोध तो मनुष्य का होता है न? महामानव डंकाधिपति का कैसा विरोध? अभी देखा नहीं - बेचारों ने विरोध किया भी नहीं था. सिर्फ कुछ लोग तारीफ कर रहे थे दूसरों की. निपट गए बेचारे. जब हम यहां मौजूद हैं तो दूसरों की तारीफ? अच्छा लगता है भला? जनता के लिए उसने यह किया, वह किया. जनता के योगक्षेम का जिम्मा केवल मेरा है. राजा के सामने प्यादों की तारीफ! डंकाधिपति के रहते किसी का भी, नोट कर लें, किसी का भी डंका नहीं बजे. बस...

## कविता/ग़ज़ल



सुशील स्वतंत्र

### घर-बाज़ार

जैसे-जैसे मुहल्ले में  
भीड़ बढ़ती गई  
बाज़ार को जगह देने के लिए  
घर सिमटने लगे  
पता ही नहीं चला  
कब दबे-पाँव घरों में  
घुस आया बाज़ार  
शहर के तंबू में  
पनाह लिए हुए  
गाँव सोचता है  
कि कोई और गाँव आए  
तो दुआ-सलाम हो.

### सलीब

दिशाओं के अहंकार को  
ललकारती भुजाएं और  
चीखकर बेदर्दी की इन्तहां को  
चुनौती देतीं  
हथेलियों में धसीं कीलें  
एक-एक बूँद टपकता लहू  
जो सींचता है उसी जमीन पर  
लगे फूल के पौधों को  
जहाँ सलीब पर खड़ा है सच  
जब भी लगता है कि  
हार रहा है मेरा सच  
सलीब को देखता हूँ  
लगता है कोई खड़ा है मेरे लिए  
झूठ के खिलाफ.



नीलोत्पल रमेश

### डरा हुआ आदमी

डरा हुआ आदमी  
हमेशा संशय में रहता है  
कि कोई कुछ बोल न दे  
उसके अंदर की कमियां  
उसे बार-बार बेचैन  
करती रहती हैं  
और वह अस्थिर बना रहता है  
डरा हुआ आदमी  
शेखी बघारता है  
और अपने को  
श्रेष्ठ सावित करने की  
कोशिश में वह  
लगातार लगा रहता है  
डरा हुआ आदमी के अंदर  
हमेशा उथल-पुथल  
मचे रहता है  
और वह उसी में  
खोए रहना चाहता है  
डरा हुआ आदमी  
हमेशा डरा हुआ ही रहता है  
और ये भावनाएँ  
उसके हाव-भाव से  
प्रदर्शित हो ही जाती हैं  
जिसे समझने में  
किसी को कोई  
दिक्कत नहीं होती  
क्योंकि वह  
डरा हुआ आदमी है.



आशुतोष प्रसाद

### इंतज़ार

हासिल नहीं होती अक्सर ये दुआएं,  
हम तो बस उनके इंतजार में हैं.  
वो इक अजीब सपना है,  
जिसे मिलने का हमेशा इंतजार है.  
हमारे दिल में जो उम्र भर की तन्हाई है,  
उसे कुछ तो दूर करना चाहते हैं.  
तुम्हें ही देखा हमने, तुम्हें ही प्यार किया,  
पर क्यों मुझे तुमसे ,कहीं हिस्सा नहीं मिला.



हिमकर श्याम

### दिसम्बर ख़त्म होता है

नयी होतीं हैं उम्मीदें दिसंबर ख़त्म होता है  
वहीं रहती हैं दीवारें कलेण्डर ख़त्म होता है.  
महज़ कहने को रह जाता मकां बस ईंट गारे का  
भरोसा प्यार जो बिखरा तो फिर घर ख़त्म होता है.  
तुम्हारे हुस्न के आगे लगे फ़ीके सभी गहने  
भला कब सादगी का कोई जेवर ख़त्म होता है.  
हुआ क्या हश्र रावण का नहीं अनजान है कोई  
तकब्बुर जो भी करता है बिखर कर ख़त्म होता है.  
बहार आयी है सुनते हैं मगर देखा नहीं हमने  
निगाहों से हमारी क्यूँ न पतझड़ ख़त्म होता है.  
कभी ज़रख़ेज़ थी धरती बड़ा सरसब्ज़ था मंज़र  
मगर आँखों से अब अपने न बंजर ख़त्म होता है.  
है बे-शक छूटता जंगल वही रहती मगर फ़ितरत  
भले हो शेर पिंज़ड़े का न तेवर ख़त्म होता है.  
बिखरता है संभलता है नहीं पर टूटता 'हिमकर'  
गुज़र जाता है तूफ़ाँ और बवंडर ख़त्म होता है.



हरिवंश प्रभात

### मित्रों की नजर...

अपने चेहरे मुखौटे लगाए नहीं.  
इसलिए तुम किसीको भी भाए नहीं.

जेल में अब भी खाली पड़ी है जगह,  
क्यों विधायक को मंत्री बनाए नहीं.

रोटियां अब तो बे स्वाद लगने लगी,  
तुम तो किचेन में मुंह को फुलाए नहीं.

जितनी नफ़रत करो, प्यार उतना मिले,  
ये भी नुस्खा कभी आजमाए नहीं.

घर में चोरी हुई पर बहुत कुछ बचा,  
बचा कैसे , पुलिस को बुलाए नहीं.

तेरा सुख चैन वापस मिले भी तो क्या,  
इश्क में अपनी लुटिया डुबाए नहीं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### शराब में संलिप्त सात पुलिसकर्मी निलंबित

**पटना।** शराबबंदी वाले राज्य में शराब का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है. एसएसपी राजीव मिश्रा ने ऐसे ही एक मामले में बड़ी कार्रवाई की है. राजधानी में दीघा थाने में पदस्थापित थाना मुंशी समेत सात जवानों को सस्पेंड कर दिया. पिछले 25 नवंबर को दीघा थाने की पुलिस के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 90 लाख की शराब पकड़ी गई थी. इसके बाद पटना एसएसपी राजीव मिश्रा को गुप्त सूचना मिली थी कि थाने के बैरक में शराब रखी गई है. जिसके बाद सिटी एसपी के द्वारा जांच की गई जिसमें थाने के बैरक से कई बोतल शराब बरामद किए गए. मामले में सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है.

### बारात आए युवक का नदी में मिला शव

**बेगूसराय।** बेगूसराय में शुक्रवार देर रात शादी समारोह में बारात आए एक युवक का शव शनिवार को संदिग्ध हालत में बलान नदी से बरामद किया गया है. घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के कादराबाद की है. मृतक की पहचान गढ़हरा सहायक थाना क्षेत्र के कील निवासी रामचंद्र पासवान के पुत्र गौरव कुमार के रूप में की गई है. घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि शुक्रवार रात कादराबाद निवासी नंदलाल पासवान के पुत्री की शादी थी. जिसके बारात में शामिल होने के लिए गौरव कुमार भी आया था.

### घर से बुलाकर युवक की गला दबाकर हत्या

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई. पेड़ से लटका हुआ शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. पूरा मामला पारू थाना क्षेत्र के मोहजामा गांव का है. जहां देवरिया थाने के नेकनामपुर गांव निवासी बुलिन्दर सिंह उर्फ गुल्ली सिंह के 28 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार सिंह की लाश मिली है. शव मिलने के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. इसके बाद लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी. घटनास्थल पर पहुंची पारू और देवरिया थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है.

# दलाई लामा ने महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

संवाददाता। गया



**2000** साल से भी पहले इसी स्थान पर ज्ञान की प्राप्ति हुई थी भगवान बुद्ध को

नोबल शांति पुरस्कार विजेता एवं तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा शनिवार सुबह गया जिले में बोधगया स्थित विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध को नमन किया और मंदिर प्रांगण में ही स्थित पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान लगाया. कड़ी सुरक्षा के बीच तिब्बती मठ से महाबोधि मंदिर तक ई-रिक्शा पर सवार होकर दलाई लामा महाबोधि मंदिर पहुंचे. यह मंदिर उस स्थान पर स्थित है जिसके बारे में कहा जाता है कि भगवान बुद्ध को 2,000 साल से भी पहले इसी स्थान पर ज्ञान की प्राप्ति हुई थी.

दलाई लामा की सुरक्षा के मद्देनजर आम श्रद्धालुओं के मंदिर परिसर में प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई. बहरहाल, मोनेस्ट्री के बाहर सड़क के दोनों ओर तिब्बती धर्मगुरु की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी. महाबोधि मंदिर पहुंचने पर पुजारी दलाई लामा को गर्भगृह तक ले गए जहां उन्होंने भगवान बुद्ध को नमन किया और मंदिर प्रांगण में ही स्थित पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान लगाया. बोधगया में अपने प्रवास के दौरान दलाई लामा वहां आयोजित किये जाने वाले कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे.

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- बिहार का राज्यचिन्ह क्या है – बोधिवृक्ष
- भारत और किस देश ने 'इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज' का उद्घाटन किया है – ब्रिटेन
- सुनील गंगोपाध्याय का पहला उपन्यास कौन था – आत्मोप्रकाश
- विश्व का सबसे लंबा महाकाव्य कौन है – महाभारत
- फीबा बास्केटबॉल विश्वकप 2023 का खिताब कौन जीता – जर्मनी
- बिहार के जीटी रोड का क्या नाम है – एनएच 2
- कंथक का गौतम बुद्ध के जीवन में क्या संबंध था – घोड़ा
- नाचने वाला हिरन भारत के किस प्रदेश में पाया जाता है – मणिपुर
- पावरपॉइंट सॉफ्टवेयर किसने बनाया था – डेनिस ऑस्टिन
- औरंगजेब के समय पटना का नाम क्या रखा गया – अजीमाबाद
- लखनऊ में पहली बार क्या आयोजित की गई – ट्रांसजेंडर प्राइड वॉक

### भागने के दौरान बाइक को 20 मीटर तक घसीट ले गया ट्रक ड्राइवर

# पटना से लौट रहे बाइक सवार 3 दोस्तों को ट्रक ने रौंदा, मौत



संवाददाता। आरा

भोजपुर में बेलगाम ट्रक ने पटना से वापस लौट रहे बाइक सवार तीन दोस्तों को रौंद दिया. शुक्रवार की देर रात कोईलवर थाना क्षेत्र के आरा-पटना नेशनल हाईवे पर सकड्डी मोड़ के पास यह घटना हुई है. सड़क हादसे के बाद भागने के दौरान ट्रक ड्राइवर बाइक को करीब 20 मीटर तक घसीट ले गया.

इस हादसे में मरने वाले तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे. घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच अफरातफरी मच गई. सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया. बताया जाता है कि मरने वाले तीनों दोस्त युवक थे. सबकी उम्र 18 से 21 साल के बीच थी. मृतकों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव के कुंदन पासवान, शिव लगन और धनजीत कुमार के रूप में हुई है.



**बेल कराने दानापुर गया था :** मृतक कुंदन के पिता बितन पासवान ने बताया कि एक महीने पहले पटना के दानापुर (शाहपुर) में कुंदन के ऑटो को पुलिस ने पकड़ लिया था. कुंदन अपने दो दोस्त शिव लगन और धनजीत के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव से उस ऑटो का बेल कराने के सिलसिले में दानापुर गया था. रात करीब साढ़े दस के बाद गांव लौट रहा था. इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया. इस हादसे में तीनों की मौत हो गई. पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद घर के सभी सदस्य आरा सदर अस्पताल पहुंचे. घटना के बाद कोहराम मच गया है.

## गोपालगंज में आपस में टकराए दो ट्रक, बची जान

**गोपालगंज।** गोपालगंज में दो ट्रक की टक्कर हो गई है. मामला मांझागढ़ थाना क्षेत्र के छवही गांव के पास राष्ट्रीय उच्च पथ का है, जहां एक खड़े ट्रक से अनियंत्रित ट्रक टकरा गया. इस हादसे के दौरान ट्रक में सवार चालक और खलासी जख्मी हो गए. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 के टीम को दी. सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने जख्मी चालक और खलासी को तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया है. जख्मियों में यूपी के बराबंकी निवासी ट्रक चालक राकेश कुमार और मनदीप कुमार शामिल है. दरअसल, घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि जख्मी ट्रक चालक राकेश अपने खलासी के साथ ट्रक पर सवार होकर असम से यूपी के बराबंकी जा रहा था. इसी बीच वह जैसे ही मांझा गढ़ थाना क्षेत्र के छवही गांव के पास एनएच 27 पर पहुंचा, वहां पहले से खड़ी एक ट्रक से टक्कर हो गई. धक्का लगते ही राकेश की ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमे वो और उसका खलासी मनदीप उसमें फंस गए. स्थानीय लोगों की नजर जब ट्रक पर पड़ी तो तत्काल उसमें फंसे चालक और खलासी को निकालने की कोशिश की गई. सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों जख्मियों को बाहर निकाला गया. जिसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है.

### बिहार की हवा में घुलता जा रहा जहर

# 14 जिलों की स्थिति सबसे खराब

संवाददाता। पटना

बिहार में बढ़ती ठंड के साथ-साथ राज्य की हवा भी खराब हो चुकी है. कई जिलों में प्रदूषण युक्त हवा चल रही हैं. बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार सुबह 7 बजे राजधानी पटना सहित प्रदेश के 14 जिलों की हवा में प्रदूषण का जहर फैला दिखाई दिया.

इस प्रदूषण युक्त हवा की वजह से सांस लेने संबंधी बीमारियां होने लगी है. राज्य के 14 जिलों में सबसे अधिक पूर्णिया जिले की स्थिति ज्यादा खराब है. यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 419 दर्ज किया गया.

#### कटिहार में एक्यूआई पहुंचा 399

वहीं राजधानी पटना सहित 6 जिलों की हवा भी बहुत खराब है. राजधानी पटना में एक्यूआई 319 दर्ज किया गया. जो बहुत खराब स्थिति का माना जाता है. जबकि कटिहार में एक्यूआई 399, भागलपुर में एक्यूआई 368, सहरसा में एक्यूआई 360,अररिया में एक्यूआई 352 और छपरा में एक्यूआई 306 दर्ज किया गया. प्रदूषण विभाग ने इन जिलों में हार्ट और सांस की बीमारी वाले व्यक्तियों के अलावा बुजुर्गों के भी प्रदूषण से बचने की सलाह दी गई है. वही सात अन्य जिलों में भी हवा भी स्तर खराब दर्ज किया गया है. जो 200 से 300 के बीच एक्यूआई है. इनमें सबसे अधिक आरा में एक्यूआई 299 दर्ज किया गया है. जबकि मोतिहारी में एक्यूआई 293, हाजीपुर में एक्यूआई 291, मुजफ्फरपुर में एक्यूआई 281, राजगीर में एक्यूआई 275, गया में एक्यूआई 260 और किशनगंज में एक्यूआई 259 दर्ज किया गया है. मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को बिहार में सबसे कम न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस भागलपुर के सबौर में दर्ज किया गया.

### बेतिया में सत्याग्रह एक्सप्रेस में लगी आग

**बेतिया।** बेतिया में शनिवार को रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस में अचानक से आग लग गई. यह घटना जिले गुरचुरवा रेलवे गुमटी के पास की है. बोगी से उठते धुएं की सूचना मिलते ही ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका. ट्रेन रुकते ही भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. धड़ाधड़ यात्री जान बचाने के लिए ट्रेन से नीचे कूदने लगे. बताया जाता है कि ट्रेन रक्सौल से खुली ही थी. करीब 45 मिनट चलने के बाद ही यह घटना हुई. मिल रही जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण ट्रेन में आग लगने की बात बताई जा रही है.

## सीएम ने डबल डेकर पुल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता। पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल को विश्वस्तरीय अस्पताल बनाया जा रहा है, जिसमें मरीजों को बेहतर ढंग की आधुनिक तकनीक से युक्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. नीतीश ने कहा कि यहां कार्य करने वाले चिकित्सकों से लेकर कर्मियों तक के लिए आवास का निर्माण कराया जा रहा है. साथ ही पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के रहने के लिए भी बेहतर ढंग से छात्रावास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. सीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि पहले फेज का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही दूसरे और तीसरे फेज का निर्माण कार्य भी तेजी से पूर्ण करें. इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अशोक राजपथ पर बन रहे डबल डेकर पुल का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया.

## कारोबार

### होंडा एलिवेट ने 20,000 वाहन बेचे

**नयी दिल्ली।** होंडा कार्स इंडिया ने शनिवार को बताया कि उसके मध्यम आकार के स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) एलिवेट ने 20,000 वाहन बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है. कंपनी ने इस साल सितंबर में एलिवेट को बाजार में उतरा था. कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले तीन महीनों में उसकी कुल बिक्री में नए मॉडल की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही. इससे होंडा कार्स इंडिया को सितंबर-नवंबर अवधि में सालाना आधार पर अपनी बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिली.

### श्रीलंका : अर्थव्यवस्था में सकारात्मक वृद्धि दर्ज

**कोलंबो।** नकदी संकट से जूझ रही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था ने आर्थिक संकट आने के बाद पहली बार सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है. जनगणना और सांख्यिकी विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत रही. श्रीलंका ने अप्रैल 2022 में दिवालिया घोषित होने पर ऋणात्मक आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी. यानी अर्थव्यवस्था का आकार आठ प्रतिशत घट गया था. पड़ोसी देश की अर्थव्यवस्था 2021 की चौथी तिमाही से नकारात्मक बनी हुई है.

### अब गन्ने के जूस से एथेनॉल नहीं बनेगा

**नयी दिल्ली।** सरकार ने गन्ने के जूस से एथेनॉल बनाने पर लगी रोक हटाने का फैसला किया है. खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को नया आदेश जारी करते हुए कहा एथेनॉल के उत्पादन में गन्ने के जूस और बी-हैवी गुड़ का इस्तेमाल होता रहेगा. इससे 2023-24 में ग्रीन फ्यूल एथेनॉल के उत्पादन में कोई कमी नहीं आएगी. साथ ही सप्लाई भी बाधित नहीं होगी. इससे पहले सरकार ने गन्ने के जूस के एथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी. सरकार ने 7 दिसंबर को एथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के जूस और शुगर सीरप के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी.

### बैंक में सुरक्षित लॉकर के लिए नए नियम एक जनवरी 2024 से लागू होगा

# कागजी कार्रवाई से परेशान ग्राहक लॉकर हटा रहे हैं

भाषा। मुंबई



लोकल सर्किल का सर्वे 218 जिलों में हुआ था

एक समय बैंक में लॉकर रखने के लिए लोग परेशान रहते थे. लेकिन वही आज इसे हटाने में लगे हैं. दरअसल बैंक में सुरक्षित लॉकर के लिए नए नियम एक जनवरी 2024 से लागू हो रहे हैं. इससे पहले बैंक कस्टमर को कागजी कार्रवाई के लिए जरूरी केवाईसी डॉक्यूमेंट के साथ ब्रांच बुला रहे हैं. वहीं एक सर्वे के अनुसार काफी लॉकर होल्डर्स बढ़ी हुई परेशानियों और चार्ज बढ़ने के कारण इसे बंद करने के बारे में सोच रहे हैं. लोकल सर्कल्स के सर्वे के मुताबिक काफी लोग लॉकर बंद करने का फैसला भी कर चुके हैं. कुछ ग्राहक ऐसे भी हैं जो लॉकर का साइज कम करने की योजना भी बना रहे हैं. आरबीआई के अनुसार ग्राहकों को 31 दिसंबर तक लॉकर के लिए अपने बैंक के साथ नए एग्रीमेंट पर साइन करने होंगे. लॉकर फीस में इजाफा होने के कारण पिछले तीन सालों में सर्वे में शामिल 56 प्रतिशत लॉकरहोल्डर्स ने या तो इसे छोड़ दिया है या जल्द बंद करने की सोच रहे हैं. कुछ बैंक ग्राहक या छोटे आकार के लॉकर में स्थानांतरित होने की योजना बना रहे हैं. सर्वे के मुताबिक जब लोगों से यह पूछा गया कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? तो ज्यादातर का जवाब था कि बैंक केवाईसी के बहुत सारे डॉक्यूमेंट्स मांग रहे हैं और लगातार लॉकर में रखने के लिए रेंट बढ़ाते जा रहे हैं.

बता दें कि लोकल सर्किल का यह सर्वे देश के 218 जिलों में किया गया था. इसमें 23,000 लोग शामिल हुए थे. इस सर्वे में पता चला कि पिछले दिनों 36% यूजर्स ने बैंक लॉकर बंद कर दिए हैं. वहीं 16% यूजर्स ज्यादा रेट के साथ पैसे का पेमेंट कर रहे हैं. 16% यूजर्स छोटे साइज के लॉकर में ट्रांसफर हो जाएंगे, जबकि 56% लॉकर होल्डर्स इसे बंद करने का प्लान बना रहे हैं. बता दें कि नए अग्रीमेंट के तहत, कंटेंट और सेफ सामान रखने के लिए बैंकों की जिम्मेदारी को फिर से समझाया गया है. बैंक अब पट्टेदार के रूप में काम करते हैं और ग्राहक लीज पर लेने वाला होता है. इसके लिए एक कॉन्ट्रैक्ट होता है जिसमें अधिकार, ड्यूटी, लॉकर रेंट और अन्य आवश्यक चीजों के बारे में बताया जाता है. लापरवाही के कारण होने वाले नुकसान के लिए बैंक की देनदारी सालाना लॉकर रेंट से 100 गुना तक हो सकती है. नए नियम में अवैध और खतरनाक सामग्रियों को छोड़कर, लॉकर में आभूषण और डॉक्यूमेंट्स को रखा जा सकता है.

#### ग्राहकों को लॉकर के लिए इतने देने होते हैं

आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों को स्मॉल साइज के लॉकर के लिए 1200– 5000 रुपये, मीडियम साइज के लॉकर के लिए 2500– 9000 रुपये, लार्ज साइज के लॉकर के लिए 4000–15000 रुपये और एक्स्ट्रा साइज के लॉकर के लिए 10000–22000 रुपये देने होते हैं. पीएनबी बैंक में लॉकर का वार्षिक किराया ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में अलग–अलग होता है. 1250 से रुपये शहरी और मेट्रो क्षेत्रों के लिए बैंक 2000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक शुल्क लेता है. एक्सिस बैंक में लॉकर पंजीकरण के लिए शुल्क रुपये 1000 जीएसटी है.

#### लॉकर बंद

- 31 दिसंबर तक नए एग्रीमेंट पर साइन करने होंगे
- 56% लॉकरहोल्डर्स ने लॉकर को छोड़ दिया है

### लांचिंग



शनिवार को कोलकाता के ओला एक्सपीरियंस सेंटर में ओला के दिसंबर टू रिमेम्बर अभियान के दौरान बिक्री के लिए प्रदर्शित ओला एस1 एक्स+ इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ एक सेल्स एक्जीक्यूटिव.

### गोयल बोले- हम तेजी से बढ़ रहे हैं

# चुनौतियों के बीच हमारी इकोनॉमी बेहतर

एजेंसी। नयी दिल्ली

केंद्रीय मंत्री मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की सराहना की. उन्होंने कहा कि दुनिया के सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं और अस्पष्ट चीजें चारों ओर हो रही हैं. इस सबके बीच हम अपनी अर्थव्यवस्था को बहुत अच्छी तरह से प्रबंधित करने में सफल रहे हैं. भारत मंडपम में लीड रिपोर्ट 2023 जारी करने के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह अस्थिरता और अनिश्चितताओं का दिन और युग है. दुनिया के सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं और अस्पष्ट चीजें चारों ओर हो रही हैं. इस वीयूसीए (अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता) की दुनिया में, मुझे लगता है कि भारत एक उज्ज्वल सितारे और एक ऐसे देश के रूप में खड़ा है जिसने पीएम मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था को बहुत अच्छी तरह से प्रबंधित किया है. हम लगातार सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं और भविष्य में कई वर्षों तक ऐसा ही रहने की उम्मीद है. भारत मंडपम में लीड्स रिपोर्ट 2023 जारी करने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, लॉजिस्टिक्स क्षेत्र भारत को 2047 तक 3.5 ट्रिलियन से 35 ट्रिलियन तक 10 गुना स्तर पर ले जाने का मिशन है.

### आकर्षक | गुजरात की उद्योग समर्थक नीति वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन की मदद से

# पीएम मित्र पार्क कपड़ा क्षेत्र को बना रहे आकर्षक

एजेंसी। अहमदाबाद



गुजरात सरकार की उद्योग-समर्थक नीति, वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के जरिए आने वाले निवेश और नवसारी में आगामी प्रधानमंत्री मित्र पार्क की मदद से कपड़ा क्षेत्र काफी आकर्षक हो गया है. अधिकारियों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने यह बात कही. उन्होंने कहा कि देश का 60 प्रतिशत से अधिक डेनिम कपड़ा गुजरात से आता है और इस कारण राज्य को भारत का कपड़ा राज्य कहा जाता है.

उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक से अधिक समय से कपड़ा नीति के माध्यम से राज्य सरकार ने समर्थन प्रदान करते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान किया है. विशेषज्ञों का कहना है कि गुजरात की कपड़ा नीति ने तकनीकी उन्नयन, कौशल वृद्धि और कपड़ा पार्कों के विकास को बढ़ावा दिया है, जिससे यह सबसे आकर्षक क्षेत्रों में से एक बन गया है. उनका मानना है कि गुजरात का कपड़ा उद्योग खुद को राज्य की आर्थिक वृद्धि में एक प्रेरक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा और वैश्विक कपड़ा व्यापार में योगदान देगा. राज्य सरकार के अनुसार, दक्षिण गुजरात के नवसारी में प्रधानमंत्री मित्र पार्क के विकास से 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जिससे 25,000-30,000 करोड़ रुपये का सालाना कारोबार होगा.

इससे गुजरात के परिधान क्षेत्र का योगदान तीन प्रतिशत से बढ़कर पांच प्रतिशत, समग्र कपड़ा उत्पादन 18 प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत और क्षेत्र का निर्यात लगभग 12 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है. वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) 2024 से पहले गुजरात सरकार ने अब तक कपड़ा और परिधान विनिर्माण कंपनियों के साथ कुल 2,844.93 करोड़ रुपये के 10 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं.

सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, समझौता ज्ञापन बुने हुए उत्पादों, विस्कोस और पॉलिएस्टर स्टेपल सूत, पॉलिएस्टर फिल्मों के निर्माण और मिश्रित कपड़ा संयंत्र और डेनिम रंगाई और प्रसंस्करण इकाई के निर्माण से संबंधित हैं. इसमें कहा गया कि भारत के कपड़ा क्षेत्र को विश्व चैंपियन बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को हासिल करने के लिए राज्य सरकार अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है. राज्य सरकार द्वारा इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए हर अवसर का उपयोग किया जा रहा है, जो रोजगार सृजन में कृषि के बाद दूसरे स्थान पर है.

#### खास बातें

- देश का 60% डेनिम कपड़ा गुजरात से आता है
- गुजरात की कपड़ा नीति से बढ़ावा मिला

## लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक जगह बनाने वालों में 13 राज्य

एजेंसी। नयी दिल्ली

लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक 2023 में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, चंडीगढ़ और गुजरात समेत 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है. उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. सूचकांक निर्यात और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए जरूरी लॉजिस्टिक सेवाओं की दक्षता का संकेतक है. सूची में तेजी से आगे बढ़ने वाले राज्यों में केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड को शामिल किया गया है. आकांक्षी श्रेणी में स्थान पाने वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में गोवा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और झारखंड शामिल हैं. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा जारी पांचवीं 'लीड्स' (विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक सुगमता) 2023 रिपोर्ट में राज्यों को उनके लॉजिस्टिक माहौल के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है. इसमें हितधारकों के सामने आने वाली प्रमुख लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों पर प्रकाश भी डाला गया है.

#### खास बातें

- केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है
- केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान तेजी से बढ़ रहे हैं

▼ ब्रीफ खबरें

## बोड़ेया में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**कांके।** भाजपा नेता सुकेश तिवारी द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए जरुरतमंदों व असहाय लोगों के बीच बोड़ेया मदन मोहन मंदिर के पास में कंबल का वितरण किया. कंबल वितरण में बिक्की नायक,वैभव तिवारी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया.

## पैरा कराटेकार की सामान्य कराटेकार से करा दी फाइट

**रांची।** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित इनडोर स्टेडियम में दो दिवसीय कराटे चैंपियनशिप में नियमों अनदेखी कर दी गयी. एक पैरा खिलाड़ी की एक सामान्य कराटेकार के साथ फाइट करा दी गई. स्पर्धा के दौरान पैरा खिलाड़ी को कोई सेफगार्ड भी नहीं दिया गया था. इस प्रतियोगिता का नाम सुबह में 32 एआईकेएफ नेशनल चैंपियनशिप था, जबकि शाम होते-होते प्रतियोगिता का नाम ही बदल गया. शाम में ये फेडरेशन कप में तब्दील हो गया. मामले में फेडरेशन के पदाधिकारियों का पक्ष जानने की कोशिश की गयी.

## मांडर में 19 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**मांडर।** प्रखंड के नगड़ा पंचायत के मुखिया बहादुर उरांव ने अपने अगुवाई में शनिवार को कनभीठा गांव में उन्नीस जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया. जो पैसो के अभाव में विवाह करने में असमर्थ थे. ये जोड़े काफी गरीब परिवार से हैं, प्रखंड के अलग–अलग हिस्सों से थे. सूचना मिलने पर मुखिया द्वारा पहल की गई. आसपास के इलाकों में पता करने पर मुखिया को कुल उन्नीस ऐसे जोड़े मिले जो पैसे के अभाव में शादी धूमधाम से करने में असमर्थ थे.

## मारुति मंगल परिवार ने कंबल का वितरण किया

**ओरमांझी।** मारुति मंगल परिवार के सौजन्य से कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रखंड के अंचल मैदान से कंबल वितरण का शुभारंभ किया गया. ज्ञात हो कि मारुति मंगल परिवार रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों में प्रत्येक वर्ष कंबल वितरण करती है. कार्यक्रम में मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, संगठन प्रमुख सुमेश ने समाज में चल रहे कुर्तियां के बारे मे लाभुकों को अवगत कराया. मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य सरिता देवी, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाइक, मुखिया सुनील उरांव, बेदिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## स्वर्णरेखा नदी के किनारे भ्रूण मिला, पुलिस उठा कर ले गयी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है. साकची स्थित स्वर्णरेखा घाट के किनारे मंदिर के पास शनिवार सुबह एक भ्रूण पाया गया. भ्रूण मिलने से स्थानीय लोगों के बीच हड़कंप मच गया. स्थानीय लोगों ने भ्रूण मिलने की सूचना पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को अपने साथ ले गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि भ्रूण को कुत्ते द्वारा उक्त स्थल पर लाया गया था. भ्रूण देखकर प्रतीत होता है कि वह कुछ घंटे पहले का ही है.

### सिल्ली स्टेडियम परिसर में गूंज महोत्सव को लेकर विधायक सुदेश महतो ने की बैठक

# सिल्ली गूंज की आवाज देश-विदेश तक पहुंचेगी

संवाददाता। सिल्ली



सिल्ली स्टेडियम परिसर में शनिवार के दिन गूंज महोत्सव को लेकर सिल्ली विधायक सह गूंज के संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने बैठक की. कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि गूंज महोत्सव में सभी को सम्मान देने का काम किया जाएगा. गूंज महोत्सव का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुका है परंतु सिल्ली गूंज की आवाज देश-विदेश तक हम लोगों को पहुंचना होगा जिससे झारखंड की कला और संस्कृति को लोग काफी नजदीक से जान सके. गूंज महोत्सव में देश की झांकी का नजारा भी देखने को मिलेगा. महोत्सव में गरीबों को सम्मान एवं उनके बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया जाएगा. गूंज के संध्या पूर्व प्रत्येक गांव में कैंडल मार्च भी महिला और पुरुषों के सहयोग से निकला जाएगा. बैठक के अंत में महिला और पुरुषों को शपथ दिलाया गया कि हम लोग लड़के और लड़कियों को एक समान शिक्षा देंगे, उनमें भेदभाव नहीं करेंगे, उनका बाल विवाह नहीं करेंगे एवं महिलाओं पर होने वाले हिंसा और अत्याचार का बहिष्कार करेंगे. इस मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक,उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सुशील महतो, बृजेश प्रसाद, संजय सिद्धार्थ, बुद्धिजीवी मंच के विजय चंद्र महतो, धीरेंद्र नाथ महतो, लंबोदर महतो, क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, सिल्ली प्रखंड समिति के सभी पदाधिकारी, पंचायत प्रभारी, पंचायत कमेटी, ग्राम प्रभारी, मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व मुखिया, महिला ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं सक्रिय महिला दीदी उपस्थित थे.

**खास बातें**

- झारखंड की कला और संस्कृति को लोग जान सके
- गूंज की संध्या पूर्व हर गांव में कैंडल मार्च निकाला जाएगा

### अमन सिंह हत्याकांड में गांधी और बजरंगी का कबूलनामा

# राशन वाहन से जेल में पहुंची थी पिस्टल



संवाददाता। धनबाद

**जेल के राशन गोदाम के झोले में रखी थी पिस्टल, बजरंगी व विकास ने निकालकर रितेश को दी थी, उसी से कर दी गई थी अमन की हत्या**



- आशीष रंजन उर्फ छोटू ने फोन कर बजरंगी व गांधी को दी थी राशन के झोले में पिस्टल रखी होने की जानकारी
- महिला वार्ड में अपनी प्रेमिका से मिलने जाता था अमन, रोकने पर जेलर को देता था धमकी
- जेल में फेसबुक मैसेंजर और वाट्सअप पर होती थी बातचीत

अमन सिंह हत्याकांड में कांड के नामजद अभियुक्त सतीश उर्फ गांधी विकास बजरंगी को पुलिस ने रिमांड पर लिया था, रिमांड पर दोनों ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार ली है. दोनों ने बताया कि जेल के अंदर अमन सिंह की खूब चलती थी, जेलर भी उसको रोक नहीं पाते थे. जेल की महिला वार्ड में बंद अपनी प्रेमिका से मिलने जाता था, अमन ने दीवाली में बाहर से मिठाई मंगवाई थी, जिसे जेलर ने रोक दी, तो उसने खूब हंगामा किया था, जेलर को टॉर्गेट में रख कर उसने कई काम किए थे. जेल में ही जेलर को मरवाने का आदेश उसने आशीष रंजन को दिया था, लेकिन मौका पाकर उसके साथियों ने उसकी हत्या करा दी.

दोनों ने जेल के अंदर मोबाइल की खुलेआम प्रयोग करने की बात कही. साथ ही बताया कि वारदात में इस्तेमाल दोनों पिस्टल उसे राशन वाले गोदाम में झोले में मिले थे, दोनों पिस्टल के बारे में आशीष रंजन ने फोन करके बताया था कि पिस्टल वहां रखी गयी है. ऐसे में माना जा रहा है कि राशन पहुंचाने की गाड़ी से पिस्टल जेल के अंदर गयी होगी, पुलिस अनुसंधान के दायरे में अब राशन पहुंचाने वाले ठेकेदार, वाहन और उसके स्टाफ शामिल हो गए हैं.

**जेल में हुई थी अमन से दोस्ती :** गांधी ने पुलिस को बताया कि समीर हत्याकांड में जेल में रहने के दौरान आशीष रंजन की दोस्ती जेल में पूर्व उप मेयर नीरज सिंह के हत्या कांड में बंद शूटर अमन सिंह से हो गई.जेल से छूटने के बाद आशीष रंजन, अमन सिंह के कहने पर अमन सिंह के लिए शूटर का काम करने लगा रंगदारी वसूलने लगा. आत्मसमर्पण कर जेल जाने के उपरांत आशीष से संपर्क कर अमन सिंह से उसकी जान-पहचान करा दी.

इस बीच अमन सिंह का कई बार अलग अलग जेल में ट्रांसफर भी हुआ पर वह फेसबुक एप के माध्यम से मुझसे एवं जेल में बंद अपने गैंग के अन्य सदस्यों से जुड़ा रहता था, तथा यहां का हाल-चाल लेता रहता था. कुछ माह पूर्व ही वह पुनः धनबाद जेल वापस आ गया था. जेल में रहने के दौरान अमन सिंह ने कई लोगों की हत्या करवा कर धनबाद में अपना वर्चस्व बना लिया था और जेल में भी भय का माहौल बना कर रखता था. अमन सिंह अक्सर जेल के पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य बंदियों के ऊपर रौब झाड़ता व उलझ जाया करता था.

## एक ही घर के तीन बच्चों की मौत, छाया मातम

**गोड्डा/महगामा।** तालाब में डूबने से एक ही घर के तीन बच्चों को मौत हो गई. मृत तीनों सगे भाई-बहन थे. घटना गोड्डा जिला के ठाकुरगंगटी थाना अंतर्गत मंडरो गांव की है. गांव का आमिर अंसारी मेहनत मजदूरी करता है. सुबह सुबह कमाने घर से बाहर निकल गया था. घर पर पत्नी और तीन बच्चे थे. घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोपहर तीनों बच्चे खेल-खेल के क्रम में घर के पीछे बने गड्ढानुमा तालाब तक जा पहुंचे. इसी क्रम में आमिर की छोटी बेटी जिसकी उम्र पांच वर्ष रही होगी, नहाने के लिए पानी में उतर गई. मगर अधिक पानी होने की वजह से अपने को संभाल नहीं सकी और डूबने लगी. यह देख बड़ा भाई जिसकी उम्र सात वर्ष होगी, बहन को बचाने पोखर में कूद पड़ा.

## वार्ड सदस्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सिल्ली की अध्यक्षता में रांची जिला अंतर्गत भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण का संयुक्त रूप से शनिवार को समापन किया गया. इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला ने कि कहा वार्ड सदस्य अपने जिम्मेदारी से अवगत होंगे. निर्वाचित के तहत नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को 73वें संविधान संशोधन, झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का संक्षिप्त परिचय दिया गया.अनुसूचित क्षेत्र और सामान्य क्षेत्र की ग्राम सभा को मजबूत करने पर बल दिया गया.

## धुर्वा रिंग रोड के जग्गू ढाबा में हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

धुर्वा थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित जग्गू ढाबा में हथियार के साथ पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया. इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया है.जिनके पास से हथियार बरामद हुआ है, उनमें लालू महतो और मो.शाहिद शामिल है. रिंग रोड में होटल में बैठकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे. पकड़े गए लालू महतो और मो. शाहिद होटल में ही हथियार लहरा रहे थे. इसकी सूचना हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा को मिली. इसके बाद धुर्वा, तुपुदाना और पुंदाग थाना प्रभारी के नेतृत्व में जग्गू ढाबा की घेराबंदी कर छापेमारी की गयी. छापेमारी में पुलिस ने पांचों युवकों को हथियार व कारतूस के साथ धर दबोचा. सभी से पुलिस धुर्वा थाना में पूछताछ कर रही है. पुलिस को पूछताछ में जानकारी मिली है कि उनमें से दो जमीन दलाली करते हैं. वहीं पूछताछ में तीन लोगों ने बताया कि वे ढाबे में खाना खाने पहुंचे थे. फिलहाल पुलिस पांचों से पूछताछ कर रही है.

### बोकारो रेलवे स्टेशन पर 23 बोतल शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बोकारो।** बोकारो रेलवे स्टेशन के एएसआई आरपी सिंह अपने 3 कर्मचारियों के साथ पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में 23 बोतल अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार उक्त आरपीएफ पुलिस एस्कॉर्ट टीम जब उक्त ट्रेन एस्कॉर्ट ड्यूटी कर रहे थे, इसी बीच जब ट्रेन पुरुलिया से बोकारो के बीच चल रही थी, तो कोच संख्या-एस-6 के शौचालय के पास एक बैग के साथ संदिग्ध तरीके से खड़ा था.

## मोदी ने बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति की गारंटी ली है : सांसद

संवाददाता। लापुंग



लापुंग प्रखंड के देवगांव, दोलैचा एवं दानेकेरा पंचायत में अलग-अलग विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. देवगांव पंचायत में बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत ने प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव, पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो समाजसेवी दशरथ तिर्की, भाजपा के मंडल अध्यक्ष दुखहरण सिंह, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नंदलाल साहु तथा भाजपा के महामंत्री जितेंद्र पाल सिंह के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया जबकि दोलैचा पंचायत में मुखिया मालती रानी केरकेट्टा सहित भाजपा के नेताओं व सरकारी पदाधिकारीयों के साथ मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों के विकास उनके आर्थिक सशक्तिकरण सहित लोगों की रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी आज की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए गारंटी ले रखी है. मोदी ही विकास की गारंटी है. उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है. मोदी जी के नेतृत्व में करोड़ों लोगों के घरों में शौचालय का निर्माण हुआ. . इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक विष्णु प्रसाद ने किया.

**खास बातें**

- कई पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन
- सांसद ने केंद्र सरकार की योजनाओं की लोगों को जानकारी दी

### प्रतियोगिता | फिफ्टीन बटालियन एफसी ने गाड़ी होटवार को 4-3 से किया पराजित,दर्शकों ने देखा फुटबॉल का रोमांच

# फिफ्टीन बटालियन एफसी के गोलकीपर विवेक तमांग बने मैन ऑफ द मैच

संवाददाता। सिकिदिरी



स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी की ओर से आयोजित10 वें सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के तहत चौथे दिन शनिवार को खेले गए मुकाबले में फिफ्टीन बटालियन एफसी की टीम ने गाड़ी होटवार की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया.पूरे खेल के दौरान दोनों ही टीमें एक दूसरे पर हावी रहीं.दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर जोरदार हमला किया.लेकिन,दोनों ही टीमों ने गोल करने के कई अवसर गंवाए.फिफ्टीन एफसी के गोलकीपर ने दो शानदार बचाव कर दर्शकों की वाहवाही लूटी.बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में निर्धारित समय पर दोनों ही टीमें गोल रहित रहीं.अंत में पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया.इस में फिफ्टीन बटालियन एफसी की टीम ने गाड़ी होटवार की टीम को 4-3 के अंतर से हराया.शानदार बचाव के लिए फिफ्टीन बटालियन एफसी के गोलकीपर विवेक तमांग को मुख्य अतिथि मेसरा पंचायत के पंसस सूरज प्रकाश व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लक्ष्मण प्रसाद सैनी ने संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया. मंच में अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया नीलमोहन पाहन, चमरू बेदिया, बेदिया, विधायक प्रतिनिधि अजगूत करमाली,पूर्व सैनिक अजय मुंडा, भाजपा नेता राजनंदन साहू, नंदलाल राम, उपमुखिया चरण मुंडा व शिवदास गोस्वामी उपस्थित थे. संचालन आयोजन समिति के प्रवक्ता शिवधर रजवार ने किया. आयोजन की सफलता में आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सह कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, संरक्षक फारुक खान, अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश कुमार यादव, बलराम कुमार साहू,अशोक रजवार, दूतीलाल रजवार,मनोज पाहन सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता

**▪ पुरुष वर्ग में बुंडू व महिला वर्ग में अनगड़ा प्रखंड विजेता**





**रांची।** झारखंड खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय रांची जिला पुरुष –महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शनिवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में समापन हुआ. पुरुष वर्ग में बुंडू और महिला वर्ग में अनगड़ा प्रखंड की टीम विजेता बनी. महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में अनगड़ा प्रखंड की टीम संघर्षपूर्ण मुकाबले में ओरमांझी प्रखंड की टीम को 1–0 से पराजित कर जिला विजेता बनी. अनगड़ा की ओर से एक मात्र गोल सीता कुमारी ने किया. वहीं पुरुषों के फाइनल मुकाबले में बुंडू प्रखंड की टीम ने रातू प्रखंड की टीम को 3–0 से पराजित किया और इसके साथ ही जोनल प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया. प्रतियोगिता के दौरान महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अनगड़ा की चमनी कुमारी व सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर ओरमांझी प्रखंड की आशा कुमारी को चुना गया.

## न्यूज अपडेट

### पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**नामकुम।** सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है.उसे लेकर प्रखंड के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली ने बताया कि इस तरह का जागरूकता अभियान चलाने से लोगो में जागरूकता बढ़ेगी जिससे क्षेत्र में हो रहे सड़क दुर्घटना से जीवन की रक्षा हो पाएगा.पेट्रोल पम्प संचालकों को सख्ती से अनुपालन करने की निर्देश प्रशासन ने दिया है.नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान का जायजा टाटीसिलवे थाना प्रभारी ने लिया.वह खुद टाटीसिलवे थाना क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंच जानकारी ली.



### नामकुम में आजसू ने किया कंबल का वितरण

**नामकुम ।** प्रखंड के बधुवा पंचायत अन्तर्गत बुंडूबेड़ा में पंचायत प्रभारी सलैन्द सिंह विजिया एवं महिला पंचायत प्रभरी शांति देवी के अगुवाई में चार टोली के वृध्द महिला व पुरूष को ठंड से बचने के लिए आजसू पार्टी की सौजन्य से कंबल का भी वितरण किया गया. एतवा पहान से बैठक कर 20 दिसबंर को प्रकाश लकड़ा के आवास में होने वाली नामकुम प्रखंड स्तरीय पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारियों के प्रशिक्षण कराने के संदर्भ में विचार विमर्श करते किया गया .



### रामकुमार पहान ने श्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नामकुम।** खिजरी पूर्व विधायक रामकुमार पहान उषा मार्टिन इंडस्ट्रीज लि. टाटीसिलवे, रांची में कार्यरत मजदूरों के हित से सम्बंधित चार सूत्री मांग को लेकर श्रम आयुक्त झारखंड सरकार को ज्ञापन सौंपा.चार सूत्री मांग जिसमें श्री पहान ने बताया उषा मार्टिन में स्थायी मजदूरों का सेटलमेंट में कम से कम वेतनमान चालीस हजार रुपया से अधिक पहले से सेटलमेंट के अनुकूल 20 वर्षों से कार्यरत मजदूरों के एक बेटा या दमाद को स्थायी नौकरी में रखा जाए.कार्यरत मजदूरों की आकस्मिक मृत्यु कारखाना के अन्दर या बाहर होने पर उनके आश्रित के परिवार के सदस्य को सीधी नियुक्ति की जाए.



### डकरा में लगा शिविर,115 लोगों ने किया रक्तदान

**डकरा।** रक्तदान के क्षेत्र में छोटा सा यह डकरा कोयलांचल पूरे मानवता के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहा है इससे सीख लेने की जरूरत है.उक्त बातें एनके एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कही. सिविल सोसायटी खलारी-डकरा द्वारा डकरा ओल्ड डिस्पेंसरी भवन में आयोजित रक्तदान शिविर उदघाटन कार्यक्रम को वे संबोधित कर रहे थे.संपूर्ण मानवता एसे महादानियों के प्रति त्रृणि होंगे.कारगिल विजय दिवस के मौके पर रांची सदर अस्पताल में इलाजरत थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ यह शिविर लगाया गया था.



### बहेरा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

**पिपरवार।** कोयलांचल से सटे बहेरा पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, विधायक जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, बहेरा मुखिया रेखा कुमारी ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इन सबों की उपस्थिति में हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया गया और कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई. मौके पर विशेष रूप मे टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी,पिपरवार मंडल महामंत्री संजय कुमार गंझू, मंडल कोषाध्यक्ष राम प्रसाद महतो, युवा मोर्चा संयोजक रामलाल,मनीलाल महतो, संजीव कुमार मिश्र आदि शामिल थे.



### आगहन संक्रांति पर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

**तमाड़।** आगहन संक्रान्ति के अवसर पर तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के आगरा मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवम मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया गया.प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो लखींद्र सिंह मुंडा एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो उपस्थित थे. फाइनल खेल दिउड़ी और आमलेशा फुटबॉल टीमों के बीच खेली गयी. दिउड़ी फुटबॉल टीम विजय रही.अतिथियों द्वारा दिउड़ी की टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में तीस हजार रुपए तथा उपविजेता आमलेशा को बीस हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया.मौके पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो ने कहा की पंच परगना क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है. इस अवसर पर मुखिया हरीश चन्द्र मुंडा,आकाश खंडित, हीरा मुंडा, सोनाराम मुंडा, बबलू मुंडा, मोहनलाल मुंडा, सुरेंद्र मुंडा शाशि भूषण मुंडा सहित खेल समिति के सदस्य मौजूद थे.



## पेज एक का शेष...

### मुराईडीह में जिंदा समाधि...

भराई कार्य के नियम अनुसार मुनादी ने आवाज लगाया कि अगर मुहाने के अंदर कोई है तो बाहर निकल जाओ, लेकिन मुनादी की तीन आवाज लगाने के बाद भी अंदर से कोई नहीं निकला. इसके बाद कंपनी के चेन डोजर से मुहाने मे पत्थर व मिट्टी डाल कर मुहाने को बंद कर दिया. भराई कार्य पूरा होते ही जैसे ही डोजर बंद हुई, तो स्थानीय लोगों ने मुहाने के अंदर कुछ मजदूरों के फंसे होने तथा बंद मुहाने से लोगों की चिल्लाने की आशंका व्यक्त की. तो वहां हलचल मच गई. कंपनी अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल मुहाने से मिट्टी तथा मलबे को पुनः हटाया गया. फिर क्या था मुहाना खुलते ही वहां की दृश्य देख कर सभी लोग दंग रह गए. मुहाने के अंदर से करीब एक दर्जन मजदूर बाहर निकले. इसके बाद मजदूरों सहित लोगों ने राहत की सांस ली.

**खदान में सत्ताधारी दल के दबंग नेता का कब्जा :** मुराईडीह फ़ॉर ए पेच के बंद ओल्ड खदान में सत्ताधारी दल के आशाकोठी के एक दबंग नेता ने अपना कब्जा जमा रखा है. सत्ता दल के नेता लगातार उक्त खदान में मजदूरों को भेज कर कोयले की कटाई करवाता है और रात के अंधेरे में दर्जनों ट्रैकों से कोयले को बाहर भेजने का काम करता है. उक्त स्थल पर हाल में ही एसडीएम उदय रजक नेतृत्व में बाघमारा सीओ रवि भूषण,सीआईएसएफ बरोरा पुलिस सहित जिला टास्क फोर्स ने छापेमारी कर भारी मात्रा में बोरियों में भर कर रखें कोयले को बरामद किया था. अनगिनत बार उक्त स्थल पर छापेमारी कर भारी मात्रा में कोयला पकड़ा गया. बावजूद सत्ताधारी दल के नेता के कारनामों पर अंकुश नहीं लगाया जा पा रहा है.

### देहातों से चलती है...

**पैसे की कमी से किसी की पढ़ाई नहीं रुकेगी : जोबा मांझी :** मंत्री जोबा मंझी ने कहा ने कि आर्थिक स्थिति से कमजोर विद्यार्थियों को भी गुरुजी क्रेडिट कार्ड के मध्यम से सहयोग किया जोगा. पैसे की कमी से किसी की पढ़ाई नहीं रुकेगी. पीएम आवास से वंचित गरीबों को अबुआ आवास दिया जाएगा. हेमंत के नेतृत्व में राज्य चारों ओर विकास कर रही है.

**हेमंत के नेतृत्व में राज्य का हो रहा विकास : दीपक बिरुवा :** विधायक दीपक बिरूवा ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में विकास हो रहा है. इससे भाजपा को दर्द हो रहा है. भाजपा दूसरे के मध्यम से सरकार को परेशान करने का काम कर रही है, लेकिन जनता जागरूक है. इसका सही समय पर जवाब दिया जाएगा.






महिला क्रिकेट

## भारतीय टीम ने इंग्लैंड को रिकॉर्ड 347 रनों से हराया

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

भाषा। मुंबई.

अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने लगातार दूसरे दिन गेंदबाजी में कमाल दिखाया जिससे भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को तीसरे दिन ही रिकॉर्ड 347 रन से करारी शिकस्त देकर इतिहास रचा. भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर 6 विकेट पर 186 रन पर समाप्त घोषित करके इंग्लैंड के सामने 479 रन का असंभव लक्ष्य रखा. ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (32 रन देकर 4 विकेट) और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (23 रन देकर तीन विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके इंग्लैंड को 131 रन पर ढेर कर दिया. इस तरह से भारत ने महिला टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की. उसने श्रीलंका का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 1998 में पाकिस्तान को 309 रन से हराया था. भारत ने अपनी पहली पारी में 428 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इसके बाद इंग्लैंड की टीम को 136 रन पर समेट दिया था. इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों और विशेषकर दीप्ति के सामने जूझते हुए नजर आए. दीप्ति ने पहली पारी में सात रन देकर पांच विकेट लिए थे.

**1** भारत ने महिला टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज दर्ज की सबसे बड़ी जीत

**2** इससे पहले श्रीलंका ने पाकिस्तान को 1998 में 309 रनों से हराया था

### दीप्ति शर्मा बनी प्लेयर ऑफ द मैच

**09** विकेट चटकाए दिप्ति ने इस मैच में

**04** विकेट चटकाए दीप्ति ने दूसरी पारी में

**03** विकेट लिए पूजा वस्त्राकर ने दूसरी पारी में

**131** पर ढेर हुई इंग्लैंड की टीम

भारत ने इंग्लैंड को **479** रनों का लक्ष्य दिया था

### बड़े लक्ष्य के सामने लड़खड़ाई इंग्लैंड की टीम

विशाल लक्ष्य के सामने इंग्लैंड की टीम शुरू में ही लड़खड़ा गई. तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने टैमी ब्यूमोंट (17) का ऑफ स्टंप थर्राकर भारत को पहली सफलता दिलाई. वस्त्राकर ने अपने पहले ओवर में ही दो विकेट लेकर इंग्लैंड को गहरे संकट में डाल दिया. उन्होंने सोफिया डंकले (15) को गली में हरलीन देयोल के हाथों कैच कराया और फिर अगली गेंद पर नेट साइवर-ब्रंट को बोल्ड किया. भारत ने हीथर नाइट और डैनी व्याट के खिलाफ डीआरएस के दो रिव्यू भी बर्बाद किये लेकिन उसे तीसरा विकेट हासिल करने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा. वस्त्राकर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा. उनकी ऑफ स्टंप से बाहर की गई गेंद नाइट के बल्ले को चूमकर यास्तिका भाटिया के दस्तानों में समा गई. नाइट ने 21 गेंद पर 20 रन बनाए जिसमें चार चौके शामिल हैं. दीप्ति ने व्याट (12) को पहली स्लिप में कैच कराकर पारी में अपना पहला विकेट लिया. दीप्ति ने इसके बाद एमी जोन्स (05) को शॉर्ट मिड विकेट पर कैच देने के लिए मजबूर किया. इस 26 वर्षीय गेंदबाज ने पारी के अपने सातवें ओवर में केट क्रॉस (16) और लॉरेन फाइलर (00) को पवेलियन भेजा. दीप्ति हालांकि एक टेस्ट मैच में 10 विकेट लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बनने से चूक गई.

**घरेलू धरती पर इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पहली जीत**

यह भारतीय टीम की इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर 15 टेस्ट मैच में पहली जीत है. इससे भारत, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में बढ़े मनोबल के साथ भाग लेगी. पिछले तीन दिन में भारतीय टीम ने ऐसी कोई कमजोरी नहीं दिखाई जिससे यह लगे कि वह पिछले दो वर्षों में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही है. यह भारत का पिछले नौ वर्ष में घरेलू धरती पर पहला टेस्ट मैच था.

## भारतीय टीम ने दिखाया कि इन परिस्थितियों में कैसे खेलें : हीथर

इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान हीथर नाइट ने शनिवार को स्वीकार किया कि भारत ने उन्हें दिखाया कि इस तरह की मुश्किल



परिस्थितियों में कैसे खेलना है. नाइट ने यहां मैच खत्म होने के बाद कहा कि पिच संभवत: हमारी उम्मीद से थोड़ा अधिक तेजी से खराब हुई. मुझे लगता है कि पहली पारी में यह बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छी पिच थी. उन्होंने कहा कि शनिवार को उन्होंने शानदार गेंदबाजी की. उन्होंने दिखाया कि इन परिस्थितियों में कैसे खेलना है. नाइट ने कहा कि शनिवार सुबह सीम मूवमेंट ने इसे काफी कठिन बना दिया. इस कारण हमारे शीर्ष क्रम के कुछ विकेट गिर गये थे.

## मेरे अनुभव की कमी को मुख्य कोच मजूमदार ने पूरा किया : हरमनप्रीत

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में 347 रन के रिकॉर्ड अंतर से जीत



दर्ज करने के बाद कहा कि इस प्रारूप में कप्तानी में उनकी अनुभव की कमी को टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार की खेल की समझ ने पूरा किया. हरमनप्रीत ने टेस्ट मैचों में 2014 में पदार्पण किया था. यह पहली बार है जब वह टेस्ट टीम की अगुवाई कर रही थी. कप्तान ने मैच के दौरान अहम फैसला लेने का श्रेय कोच को देते हुए कहा कि हमारे कोच ने हमारी बहुत मदद की, मेरे पास टेस्ट में टीम का नेतृत्व करने का कोई अनुभव नहीं था.



आओ जानें

### महिला क्रिकेट: रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत

| विजेता | मार्जिन | विपक्ष |
|---|---|---|
| भारत | 347 रन | इंग्लैंड |
| श्रीलंका | 309 रन | पाकिस्तान |
| न्यूज़ीलैंड | 188 रन | दक्षिण अफ्रीका |
| ऑस्ट्रेलिया | 186 रन | इंग्लैंड |
| इंग्लैंड | 185 रन | न्यूज़ीलैंड |
| ऑस्ट्रेलिया | 161 रन | इंग्लैंड |
| साउथ अफ्रीका | 159 रन | नीदरलैंड |
| ऑस्ट्रेलिया | 147 रन | भारत |
| न्यूजीलैंड | 143 रन | ऑस्ट्रेलिया |
| इंग्लैंड | 137 रन | ऑस्ट्रेलिया |

## वेंचर स्किल क्रिकेट टूर्नामेंट

### अंडर-14



- वाईबीएन बनाम द अचीवर्स
- वाईबीएन - 169/10 (32.4) ओवर
- आयुष मिश्रा- 30, शुभम् यादव- 29, साहिल कुमार - 29
- रवि राज सिंह - 19/3(4.4), सक्षम सिंह - 38/2(6), अभिषेक इंदवा-19/2(5)
- अचीवर्स - 170/5(30.4) ओवर
- रवि राज सिंह - 53, उत्सव सिंह - 26
- अचीवर्स ने 5 विकेट से जीत दर्ज की

**सॉनेट सीए (बुंडू) बनाम आरसीए किड्स**

- सॉनेट सीए- 248/2, 30 ओवर
- स्पर्श-117*, करण-34
- हर्षित-1/31, यशस्वी-1/38
- आरसीए किड्स- 51/10, 16 ओवर
- हर्षित-4
- कौशल-3/2, स्पर्श-2/6, करण-2/19
- 197 रन से जीती सॉनेट सीए (बुंडू) की टीम

### अंडर-16

**गुरुनानक स्कूल बनाम ओडीएम सेफियर इंटरनेशनल**

- ओडीएम सेफियर - 80/10, 17.3 ओवर



- अथर्वराज-10, ऋत्विक खेमका - 10,
- शौर्य कुमार वर्मा - 5/25, रवि राज - 2/17
- गुरुनानक स्कूल- 84/6, 13.5 ओवर
- सूर्य कुमार वर्मा - 21, अयान -17, अरहम- 10
- राज दीप सिंह - 5/19
- 4 विकेट से जीती गुरुनानक स्कूल की टीम

## आयुष व सतीश में होगा पुरुष एकल का खिताबी मुकाबला

भाषा। कटक

**ओडिशा मास्टर्स**

- आयुष ने विश्व चैंपियनशिप में मिली हार का बदला चुकता किया
- आयुष ने अलवी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया

विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने शनिवार को यहां इंडोनेशिया के अलवी फरहान को तीन गेम तक चले रोमांचक मैच में हराकर ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सतीश कुमार करुणाकरण से होगा. कर्नाटक के रहने वाले आयुष अमेरिका के स्पोकेन में विश्व जूनियर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में फरहान से हार गए थे और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था. इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को हालांकि फरहान को 19-21, 21-14, 22-20 से पराजित करके बदला चुकता किया. आयुष रविवार को फाइनल में हमवतन सतीश का सामना करेंगे.

## शुभा का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलान संदिग्ध

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज शुभा सतीश उंगली में चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में आगे नहीं खेल पाएंगी और उनका अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 21 से 24 दिसंबर के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा. भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में पदार्पण करने वाली शुभा सतीश वर्तमान मुकाबले में आगे नहीं खेल पाएंगी.

## शमी द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर

भाषा। मुंबई

**खास बातें**

- चिकित्सा टीम ने नहीं दी शमी को खेलने की मंजूरी
- शमी की जगह सी भी खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया है

भारत को दक्षिण अफ्रीका में पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने की अपनी कवायद में मोहम्मद शमी की सेवाएं नहीं मिलेंगी क्योंकि चिकित्सा टीम ने इस तेज गेंदबाज को दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने के लिए मंजूरी नहीं दी. वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद टखने की चोट से जूझ रहे शमी को टेस्ट टीम में शामिल किया गया था, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया गया था कि फिट होने पर ही वह टेस्ट टीम का हिस्सा बने रहेंगे. बोर्ड की चिकित्सा टीम ने हालांकि उन्हें इस श्रृंखला में खेलने के लिए मंजूरी नहीं दी. बीसीसीआई ने शमी की जगह पर अभी किसी खिलाड़ी का चयन नहीं किया है.

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 26 दिसंबर से सेंचुरियन ने खेला जाएगा. टेस्ट श्रृंखला से पहले भारतीय टेस्ट टीम के सदस्य 20 दिसंबर से अपने आपस में ही तीन दिवसीय अभ्यास मैच खेलेंगे. शमी अभी घर में रहकर ही अपनी चोट से उबरने का प्रयास जारी रखेंगे.

**निजी कारणों से वनडे से हटे दीपक चाहर :** तेज गेंदबाज दीपक चाहर भी निजी कारणों से एकदिवसीय टीम से हट गए हैं. उनकी जगह तेज गेंदबाज आकाशदीप को वनडे टीम में शामिल किया गया है. बीसीसीआई ने बयान ने कहा कि चाहर ने बीसीसीआई को सूचित किया कि परिवार में आपात चिकित्सा स्थिति के कारण वह आगामी वनडे श्रृंखला में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे.

## ऑस्ट्रेलिया ने शिकंजा कसा, 300 रनों की बढ़त

भाषा। पर्थ



**ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान टेस्ट मैच**

- पहली पारी में 271 पर सिमटी पाकिस्तान की टीम
- 487 रन बनाए थे ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में

ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां पाकिस्तान को पहली पारी में जल्दी समेटने के बावजूद फॉलो ऑन नहीं देकर स्टंप तक अपनी कुल बढ़त 300 रन की कर ली. स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 84 रन बना लिये थे. पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 271 रन पर सिमट गयी जिससे वह ऑस्ट्रेलिया से 216 रन से पीछे थी. लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने फॉलो ऑन नहीं देकर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया. स्मिथ 43 और ख्वाजा 34 रन बनाकर खेल रहे हैं. दिन के अंत में शाहीन शाह अफरीदी की गेंद कंधे में लगने के बाद स्मिथ को मैदान पर उपचार भी लेना पड़ा. पहली पारी में शतक जड़ने वाले डेविड वॉर्नर और मार्नस लाबुशेन दोनों ही पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद के शानदार शुरूआती स्पैल में आउट हो गये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सत्र के शुरू में पांच रन पर दो विकेट गंवा दिये थे. वॉर्नर खाता भी नहीं खोल पाये और शहजाद की शॉर्ट पिच गेंद पर मिड विकेट पर कैच देकर आउट हुए जबकि कुछ देर बाद इसी तेज गेंदबाज की गेंद लाबुशेन के बल्ले के किनारे को छूकर विकेटकीपर के हाथों में चली गयी. जिसके बाद स्मिथ और ख्वाजा ने पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों के खिलाफ सतर्क होकर बल्लेबाजी की और घरेलू टीम को तीन मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में शिकंजा कसने में मदद की.

वनडे श्रृंखला

भारतीय टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला एकदिवसीय मुकाबला आज



# विश्व कप के बाद नई शुरुआत करने उतरेगा भारत

भाषा। जोहानिसबर्ग

विश्व कप के फाइनल में पराजय का कड़वा स्वाद चखने के बाद भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से इस प्रारूप में नई शुरुआत करने के लिए उतरेगी, जिसमें नई पीढ़ी के उसके कई खिलाड़ी अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बेताब होंगे. अब जबकि टी20 विश्व कप पास में है तब वनडे श्रृंखला की प्रासंगिकता को लेकर सवाल उठाए जा सकते हैं लेकिन 2025 में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए भारत ही नहीं दक्षिण अफ्रीका के लिए भी अपने नए खिलाड़ियों को आजमाने का यह बेहतरीन मौका होगा. विराट कोहली और रोहित शर्मा ने पिछले डेढ़ दशक में सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी है, लेकिन अब उनका करियर अवसान पर है और ऐसे में उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी पर है. इन परिस्थितियों में सबसे ज्यादा ध्यान केएल राहुल पर रहेगा जो तीन मैच की श्रृंखला में टीम की अगुवाई करेंगे. वह पहले भी भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं लेकिन इस श्रृंखला में सफलता मिलने पर उन्हें लंबी अवधि के लिए वनडे टीम की कमान सौंपी जा सकती है. राहुल, अस्वस्थ होने के कारण टी-20 श्रृंखला में नहीं खेल पाने वाले रुतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी पहले भी अपने कौशल का परिचय दे चुके हैं,.

### केएल राहुल करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

**रजत पाटीदार को मिल सकता है भारतीय टीम में मौका**

रजत पाटीदार को भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का मौका मिल सकता है. साईं सुदर्शन और तिलक वर्मा को भी मध्यक्रम मैं जगह मिल सकती है. भारतीय टीम प्रबंधन को उम्मीद रहेगी कि ये खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के आक्रमण के सामने अच्छा प्रदर्शन करेंगे.

**तीन स्पिनरों के साथ उतर सकता है भारत**

जोहानिसबर्ग की पिच से गुरुवार को तीसरे टी20 मैच में स्पिनरों को मदद मिल रही थी और अगर यही स्थिति बनी रहती है तो भारत कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल के रूप में तीन स्पिनरों के साथ उतर सकता है. भारत वाशिंगटन सुंदर को भी मौका दे सकता है जो शीर्ष क्रम में बल्लेबाज की भूमिका भी निभा सकते हैं. चहल को अगर मौका मिलता है तो वह चयनकर्ताओं को प्रभावित करना चाहेंगे.

**टीमें**

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान, विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, आकाश दीप.

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी ज़ोरज़ी, रीज़ा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन, लिजाद विलियम्स.

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स क्रिकेट सीरीज

## मेरठ, जयपुर, उदयपुर, अलवर, भोपाल, कानपुर, आगरा और इंदौर की टीमें जीतीं



खेल संवाददाता। रांची

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के कोल इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल कॉउंसिल क्रिकेट श्रृंखला के तीसरे दिन मेरठ, जयपुर, उदयपुर, अलवर, भोपाल, कानपुर, आगरा और इंदौर की टीमों ने जीत दर्ज की. उषा मार्टिन स्कूल मैदान में खेले गए दो मैचों में मेरठ ने किशनगढ़ और जयपुर ने रायपुर पर जीत दर्ज की. किशनगढ़ ने निर्धारित 20 ओवर में अपने सारे विकेट खोकर 122 रन बनाये. जवाब में मेरठ की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 123 रन ही बना पायी. दूसरे मैच में जयपुर ने 6 विकेट खोकर 209 रन का लक्ष्य रायपुर के सामने रखा. दूसरी पारी में जयपुर से आयी टीम ने रायपुर को 16 ओवर में 87 रन पर ही समेट दिया. टॉरियन स्कूल के मौदन में खेले गए पहले मैच में उदयपुर की टीम ने मेजबान टीम को 57 रनों से हरा दिया.




विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को मुंबई के कोलाबा मिलिट्री स्टेशन पर त्रि-सेवा कर्मियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी.

## आओ जानें

### 1GB मोबाइल डेटा की औसत लागत

| | | | |
|---|---|---|---|
| इज़राइल | $0.04 | आइसलैंड | $1.01 |
| इटली | $0.12 | एस्टोनिया | $1.20 |
| भारत | $0.17 | अर्जेंटीना | $1.48 |
| फ्रांस | $0.23 | सऊदी अरब | $1.52 |
| उरुग्वे | $0.27 | स्वीडन | $1.88 |
| बांग्लादेश | $0.32 | नीदरलैंड | $1.90 |
| पाकिस्तान | $0.36 | दक्षिण अफ्रीका | $2.04 |
| टर्की | $0.39 | वेनेज़ुएला | $2.22 |
| चीन | $0.41 | जर्मनी | $2.67 |
| डेनमार्क | $0.43 | मेक्सिको | $2.89 |
| मलेशिया | $0.45 | पुर्तगाल | $3.67 |
| इंडोनेशिया | $0.46 | जापान | $3.85 |
| रूस | $0.48 | नॉर्वे | $4.44 |
| कोलंबिया | $0.49 | यूएसए | $5.62 |
| ऑस्ट्रेलिया | $0.57 | कनाडा | $5.94 |
| स्पेन | $0.60 | फ़िनलैंड | $6.01 |
| नाइजीरिया | $0.71 | स्विट्ज़रलैंड | $7.37 |
| ब्राज़ील | $0.74 | दक्षिण कोरिया | $12.55 |
| यूके | $0.79 | फॉकलैंड आइलैंड | $38.45 |
| ऑस्ट्रिया | $0.94 | | |

## ब्रीफ खबरें

### पाकिस्तान में विस्फोट सात महिलाएं घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में मोर्टार के गोले में विस्फोट में सात महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. यह घटना शुक्रवार को दक्षिणी वजीरिस्तान में स्थित हबीब कोट अदाना में हुई. मकीन पुलिस थाने के प्रभारी (एसएचओ) मुहम्मद शुएब ने बताया कि यह घटना उस दौरान हुई जब महिलाएं ठंड में घरेलू उपयोग के लिए पास के पहाड़ पर लकड़ी इकट्ठा कर रही थीं. उन्होंने बताया कि एक अज्ञात स्थान से मोर्टार दागा गया और धमाके में सात महिलाएं घायल हो गयीं.

### नागपुर में ट्रक-कार की भिड़ंत में छह की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर के बाहरी इलाके में शुक्रवार देर रात एक कार और ट्रक के बीच टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना काटोल-कलमेश्वर रोड पर सोनखंब गांव के पास देर रात सवा 12 बजे से दो बजे के बीच हुई. उन्होंने कहा कि कार सवार सातों लोग शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी उनका वाहन सोयाबीन ले रहे ट्रक से टकरा गया.

### राघवेंद्र सिंह मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव नियुक्त

**भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी राघवेंद्र कुमार सिंह को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है. इस आशय का आदेश शुक्रवार रात जारी किया गया. सरकारी आदेश के अनुसार, 1997 बैच के आईएएस अधिकारी सिंह 1994 बैच के आईएएस अधिकारी मनीष रस्तोगी का स्थान लेंगे. रस्तोगी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रमुख सचिव थे. सिंह इस पद पर नियुक्त होने से पहले खनन विभाग के प्रधान सचिव थे.

### पाकिस्तान में चुनाव के लिए कार्यक्रम जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव में देरी करा सकने वाले निचली अदालत के फैसले को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के कुछ घंटों बाद आठ फरवरी के लिए आम चुनावों का कार्यक्रम जारी कर दिया गया. पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार रात को चुनाव कार्यक्रम जारी किया. इससे कुछ ही घंटों पहले उच्चतम न्यायालय ने आम चुनाव के लिए नौकरशाहों को निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को स्थगित करने वाले लाहौर उच्च न्यायालय के निर्णय को खारिज कर दिया गया था.

### अमेरिका ने यूनान को 30 प्राचीन वस्तु लौटाईं

**एथेंस।** अमेरिका ने यूनान को 30 प्राचीन वस्तुएं लौटा दीं हैं जिनमें संगमरमर की बनी मूर्तियां, सिर के कवच और युद्ध के दौरान पहने जाने वाले शरीर के कवच शामिल हैं. माना जाता है कि इन वस्तुओं को यूनान से अवैध तरीके से ले जाया गया था. इन वस्तुओं को शुक्रवार को न्यूयॉर्क में यूनानी अधिकारियों को सौंपा गया और ये 4,700 साल पुराने अर्थात मध्यकालीन युग तक की हैं. मैनहट्टन जिला अटॉर्नी (डीए) एल्विन ब्रैग ने बताया कि इनका मूल्य 37 लाख अमेरिकी डॉलर है.

## मोदी और ओमान के सुल्तान के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता

# आतंकवाद पर साझा चिंता साझेदारी पर बनी सहमति

भाषा। नई दिल्ली

अरब दुनिया के सबसे पुराने स्वतंत्र राज्य ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अपनी पहली राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं. शनिवार सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. इसके बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक दिल्ली के हैदराबाद हाउस पहुंचे. दोनों नेताओं ने मुलाकात की. यहां इनके बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई.

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि दोनों देशों ने ओमान में सूचना और तकनीक, संस्कृति, वित्तीय अपराध से निपटने, हिंदी चेयर आईसीसीआर में एमओयू पर हस्ताक्षर किए. चर्चा आतंकवाद पर साझा चिंता, हरित ऊर्जा, सुरक्षा सहयोग, क्रिकेट के माध्यम से लोगों के बीच संबंधों सहित कई विषयों पर हुई, यह रचनात्मक थी. ओमान के सुल्तान ने सफल जी20 के लिए पीएम मोदी को बधाई दी. फलस्तीन मुद्दे पर दो-राष्ट्र समाधान के प्रयास को लेकर भी चर्चा हुई.

**हैदराबाद हाउस में शिष्टमंडल स्तर की वार्ता हुई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के बीच दिल्ली के हैदराबाद हाउस में शिष्टमंडल स्तर की वार्ता हुई. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मुझे आपका भारत में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है. आज ओमान-भारत संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि 26 वर्षों के बाद ओमान के सुल्तान राजकीय यात्रा पर भारत आए हैं. मुझे आपका स्वागत करने का अवसर मिला है. भारत के लोगों की ओर से मैं आपका स्वागत करता हूं. उन्होंने आगे कहा कि आज हम एक नए भारत-ओमान संयुक्त दृष्टिकोण को अपना रहे हैं. भविष्य के लिए एक साझेदारी को अपना रहे हैं. इस संयुक्त दृष्टि में, दस विभिन्न क्षेत्रों में ठोस कार्य बिंदुओं पर सहमति व्यक्त की गई है. मुझे विश्वास है कि संयुक्त विजन हमारी साझेदारी को एक नया और आधुनिक आकार देगा. मुझे खुशी है कि सीईपीए समझौते पर चर्चा चल रही है और दो दौर की चर्चा सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी है.

मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही इस समझौते पर हस्ताक्षर करने में सक्षम होंगे जो हमारे आर्थिक सहयोग में एक नया आयाम जोड़ेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि पिछले महीने ओमान ने 2024 में होने वाले टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया. मैं आपको इसके लिए बधाई देता हूं.



### दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने का प्रयास

बता दें कि इसी साल विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ओमान दौरे पर गए थे. 18-19 अक्तूबर के उनके दौरे के बाद सुल्तान भारत दौरे पर पहुंचे हैं. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने उनके भारत पहुंचने पर कहा कि उनके इस दौरे से भारत और ओमान के संबंधों को और मजबूती मिलेगी. दोनों देशों के बीच परस्पर सहयोग और दोस्ती को प्रगाढ़ करने में भी यह दौरा बेहद कारगर साबित होगा. बता दें कि ओमान ने 150 से अधिक कार्य समूह बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया. जी20 देशों की मंत्रिस्तरीय बैठकों में ओमान के नौ मंत्रियों ने भाग लिया था.

# यूजीसी ने एडटेक कंपनियों को चेताया

भाषा। नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोगात्मक व्यवस्था के तहत डिग्री प्रदान करने वाली एडटेक कंपनियों और कॉलेजों को चेतावनी दी है, जो उससे मान्यता प्राप्त नहीं हैं. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. यूजीसी ने छात्रों को सतर्क करते हुए कहा है कि ऐसी डिग्री अमान्य होंगी.

छात्रों को आगाह किया है कि वे इस प्रकार के पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला नहीं लें. यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा यह पाया गया है कि कई उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) और महाविद्यालयों ने विदेश के ऐसे शिक्षण संस्थाओं के साथ सहयोग संबंधी समझौते किये हैं जो आयोग से मान्यता प्राप्त नहीं है. वे एचईआई एवं महाविद्यालय छात्रों के लिए विदेशों की डिग्री जारी किये जाने की व्यवस्था कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस तरह के किसी भी प्रकार के सहयोग या व्यवस्था को यूजीसी से मान्यता प्राप्त नहीं है और तदनुसार, ऐसी सहयोगात्मक व्यवस्था के बाद जारी की गयी डिग्रियां भी आयोग से मान्यता प्राप्त नहीं हैं.

**विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर दे रहे हैं ऑनलाइन डिग्री :** यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा कि यूजीसी के संज्ञान में आया है कि कुछ एडटेक कंपनियां कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ मिलकर ऑनलाइन डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रम पेश करने को लेकर समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और टेलीविजन के जरिए विज्ञापन दे रही हैं.

**एचईआई के खिलाफ भी करेंगे कार्रवाई :** जोशी ने कहा कि ऐसी फ्रेंचाइजी व्यवस्था की अनुमति नहीं है और ऐसे किसी भी कार्यक्रम या डिग्री को यूजीसी की मान्यता नहीं होगी. ऐसे मामलों में दोषी सभी एडटेक कंपनियों के अलावा एचईआई के खिलाफ भी लागू नियमों के तहत कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने कहा, छात्रों और आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे उचित सावधानी बरतें और वे ऐसे पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण अपने जोखिम पर करायें.

### ईरान ने इजराइल के जासूस को दी फांसी

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि उसने देश के दक्षिणपूर्व में इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के एक जासूस को फांसी दे दी है. सरकारी टीवी पर शनिवार को यह खबर दी गई है. खबर में कहा गया है कि जासूस के मोसाद समेत विदेशी खुफिया एजेंसियों से संबंध थे और उस पर गोपनीय सूचना साझा करने में शामिल होने का आरोप था. खबर में कहा गया है कि न्यायपालिका ने उस व्यक्ति को दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान की राजधानी जाहेदान की जेल में फांसी दे दी. खबर में व्यक्ति की पहचान जाहिर नहीं की गई है. अप्रैल 2022 में ईरान के खुफिया अधिकारियों ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के बाद कहा था कि उनके मोसाद से जुड़े एक समूह से संबंध हैं.

## महिला नग्न परेड मामला:

# बीजेपी टीम पहुंचीं बेलगावी

भाषा। बेलगावी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का पांच सदस्यीय तथ्यान्वेषी दल एक आदिवासी महिला के साथ मारपीट और उसे नग्न अवस्था में घुमाने के मामले की जानकारी जुटाने के लिए शनिवार को बेलगावी पहुंचा. भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, सुनीता दुग्गल, रंजीता कोली, लॉकेट चटर्जी और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा का एक प्रतिनिधिमंडल सुबह बेलगावी हवाई अड्डे पर पहुंचा.

यह दल पीड़िता से मिलकर उसे सांत्वना देगा और घटना के बारे में विस्तृत जानकारी भी लेगा. बेलगावी के वंटामुरी गांव में महिला के बेटे के अपने ही समुदाय की एक लड़की के साथ भाग जाने के बाद 11 दिसंबर को पीड़िता को एक खंभे से बांध दिया गया था. पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि आठ अन्य अब भी फरार हैं. कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भी इस मामले पर चिंता जताई है.

**पुलिस अधिकारी निलंबित :** न्यायालय ने इस घटना को महाभारत के दौरान द्रौपदी के साथ हुई घटना से भी बदतर बताया क्योंकि उनके बचाव में भगवान कृष्ण आए थे लेकिन बेलगावी घटना में पीड़िता की मदद के लिए कोई नहीं आया. भाजपा सभी जिलों में राज्यव्यापी प्रदर्शन करेगी. मामले में काकती थाने के पुलिस इंस्पेक्टर विजय कुमार सिन्हा को निलंबित कर दिया गया है.

# ड्रोन अटैक में कैमरामैन की मौत

भाषा। दक्षिणी गाजा

दक्षिणी गाजा के एक स्कूल पर शुक्रवार को इजराइली हमले में टीवी नेटवर्क अल जजीरा के एक फलस्तीनी कैमरामैन की मौत हो गयी और गाजा में कार्यरत उसका मुख्य संवाददाता घायल हो गया. टीवी नेटवर्क ने यह जानकारी दी.

नेटवर्क ने बताया कि कैमरामैन समीर अबू दक्का और संवाददाता वाएल दहदौह दक्षिणी शहर खान यूनिस के एक स्कूल में हमला होने के बाद वहां गये थे. जब वे स्कूल पहुंचे तो वहां इजराइली ड्रोन से एक और हमला किया गया, जिसमें अबू दक्का और दहदौह गंभीर रूप से घायल हो गये. अस्पताल में भर्ती



दहदौह ने अल जजीरा को बताया कि वह खून से लथपथ अवस्था में स्कूल से बाहर निकलने में सफल रहा, जहां कई एंबुलेंस कर्मी खड़े थे. उन्होंने वादा किया कि उसके लिए एक और एंबुलेंस आयेगी.

दहदौह ने कहा कि वह चीख रहा था और मदद की गुहार लगा रहा था. अल जजीरा ने बताया कि बाद में शाम को एक एंबुलेंस ने अबू दक्का को निकालने के लिए स्कूल पहुंचने की कोशिश की लेकिन ध्वस्त मकानों के मलबे के कारण सड़कें अवरुद्ध होने की वजह से उसे लौटना पड़ा.

**अब तक 64 पत्रकार मारे गये :** नेटवर्क ने बयान में कहा कि अबू दक्का का खून कई घंटे बहता रहा और शुक्रवार शाम को एक असैन्य सुरक्षा दल ने उन्हें मृत पाया. कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट के अनुसार, सात अक्टूबर को हमास और इजराइल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से 64 पत्रकारों की मौत हो चुकी है, जिनमें 57 फलस्तीनी, चार इजराइली और तीन लेबनानी पत्रकार शामिल हैं.

### नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले वर्ष शुरू होगा

**नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तेजी से जारी निर्माण कार्य की मदद से इसके निर्धारित समय पर तैयार हो जाने और अगले साल से यहां विमान संचालन शुरू हो जाने की उम्मीद है. अधिकारियों ने बताया कि फरवरी-2024 से अभ्यास के तौर पर उड़ानों का संचालन शुरू हो जाएगा. प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने हवाई अड्डे पर निर्माण कार्य का शुक्रवार को निरीक्षण करने के बाद संयुक्त समन्वय समिति की पांचवीं बैठक में कहा कि हवाई अड्डे पर निर्माण काम निर्धारित समय पर पूरा हो जाने की उम्मीद है और इस महत्वपूर्ण परियोजना को समय पर पूरा करने को लेकर सरकार गंभीर है. बैठक में हवाई अड्डे के निर्माण से जुड़े अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की.

# कांग्रेस कल से शुरू करेगी अभियान

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर ऑनलाइन चंदा जमा करने के लिए डोनेट फॉर देश नाम से अभियान शुरू करने का फैसला किया है. पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल का कहना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को इस अभियान की शुरुआत करेंगे.

यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज कोष से प्रेरित है. देश की मुख्य विपक्षी पार्टी 28 दिसंबर को अपने 138वें स्थापना दिवस से पहले इस अभियान के माध्यम से लोगों से 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये या फिर इससे 10 गुने की राशि चंदे के रूप में देने की अपील करेगी. वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस को चंदा एकत्र करने के अपने ऑनलाइन अभियान डोनेट फॉर देश की शुरुआत की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है. यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज कोष से प्रेरित है.

### पार्टी से जुड़े स्वयंसेवक घर-घर जायेंगे

पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि हम लोगों को उस इतिहास को स्वीकारते हुए अंशदान करने के लिए आमंत्रित करते हैं, जो बेहतर भारत के लिए पार्टी की स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतीक है. वेणुगोपाल के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी और सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान को लेकर जागरुकता बढ़ाई जाएगी. उन्होंने कहा कि यह अभियान मुख्य रूप से पार्टी के स्थापना दिवस 28 दिसंबर तक ऑनलाइन रहेगा, जिसके बाद हम जमीनी अभियान शुरू करेंगे. इसके तहत पार्टी से जुड़े स्वयंसेवी घर-घर जायेंगे और प्रत्येक बूथ में कम से कम 10 घरों को लक्षित करके हर घर से कम से कम 138 रुपये का अंशदान सुनिश्चित करेंगे.

## जानकारी जिला और अधीनस्थ अदालतों में जजों की स्वीकृत संख्या है 25, 420

# देश की अदालतों में 5 करोड़ 8 लाख 85 हजार 856 केस लंबित

भाषा। नई दिल्ली

देश के सुप्रीम कोर्ट, 25 हाईकोर्ट, डिस्ट्रिक्ट और अधीनस्थ अदालतों में लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है. लोकसभा में शुक्रवार, 15 दिसंबर को इस संबंध में पूछे जाने पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि वर्तमान समय मे देश की अदालतों में कुल 5 करोड़ केस लंबित हैं. कानून मंत्री के अनुसार एक दिसंबर तक 5 करोड़ 8 लाख 85 हजार 856 केस देशभर की अदालतों में सुनवाई के लिए पड़े हुए हैं. 25 हाईकोर्ट में 61 लाख से ज्यादा केस पेंडिंग बताये गये हैं. कानून मंत्री ने जानकारी दी कि वर्तमान समय में 80 हजार केस सुप्रीम कोर्ट में लंबित



हैं. कहा कि एक जुलाई तक सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केसों की संख्या 69 हजार 766 थी. यह एक दिसंबर तक बढ़कर 80 हजार से पार हो गयी है. छह माह में 10 हजार मुकदमे बढ़ गये. उन्होंने तुलना की कि तीन साल पहले 10 हजार लंबित केस बढ़ने में मार्च 2020 से जुलाई 2023 तक का समय लगा था.

### खास बातें

- 15 जून तक 1.80 लाख केस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुलझे
- 25 हाईकोर्ट में 61 लाख से ज्यादा केस बताये गये पेंडिंग

**जजों की स्वीकृत संख्या 26 हजार:** मेघवाल ने बताया कि भारत की ज्यूडीशियरी में जजों की कुल स्वीकृत संख्या 26 हजार 568 है. कहा कि सुप्रीम कोर्ट में जजों की फुल स्ट्रेंथ 34 है. हाईकोर्ट को लेकर कहा कि यहां जजों की संख्या 1114 है. इसके साथ ही जिला और अधीनस्थ अदालतों में जजों की स्वीकृत संख्या 25,420 है.

### झारखंड ने भी कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू कर दी

कानून मंत्री ने जानकारी दी कि इस साल (2023) 15 जून तक में सुप्रीम कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी मामले सुने. इनमें कुल 1 लाख 82 हजार से ज्यादा मामले सुलझाये गये. अर्जुन राम मेघवाल ने यह भी बताया कि गुजरात, उड़ीसा, कर्नाटक, गुवाहाटी, झारखंड, बिहार और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट ने कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू कर दी है. इसके अलावा कानून मंत्री ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा अब तक 201 न्यायाधीशों की रिक्तियां भरने की अनुशंसा नहीं की गयी. इस क्रम में कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उच्च न्यायालय कॉलेजियम द्वारा प्रेषित 123 प्रस्तावों में से 81 सरकार के स्तर पर प्रक्रिया के विभिन्न चरण में हैं. 42 प्रस्ताव उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम के विचाराधीन हैं. बताया कि 201 रिक्तियां कॉलेजियम द्वारा भेजे गये 123 नामों से इतर हैं. इसमें सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा सिफारिशें नहीं भेजी गयी है.

# सिंगापुर में फिर बढ़े कोरोना केस, मास्क लगाने की अपील

भाषा। सिंगापुर

सिंगापुर में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, ऐसे में देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क लगाने की अपील की है. मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि तीन से नौ दिसंबर तक कोविड-19 के मामले बढ़कर 56,043 हो गए, जो पिछले सप्ताह 32,035 थे, इस प्रकार से संक्रमण के मामले 75 प्रतिशत बढ़े हैं.

चैनल न्यूज एशिया की एक खबर के अनुसार संक्रमण से अस्पताल में भर्ती होने वालों की औसत दैनिक संख्या 225 से बढ़कर 350 हो गई. गहन देखभाल इकाई में औसत दैनिक मामले चार से बढ़कर नौ हो गए हैं. संक्रमण के इन मामलों में अधिकतर मामले जेएन.1 वैरिएंट के हैं जो बीए.2.86 का सबलीनिएज (उपवंश) है. मंत्रालय ने लोगों से व्यक्तिगत तथा सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की और कहा कि जिन लोगों में श्वसन से जुड़े संक्रमण के लक्षण हैं वे घरों से बाहर नहीं निकलें और लोगों के संपर्क में नहीं आएं.

मंत्रालय ने साथ ही कहा कि यात्रा कर रहे लोगों को हवाई अड्डों पर मास्क लगाना चाहिए, यात्रा बीमा कराना चाहिए और उन स्थानों पर आने जाने से बचना चाहिए जहां हवा आने-जाने की उचित व्यवस्था नहीं हो.

**ऐतिहासिक मेला :** सिमडेगा के सदर प्रखंड में 110 वर्षों से निरंतर हो रहा है जतरा मेले का आयोजन

# दो दिवसीय प्राचीन अघन पंचमी तामड़ा जतरा का हुआ शुभारंभ

संवाददाता । सिमडेगा

सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में ऐतिहासिक अघन पंचमी के मौके पर लगने वाले जतरा मेले की शुरुआत शनिवार को हुई. मेले के शुरुआत विधि विधान के साथ ग्राम देवी की पूजा करने के बाद हुई. सर्वप्रथम गांव के पहान धर्मनाथ खड़िया के द्वारा विधि विधान के साथ पूजन करते हुए क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना एवं अच्छी फसल के लिए भगवान को धन्यवाद दिया. जिसके बाद मेले का विधिवत रिबन काटकर उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सफीक खान, उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग सिकंदर एवं केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली एवं वकील खान ने किया गया. इस दौरान आगंतुक अतिथियों को अंग वस्त्र देकर समिति के द्वारा स्वागत किया गया .मौके पर मेला के शुभारंभ के पश्चात अपने संबोधन में झामुमो जिला सचिव ने कहा 110 सालों से लगने वाला इस ऐतिहासिक मेले का जिस प्रकार से दिन प्रतिदिन भव्य तरीके से आयोजन किया जा रहा है, यह सराहनीय है .उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हमारा प्रयास रहेगा कि अपनी सभ्यता और संति को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि यह मेला सिमडेगा जिला का सबसे प्राचीन है ,जिसे प्रशासन और हम सभी मिलकर संरक्षित करने का प्रयास करेंगे. मौके पर आए हुए कई वक्ताओं ने भी अपनी-अपनी बातें रखी.


दो दिवसीय प्राचीन अघन पंचमी तामड़ा जतरा का शुभारंभ.

### हजारों की संख्या में उमड़ी लोगों की भीड़

मेले का आनंद उठाने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी. मेले में बच्चों के लिए मनोरंजन के कई प्रकार के साधन, जैसे नव झूला, जंपिंग मिकी माउस, बच्चों के छोटे-छोटे मनोरंजन की चीज खिलौने, सहित दूर-दूर से आए दुकानदारों की सुंदर-सुंदर दुकानें सजी.

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज

रविवार सुबह 11:00 बजे से जतरा स्थल में झारखंड के कई बड़े कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. वहीं शाम 7:00 बजे कार्यक्रम की समाप्ति के साथ ही दो दिवसीय मेले का समापन किया जाएगा.

आओ जानें

## 17 दिसंबर का इतिहास

- 1398- मंगोल सम्राट तैमूरलंग ने दिल्ली पर कब्जा किया.
- 1715- सिखों के प्रमुख बंदा बहादुर बैरागी ने गुरुदासपुर में मुगलों के सामने आत्मसमर्पण किया.
- 1903- राइट बंधुओं ने 'द फ्लायर' नामक विमान पहली बार उड़ाया था.
- 1928- लाला लाजपत राय की हत्या का बदला लेने के लिए भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने उन पर लाठी चार्ज करने वाले सांडर्स की हत्या कर दी.
- 1931- कोलकाता में ''भारतीय सांख्यिकी संस्थान'' की स्थापना हुई.
- 1940- महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन स्थगित किया.

# लाहौर में धुंध से निपटने के लिए पहली बार हुई कृत्रिम बारिश

**यूएई मेहरबान**

- लाहौर के लगभग 10 प्रतिशत क्षेत्रों में कराई गई बारिश
- सरकार धुंध से निपटने के लिए कोई भी उपाय करने को तैयार

एजेंसी। लाहौर

दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक लाहौर में शनिवार को पहली कृत्रिम बारिश कराई गयी. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मदद से धुंध से निपटने के लिए किए गए पाकिस्तान की पंजाब सरकार के एक प्रयोग के बाद यह बारिश कराई गई है.

पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लाहौर के 10 इलाकों में किया गया यह प्रयोग सफल रहा. उन्होंने कहा कि आज लाहौर के लगभग 10 प्रतिशत क्षेत्रों में 'क्लाउड सीडिंग' प्रयोगों के कारण बारिश हुई. उन्होंने कहा कि 'क्लाउड सीडिंग' के लिए कम से कम 48 'फ्लेयर' तैनात किए गए थे. उन्होंने कहा कि 15 किलोमीटर के दायरे में 10 इलाकों में हल्की बारिश देखी गई. प्रयोग के नतीजों का और आकलन किया जा रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा, "कृत्रिम बारिश के लिए एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ. धुंध से निपटने के लिए सरकार कोई भी उपाय करने को तैयार है. उन्होंने प्रांतीय राजधानी में धुंध को खत्म करने के लिए कृत्रिम बारिश कराने में मदद के लिए यूएई सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया. पिछले महीने, स्थानीय मीडिया ने बताया था कि पाकिस्तान अपने पंजाब प्रांत के लाहौर में चीन की मदद से कृत्रिम बारिश को लेकर प्रयोग करने की योजना बना रहा है और इस परियोजना पर 35 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया था.



**यूएई ने नहीं लिया एक पैसा**

बीते दिनों ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तान कृत्रिम बारिश कराने के लिए चीन की मदद ले सकता है, इसके लिए 35 करोड़ रुपये का खर्च आएगा. मगर यूएई ने पाकिस्तान की तंगहाली पर तरस खाते हुए कृत्रिम बारिश कराने के लिए एक भी पैसा नहीं लिया. पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि कृत्रिम बारिश के लिए एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ. हालांकि, धुंध से निपटने के लिए सरकार कोई भी उपाय करने को तैयार है. उन्होंने प्रांतीय राजधानी में धुंध को खत्म करने के लिए कृत्रिम बारिश कराने में मदद के लिए यूएई सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया.

# झारखंड में ठंड का कहर जारी कई जिलों मे पारा 10 से कम


गढ़वा में सबसे अधिक ठंड

संवाददाता । रांची

**खास बातें**

- अगले तीन दिनों तक मौसम में नहीं होंगे बड़े बदलाव
- 20 दिसंबर से तापमान में गिरावट होने के आसार

झारखंड में ठंड आने वाले दिनों में और सताएगी. राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन इसके बाद अगले दो दिन इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है. पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. उच्चतम तापमान 27.8 डिग्री चाईबासा में जबकि न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया. वहीं शुक्रवार को रांची का अधिकतम तापमान 23.2 और न्यूनतम तापमान 8.2 था. जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम 11.2 रहा. डालटनगंज का अधिकतम तापमान 27.2 और न्यूनतम तापमान 8.5 रहा. आने वाले चार दिनों में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस तक आने का अनुमान है. आने वाले दिनों में सुबह में कोहरे के बाद आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा. इसके साथ आंशिक बादल छाये रहने का भी अनुमान है. वहीं विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि शहरी क्षेत्र से ज्यादा ग्रामीण और खुले क्षेत्रों में तापमान में गिरावट दर्ज की जाती है. जहां पानी, जंगल या खुले स्थान होते हैं वहां ठंड अधिक महसूस किया जाता है. उन्होंने बताया कि रांची के कांके के कुछ इलाकों में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुकी है. एक मौसम अधिकारी ने शनिवार को बताया कि उत्तरी पश्चिमी हवा के कारण तापमान में यह गिरावट आयी है. उन्होंने कहा कि अगले तीन दिन तक इस तापमान में किसी बड़े बदलाव का अनुमान नहीं है. अधिकारी ने बताया कि इसके बाद उसमें दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है जिससे अगले सप्ताह शीतलहर जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है. इसके बाद 20 दिसंबर से तापमान में और गिरावट आ सकती है.


राज यू ट्यूब चैनल से जोया सीरीज के तहत जारी किया जा रहा गीतों का एलबम

# क्रिसमस के मौके पर रिलीज हुआ टिम टिम तारा म्यूजिक वीडियो






संवाददाता। रांची

हर साल दिसंबर महीने में क्रिसमस के शुभ अवसर पर जोया सीरीज द्वारा क्रिसमस गीत-संगीत का एक से बढ़ कर एक ऑडियो - वीडियो लांच किया जाता रहा है. जोया सीरीज का प्रयास रहता है कि हर त्योहार के मौके पर कुछ नया करे. और इसी इनोवेशन के तहत लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए सुंदर और मनमोहक गीत-संगीत से सजा ऑडियो -वीडियो एलबम प्रस्तुत करता रहा है. झारखंड के प्रसिद्ध गीतकार बिल्चू कुमार ने एक से बढ़ कर मनमोहक गीतों को अपने शब्दों से पिरोया है और उनकी गीतों को म्यूजिक से बबलू स्टूडियो ने सजाते हुए तैयार किया गया है. इस साल क्रिसमस के मौके पर तैयार उनके ऑडियो - वीडियो की काफी डिमांड हो रही है. जिस ढंग से वीडियो एलबम तैयार कर प्रस्तुत किया गया है, वह काफी आकर्षक है और लोगों द्वारा उसे काफी पसंद किया जा रहा है. गीतकार बिल्चू कुमार के अनुसार इस बार क्रिसमस के मौके पर टिम - टिम तारा नामक वीडियो एलबम प्रस्तुत किया गया है. इस वीडियो के लिए उन्होंने काफी मनोयोग से गीत लिखे हैं, जबकि म्यूजिक देकर बबलू स्टूडियो ने उसमे चार चांद लगा दिया है.

उन्होंने बताया कि इस वीडियो को बहुत ही लाजवाब तरीके से फिल्माया गया है. इस एलबम के लोकेशन्स भी काफी मनमोहक हैं. झारखंड के बेहतरीन डायरेक्टर सह एक्टर मोनू राजू ने वीडियो तैयार करने में अहम भूमिका निभाई है. उनके निर्देशन में ही वीडियो एलबम तैयार किया गया है. एलबम तैयार करने के लिए वीडियोग्राफी के साथ ही साथ एडिटिंग आकाश लोहरा ने की है. म्यूजिक वीडियो में कोरियोग्राफर की जिम्मेवारी भी रवि लोहरा ने ही निभाई है.

प्रोड्यूसर जोया एक्का और संतोषी दिनकर ने बताया कि राज यू ट्यूब चैनल द्वारा जोया सीरीज के तहत गीतों का एलबम जारी किया जा रहा है. वीडियो दिन -रात मिला कर चर्च परिसर के दुल्हन बैंक्वेट हॉल में फिल्माया गया है. जल्द ही बहुत सारे अच्छे-अच्छे आधुनिक वीडियो एलबम जोया सीरीज में आनेवाले हैं. यू ट्यूब पर जोया सीरीज के गीत-संगीत से सजे ऑडियो-वीडियो एलबम उपलब्ध हैं. जोया सीरीज चैनल के गीत-संगीत के ऑडियो- वीडियो एलबम देखने के लिए चैनल को सब्सक्राइब भी किया जा सकता है. उन्होंने बताया क्रिमसस के बाद अब नए साल के मौके पर भी ऑडियो-वीडियो एलबम तैयार किए जाएंगे.

A MEDIA MARKETTING INITIATIVE


**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# साइबर सिक्योरिटी की पढ़ाई कर युवा बना सकते हैं अपना कॅरियर



एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद

साइबर सिक्योरिटी के अंतर्गत एथिकल हैकर्स की एक बड़ी टीम होती है, जो आपका डेटा चोरी होने, डेटा डिलीट होने या आपके किसी भी डिवाइस को नुकसान होने से बचाते हैं, इसे इनफार्मेशन सिक्योरिटी और टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी के नाम से भी जाना जाता है. साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट का मुख्य काम होता है इंटरनेट पर साइबर हमलों को रोकना और सिस्टम डेटा को सुरक्षित रखना साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट बनने के लिए कई तरह के कोर्स उपलब्ध है. ये इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी से जुड़ा कोर्स है. इन कोर्स के माध्यम से आप देश की सिक्योरिटी का भी हिस्सा बन सकते हैं. साइबर सिक्योरिटी, आईटी सेक्टर का बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है. इसमें छात्रों को अलग-अलग कोर्सेज के माध्यम से साइबर क्राइम को रोकने और सिक्योरिटी के लिए आवश्यक स्किल्स और नॉलेज दी जाती है.

### साइबर सिक्योरिटी कोर्स में विषय

**साइबर सिक्योरिटी के माध्यम से आपके सिस्टम के डेटा को सुरक्षित रखा जाता है. साइबर सिक्योरिटी कोर्स में साइबर सुरक्षा, साइबर कानून, नेटवर्किंग की बुनियादी, क्रिप्टोग्राफी, फायरवॉल का परिचय के साथ-साथ और भी कई विषय शामिल है, जो इस प्रकार हैं:**

- इंट्रोडक्शन टू साइबर सिक्योरिटी
- सायबर लॉ
- बेसिक्स ऑफ नेटवर्किंग
- क्रिप्टोग्राफी
- फायरवॉल
- सोशल मीडिया एंड विंडोज सिक्योरिटी
- स्मार्टफोन सिक्योरिटी गाइडलाइंस
- ऑनलाइन बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड और यूपीआई सिक्योरिटी
- माइक्रो एटीएम, ई-वॉलेट और पीओएस सिक्योरिटी
- इन्फॉर्मेशन डेस्ट्रॉयिंग एंड रिट्रीवल टूल
- डाटा कलेक्शन एंड प्रोसेसिंग
- सिक्योरिटी स्ट्रैटेजीज़
- ऑपरेशनल सेफ्टी मैनेजमेंट
- रोल ऑफ मिडिलमैन
- सिक्योरिटी इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी




### जॉब प्रोफाइल्स

यदि आपने साइबर सिक्योरिटी की पढ़ाई पूरी कर ली है, तो आपको आसानी से जॉब मिल सकती है क्योंकि हर क्षेत्र में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स की आवश्यकता होती है. सबूक, व्हाट्सअप, ट्वीटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, देश की सुरक्षा व्यवस्था, फौज आदि इन सभी को साइबर एक्सपर्ट्स की जरूरत होती है, जिससे इनका डेटा सुरक्षित रहे.

### कोर्सेज के लिए विदेशी यूनिवर्सिटीज

- कार्डिफ विश्वविद्यालय
- टफ्ट्स विश्वविद्यालय
- मैरीलैंड विश्वविद्यालय
- वर्जीनिया पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूट एंड स्टेट यूनिवर्सिटी
- जॉर्जिया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी
- इलिनोइ यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी
- दक्षिण ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय
- कोवेंट्री विश्वविद्यालय
- एस्टन विश्वविद्यालय
- रोचेस्टर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय
- टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय
- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय
- जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय
- सिराकस यूनिवर्सिटी
- बोस्टन विश्वविद्यालय
- ह्यूस्टन विश्वविद्यालय
- जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय
- ब्रिटिश कोलंबिया यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी
- सुंदरलैंड विश्वविद्यालय

### कोर्सेज के लिए योग्यता

- छात्रों को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10 2 उत्तीर्ण करनी होगी.
- साइबर सिक्योरिटी कोर्सेज के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित आवश्यक विषयों के रूप में होनी चाहिए. छात्रों के पास 10 2 में कम से कम 50% अंक होनी चाहिए.
- बीटेक साइबर सिक्योरिटी कोर्सेज में एडमिशन के लिए आपको जेईई मेन्स, बीआईटी एसएटी, एपी ईएएमसीईटी, जेईई एडवांस जैसी प्रवेश परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना होगा. विदेश में साइबर सिक्योरिटी के बैचलर्स डिग्री प्रोग्राम में एडमिशन लेने के लिए कोई प्रवेश परीक्षा देने की जरूरत नहीं होती है.
- साइबर सिक्योरिटी कॉलेज में बीएससी के लिए एडमिशन मेरिट लिस्ट के आधार पर होता है.

### आवश्यक दस्तावेज

- पासपोर्ट साइज फोटो
- पासपोर्ट फोटोकॉपी
- सभी आधिकारिक शैक्षणिक ट्रांसक्रिप्टस और ग्रेड कार्ड
- निबंध (यदि आवश्यक हो)
- पोर्टफोलियो (यदि आवश्यक हो)
- सीवी / रिज्यूमे
- अंग्रेजी भाषा कुशलता परीक्षा के अंक
- सिफारिश पत्र या लोअर
- स्टेटमेंट ऑफ पर्पस
- बैंक विवरण

### कोर्सेज के लिए भारतीय यूनिवर्सिटीज

- कालीकट विश्वविद्यालय
- नाइलिट दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- ब्रेनवेयर यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर
- पीएसजी टेक कोयंबटूर
- हिट्स चेन्नई
- एसआरएम विश्वविद्यालय, चेन्नई
- स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, कोलकाता
- निमास कोलकाता

### विदेशी विश्वविद्यालय के लिए आवेदन प्रक्रिया

- ✓ आपकी आवेदन प्रक्रिया का फर्स्ट स्टेप सही कोर्स चुनना है.
- ✓ हमारे एक्सपर्ट्स से कॉन्टैक्ट के पश्चात वे हमारे कॉमन डैशबोर्ड प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई विश्वविद्यालयों की आपकी आवेदन प्रक्रिया शुरू करेंगे.
- ✓ अगला कदम अपने सभी दस्तावेजों जैसे एसओपी, निबंध, सर्टिफिकेट्स और लोअर और आवश्यक टेस्ट स्कोर जैसे IELTS, TOEFL, SAT, ACT आदि को इकट्ठा करना और सुव्यवस्थित करना है.
- ✓ एप्लीकेशन और सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद, एक्सपर्ट्स आवास, छात्र वीजा और छात्रवृत्ति / छात्र लोन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करें.
- ✓ अब आपके प्रस्ताव पत्र की प्रतीक्षा करने का समय है जिसमें लगभग 4-6 सप्ताह या उससे अधिक समय लग सकता है. ऑफर लेटर आने के बाद उसे स्वीकार करके आवश्यक सेमेस्टर शुल्क का भुगतान करना आपकी आवेदन प्रक्रिया का अंतिम चरण है.

### भारतीय विश्वविद्यालय के लिए आवेदन प्रक्रिया

- ✓ सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- ✓ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- ✓ फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- ✓ अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- ✓ इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- ✓ यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)